ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 05 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-49 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### पोता ने की दादी की हत्या, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र की झिकिरिमा पंचायत के बनईडेगा पटटांगर गांव निवासी जुलियाना एक्का (65) की उसके ही पोता अमृत एक्का (24) ने हत्या कर दी। अमृत ने अपनी दादी को लकड़ी के डंडे से बड़ी बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना रविवार देर रात की है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार घटना के पीछे का मुख्य कारण पिता व पुत्र में लड़ाई को बताया जा रहा है। बीच बचाव में दादी आ गयी, तो पोता अमृत एक्का ने उसके सिर पर लकड़ी के डंडा से वार कर दिया गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। ईधर पालकोट थाना की पुलिस को घटना की गुप्त सूचना मिलने पर एसआइ संदीप राज दल बल बल के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गुमला सदर अस्पताल में कराया। इसके बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं हत्या के आरोपी पोता अमृत एक्का को गिरफ्तार कर सोमवार को गुमला जेल भेज दिया।

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित सशरीर कोर्ट में हुए पेश

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित कोर्ट में सशरीर पेश हुए। आरोपितों में मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े, विनोद सिन्हा शामिल थे। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपितों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ ट्रायल पर रोक का आदेश दिया है। इसलिए अन्य आरोपितों के मामले भी फिलहाल स्थगित की जाए। आरोपितों का आग्रह सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच जनवरी की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी अधिवक्ता भानु ने दी। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। इस पूरे मामले की जांच सीबीआई और ईडी ने की है।

### आईएएफ का प्रशिक्षु विमान दुर्घटनग्रस्त, दो पायलट की मौत, उड्डयनमंत्री ने दुख जताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेलंगाना में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का प्रशिक्षु विमान सोमवार सुबह को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। नागर उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक जताते हुए लिखा है कि हैदराबाद में भारतीय वायुसेना के ट्रेनी एयर-क्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त होने से दोनों पायलट के दिवंगत होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। यह न केवल उनके परिजनों की निजी क्षति है बल्कि पूरे देश के लिए शोक का कारण है। भगवान, दोनों सपूतों को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके शोकाकुल परिजनों को इस दुःख से उबरने की शक्ति दें।

### नीतीश कुमार की तबीयत खराब मेडिकल बुलेटिन जारी करने की मांग



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत इन दिनों खराब बताई जा रही है। इस कारण पिछले कई दिनों से वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर नहीं आ रहे हैं। दूसरी तरफ एनडीए के नेता सीएम की तबियत खराब होने पर चिंतित नजर आ रहे हैं। नीतीश कुमार की तबियत खराब होने से एनडीए के नेता 'चिंतित' हैं और मेडिकल बुलेटिन जारी करने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सोमवार को एक्स पर लिखा, पिछले 10 दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत खराब है। उनको कुछ हुआ भी है या फिर सिर्फ उनके साथ राजनैतिक साजिश चल रही है? उन्होंने आगे लिखा, नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी होना चाहिए, जिससे पता चले कि उनकी स्थिति कैसी है? केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने मांझी के पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए लिखा, नीतीश कुमार केवल एक गठबंधन के मुख्यमंत्री नहीं बल्कि पूरे बिहार के मुख्यमंत्री हैं। इसलिए जीतन राम मांझी की चिंता जायज है और इसकी हमे भी चिंता हैं। इस बीच, जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने इसे निचले स्तर की राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि यह निचले स्तर की राजनीति का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को लेकर अनर्गल टिप्पणी की जा रही है।

# पलामू में अवैध तरीके से घरों के साथ गांव को भी खरीद लिये भू-माफिया

- तीन पुश्तों से रह रहे सैकड़ों आदिवासियों पर गांव खाली करने का बना रहे दबाव
- विरोध-प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने लगाई गुहार

संजीव कुमार प्रजापति

**सगालीम।** पलामू में भू-माफियाओं का बोलबाला इतना बढ़ गया है कि फर्जी दस्तावेज के सहारे घरों के साथ वे पूरे गांव को खरीदने से बाज नहीं आ रहे हैं। यही नहीं भू-माफिया पैसे के बल पर सरकारी कर्मचारी को मिलाकर गांव में बसे आदिवासी-दलित परिवार के सैकड़ों लोगों को उजाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जब वे अपनी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं हो रहे हैं तो उन्हें गलत केस में फंसा दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन कर जिला प्रशासन व सरकार से न्याय की गुहार लगाई है। मामला पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत के माहे-डेमा गांव का है। यहां लगभग डेढ़ सौ से अधिक दलित-आदिवासी तीन पुश्तों से अपनी खतियानी जमीन पर घर बनाकर रह रहे हैं। प्रदर्शन कर रहीं सरिता देवी, विनय सिंह, बानो देवी, मुन्ना कुंवर, आशा देवी, भूखन भुइयां, कविता देवी, रुपनी देवी, मालती देवी, नकुन सिंह, नारो भुइयां, अनिल भुइयां, शंभू भुइयां, गनैरी उरांव, विरेंद्र सिंह, संजय भुइयां, विशुनदेव उरांव, नानहो उरांव, राजनाथ उरांव, निर्मल उरांव, सुरेश भुइयां, नंदू भुइयां शेष पृष्ठ 11 पर





### जमीन विवाद में महिला समेत दो की हो चुकी है हत्या

ग्रामीणों ने बताया कि जमीन विवाद में अब तक महिला समेत दो लोगों की हत्या हो चुकी है। हत्या भू-माफियाओं के द्वारा कराई गई थी। प्रशासन द्वारा हत्या मामले में भू-माफियाओं की गिरफ्तारी भी की गई थी, लेकिन पैरवी व पैसे के बल पर वे छूट गए। गांव के दुलरी देवी व गणेश भुइयां की हत्या उग्रवादी संगठन की आड़ में भू- माफियाओं द्वारा तीस साल पहले इसी जमीन को लेकर करा दिया गया है। आज भी वहां रहने वाले डर के साये में रहने को विवश हैं।

### कतई नहीं होगा बर्दाश्त : विधायक

मामले की जानकारी मिलने पर पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता तत्काल वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने उनसे अपनी व्यथा सुनाई। विधायक ने कहा कि माहे-डेमा गांव से ग्रामीणों को उजाड़ने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। यह कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में आदिवासियों को पट्टा दिलाने के लिए आवाज उठाई जाएगी।

> इस संबंध में ग्रामीणों की तरफ से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। इसके बाद भी मामले को संज्ञान में लिया जा रहा है। तत्काल अमीन व अंचल निरीक्षक को मौके पर भेजकर मामले की जानकारी हासिल की जाएगी। साथ ही मंगलवार को ही होटाई पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। ऐसे में वे खुद वस्तुस्थिति से अवगत होंगे
>
> **राजा कुंवर सिंह, बीडीओ पांकी**

**राइडर : केंद्र ने रोक रखा है एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड : सीएम**

# शीघ्र निकाला जाएगा 40 हजार बहाली का विज्ञापन

- 336 करोड़ की 147 योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन
- 64728 लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण





**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि शीघ्र ही जेपीएससी के माध्यम से 40 हजार बहाली का विज्ञापन निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए हमारी सरकार फिक्रमंद है। हम चाहते हैं उन्हें राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाए। कहा इसमें केंद्र सरकार का सहयोग बेहद जरूरी है लेकिन केंद्र ने हमारा एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड रोक रखा है। झारखंड से कोयला लिया जाता हैब लेकिन रायल्टी का पैसा लटका दिया जाता है। सीएम सोमवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चियों के लिए हमने सावित्री बाई फुले योजना को लागू किया गया है। निर्णय लिया गया कि जिन घरों में एक से अधिक बिटिया भी है तो उनके माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार उसके लिए फिक्रमंद है, सरकार पेंशन से वृद्ध और विधवा बहन को आत्मनिर्भर करने में जुट गई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ने 335.71 करोड़ की लागत से 47 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के 64728 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कई लाभुकों को सांकेतिक चेक भी सौंपा गया।

**अब खुद बिजली उत्पादन करेंगे :** केन्द्र सरकार द्वारा बिजली का 1200 करोड़ रुपए झारखण्ड का ले लिया गया और बिजली उपलब्ध कराने में भी कटौती की जाती रही। लेकिन राज्य सरकार जल्द खुद का बिजली संयंत्र लगाने की कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही है। झारखंड से केंद्र सरकार कोयला लेती है। अगर झारखंड का बकाया रहता है तो लाइन कटना शुरू हो जाता है। जो फंड केंद्र सरकार रोके हुए है उसे नहीं शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य के पैसे को केंद्र ने रोक दिया

सीएम ने कहा कि राज्य के पैसे को केंद्र की मोदी सरकार ने रोक दिया है, एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड रोका हुआ है। अगर ये फंड सरकार देती है तो राज्य में अबुआ आवास योजना का विस्तार होता। गैस सिलेंडर भी कम कीमत में उपलब्ध कराया जाता। युवाओं को उनके घरों में ही रोजगार देते। बेहतर शिक्षा दिया जाता, दस लाख पदों पर बहाली किया जाता। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार ने स्टॉल खोल कर पेंशन नहीं वितरण किया। यह राज्य की जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार में ही हो रहा है। कर्मचारी तक परेशान थे, लेकिन उनके पेंशन योजना को लागू कर परेशानियों को दूर किया गया।

**पलामू सांसद वीडी राम ने संसद में उठाया-**

# बरवाडीह-चुनार पैसेंजर के परिचालन का मामला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में सोमवार को सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत बरवाडीह-चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू करने सहित मेराल रेलवे स्टेशन पर रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना-सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव करने संबंधी जनहित के मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह-चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। इससे पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जनोपयोगी ट्रेन का परिचालन शुरू करने के लिए नागरिक लगातार आवाज उठाते रहे हैं। ऐसे में इस ट्रेन का तत्काल परचािलन शुरू किया जाना निहायत जरूरी है। इसके साथ ही रांची-चोपन व पटना-सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाना भी निहायत जरूरी है। क्योंकि उक्त स्टेशन पर महज गोमो-चोपन पैसेंजर का ही ठहराव होने से क्षेत्रीय नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सांसद की पहल का पलामू के नागरिकों ने तहेदिल से स्वागत किया है।

### राज्यसभा में वाइस-चेयरपर्सन्स के पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा में वाइस-चेयरपर्सन्स के पैनल का पुनर्गठन किया। इस पैनल में फूलो देवी नेताम, एस फांगनॉन कोन्याक, दर्शना सिंह, डॉ. सोनल मानसिंह, डॉ. सस्मित पात्रा के अलावा वी विजयसाई रेड्डी, सुखेन्दु शेखर राय और कार्तिकेय शर्मा को शामिल किया गया है।

**धनबाद जेल में हिस्ट्रीशीटर की हत्या पर झारखंड हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान**

# सरकार से पूछा, जेल में कैसे पहुंचे आर्म्स

**आईजी प्रिजन को आज वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को कहा**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद जेल के भीतर गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि जेल में फायर आर्म्स कैसे पहुंचा और जेल की सुरक्षा में चूक की वजह क्या है? चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को राज्य के आईजी प्रिजन को वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को कहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार इस घटना की समीक्षा कर रही है। शेष पृष्ठ 11 पर

### तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

धनबाद मंडल कारावास में हुई गोली कांड मामले में जांच के लिए जेल आइजी उमाशंकर सिंह ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। समिति के सदस्य धनबाद रवाना हो गए हैं। तीन सदस्यीय कमेटी में दो जेल एआइजी स्तर के पदाधिकारी भी शामिल हैं। जेल आइजी ने कहा है कि इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# सुशासन में सत्ता विरोधी लहर शब्द अप्रासंगिक हो जाता है : मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश ने नकारात्मकता को नकारा है। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद भाजपा को तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत मिला है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस के हाथ से सत्ता छीन ली है। उन्होंने कहा कि जब सुशासन होता है तो सत्ता विरोधी लहर शब्द अप्रासंगिक हो जाता है। इस पर शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे विधानसभा चुनावों में हार की निराशा संसद के अंदर न निकालें और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि इससे उनके प्रति लोगों का नजरिया बदल सकता है। पीएम ने कहा कि ये विपक्ष में बैठे हुए साथियों के लिए सुनहरा मौका है। इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले 9 साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर इस सत्र में अगर सकारात्मकता शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा मुख्यालय में गहमागहमी बढ़ी मुख्यमंत्री के नामों पर हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मिली जीत के बाद हलचल तेज हो चली है। माना जा रहा है कि इन राज्यों के मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा के लिए आज दिन भर बैठकों का दौर चलेगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शाम को बैठक बुलाई है जिसमें मुख्यतौर पर राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा शेष पृष्ठ 11 पर

# एग्जिट पोल्स के दावे एग्जैक्ट पोल से कितने दूर कितने पास?



सुनील बादल

**भारत** में चुनाव परिणामों से पहले ज्योतिषीय भविष्यवाणी की तरह एग्जिट पोल यानी जनमत संग्रह पर आधारित कई तरह के सर्वेक्षण किए जाते हैं जिसकी उत्सुकता राजनेताओं, टीवी चैनलों और बहुत बड़ी संख्या में आम जनता को रहती है । कई बार ऐसे कथित जनमत संग्रह पर आधारित एग्जिट पोल गलत भी साबित हुए हैं और पक्षपात के भी आरोप लगे हैं जिससे विवाद न्यायालयों से लेकर चुनाव आयोग तक जा पहुंचा, जिस कारण चुनावपूर्व और चुनाव संपन्न होने तक इनके प्रचारझ्प्रसार पर रोक के प्रयास भी हुए पर सनसनी और समाचारों की भूख इसपर रोक नहीं लगा पाई। हिंदी के सबसे तेज चैनल ने महीनों तक समाचारों के साथ नीचे घूमती पट्टी चलाई कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बारे में उन्होने न कोई सर्वे कार्या है और न ही उसका प्रसारण क्योंकि बेरोकटोक चल रहे कुछ फर्जी यूट्यूब चैनलों ने इस तरह के सर्वे की रिपोर्ट चला दी थी। भारत में जनमत एकत्र कर उनका विश्लेषण करने वाली एजेंसियों में चाणक्य, सी-वोटर और माइ एक्सिस जैसी कुछ ऐजेंसियां काफी लोकप्रिय हैं। लेकिन आप अगर ताजा विधानसभा चुनावों को लेकर इन तीनों एजेंसियों के एग्जिट पोल की तुलना करें तो जमीन आसमान के जैसा अंतर नजर आता है।

एबीपी सी-वोटर मध्य प्रदेश में भाजपा को 88 से लेकर 112 सीट और कांग्रेस को 113 से लेकर 137 के बीच सीटें दे रहा था तो चाणक्य भाजपा को 151 और कांग्रेस को मात्र 74 सीटें दे रहा था। राजस्थान में भी वही हाल था। वहां एबीपी सी-वोटर भाजपा को 94 से लेकर 114 सीट तक और कांग्रेस को 71 से 91 तक सीटें दे रहा था जबकि चाणक्य के अनुसार राजस्थान में भाजपा को 89 और कांग्रेस को 101 सीटें मिल रही थीं।

ऐसा ही विरोधाभास अन्य एजेंसियों के एग्जिट पोलों में भी है। जब स्वयंभू जनता की नब्ज टटोलू एजेंसियों में इतना भारी अन्तर हो तो फिर वोटर आखिर विश्वास करे तो करे किस पर ? एग्जिट पोलों से अक्सर चुनाव परिणामों से पहले जनता की रुचि का रुझान पता चल जाता है। लेकिन ऐसे भी कई उदाहरण हैं जबकि एग्जिट पोल चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी करने में पूरी तरह झूठे साबित हुए हैं। अभी संपन्न चुनाव परिणामों और एग्जिट पोल पर नजर डालें तो छत्तीसगढ़ में किसी ने भी भाजपा को भारी बहुमत की भविष्यवाणी नहीं की थी । कई सर्वेक्षणकताओं ने तेलंगाना और राजस्थान चुनावों के लिए जो भविष्यवाणी की थी, वह सही साबित हुई। छत्तीसगढ़ को लेकर सही साबित नहीं हुआ सर्वेक्षण। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ने अपने एक्जिट पोल में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत के साथ 46 से 56 सीटें और भाजपा को 30 से 40 के बीच सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। न्यूज 24-टुडेज चाणक्य का सर्वेक्षण भी छत्तीसगढ़ को लेकर सही साबित नहीं हुआ। उसने कांग्रेस द्वारा 57 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने की भविष्यवाणी की थी जबकि भाजपा को 33 सीटें मिलने की बात कही गई थी। जन की बात के मुताबिक भाजपा को 34 से 45 और कांग्रेस को 42 से 53 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की गई थी।

ओपिनियन पोल तो लगता है राजनीतिक दलों के चुनावी प्रोपेगेंडा के ही हिस्से हो गए हैं। सर्वेक्षण तकनीकों का सैद्धांतिक आधार विज्ञान के जिस मॉडल पर टिका है उसकी मान्यता अब लगभग खत्म सी हो गई है. ऑब्जेक्टिव नॉलेज या वस्तुनिष्ठ ज्ञान का दावा तो अब विज्ञान में भी नहीं किया जा रहा है फिर सामाजिक विषयों के अध्ययन में इसे कैसे इसे महत्व शेष पृष्ठ 11 पर

> पूर्व अटॉर्नी जनरल जीई वाहनवती ने सरकार को सलाह दी थी कि चुनाव या जनमत सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने 4 नवंबर 2013 को कहा था कि चुनाव आयोग चुनाव सर्वे पर तभी प्रतिबंध लगा सकता है जब इस संबंध में कोई कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव सर्वेक्षण, अगर वैज्ञानिक और ईमानदार हों तो यह बुरा नहीं है। बीजेपी के पीएम पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने 5 नवंबर, 2013 को जनमत सर्वेक्षण पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के रुख को बचकाना करार दिया था।

# मिजोरम में जेडपीएम को बहुमत, लालदुहोमा बनेंगे सीएम



**आइजोल (एजेंसी)।** पूर्व आईपीएस अधिकारी से नेता बने लालदुहोमा के नेतृत्व वाले जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सोमवार को मिजोरम में पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को करारी शिकस्त दी। मिजोरम के निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा हार स्वीकार करते हुए शाम राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मिलकर अपना त्यागपत्र सौंप दिया। जेडपीएम ने 40 सदस्यीय विधानसभा में 27 सीटें जीत कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। जेडपीएम के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पूर्व आईपीएस लालडुहोमा ने अपनी सीट जीतने के बाद मीडिया को बताया कि वह मंगलवार या बुधवार को राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे और शपथ ग्रहण समारोह भी शीघ्र होगा। सत्तारूढ़ एमएनएफ (मिजो नेशनल फ्रंट) को दस सीटों पर जीत मिली है जबकि भाजपा को दो और कांग्रेस को महज एक सीट पर जीत मिली है। जबकि कांग्रेस ने कई वर्षों तक पहाड़ी सीमावर्ती राज्य पर शासन किया है। विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भगवा पार्टी में शामिल शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### बाइक के धक्के से युवक घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव के समीप रविवार की रात बाइक के धक्के से सत्येन्द्र मेहता (40) घायल हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को रात्रि में ही हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सजवन गांव निवासी सत्येंद्र मेहता रविवार की देर शाम पैदल ही आटा चक्की मिल में गेहूं पिसवाने आये थे। उसी क्रम में बाइक से धक्का लगने से वे घायल हो गये।

### ट्रक व पिकअप की टक्कर में दो घायल

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 98 पर सोमवार को ट्रक व पिकअप की आमने-सामने टक्कर में पिकअप सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बिहार के फेसर स्टेशन पोखराहा गांव निवासी छेदी साव के 45 वर्षीय पुत्र चालक अजय साव व बारून थाना क्षेत्र के कजवा-कुड़वां निवासी कामता सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दीनू कुमार शामिल हैं। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप हरिहरगंज की ओर से जबकि ट्रक छतरपुर की ओर से आ रही थी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

### उताकी में पहुंची सरकार

**पाटन।** प्रखण्ड के उताकी पंचायत मे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा फेज टू शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद् सदस्य संग्राम सिंह, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया प्रतिमा देवी व बीस सूत्री सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में अबुआ आवास को लेकर 530 आवेदन स्वीकार किए गए। शिविर को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

# पूर्व सैनिकों ने मनाया नौसेना दिवस सेवानिवृत्त नौसैनिक सम्मानित

**अपने सेवाकाल में नौसैनिकों को महीनों बगैर समुचित भोजन व शुद्ध हवा-पानी के रहना पड़ता है : कर्नल संजय**

**सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्तव्य पथ पर चलते हुए सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद कार्यालय में क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों ने सोमवार को नौसेना दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी ने वीर शहीद जवानों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुखन सिंह ने जबकि संचालन हवलदार सुधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित नौसेना से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद को अंग वस्त्र, मोमेंटो व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने कहा कि अपने सेवाकाल में नौसैनिकों को महीनों बगैर समुचित भोजन व शुद्ध हवा-पानी के रहना पड़ता है। किंतु उनकी देशप्रेम की भावना सभी कठिनाईयों पर भारी पड़ती है। उन्होंने पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्तव्य पथ पर चलते हुए सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि नौसेना की 1971 के लड़ाई में बहुत बड़ी भूमिका रही थी। जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों ने कराची बंदरगाह को तहस-नहस कर दिया था। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को रायल इंडियन नेवी के नाम को बदल कर भारतीय नौसेना रखा गया। 1971 के युद्ध में आप्रेशन ट्राइडेंट के तहत नौसैनिक जहाजों ने कराची बंदरगाह को तबाह कर दिया था। इसी की याद में 4 दिसंबर को नौसेना दिवस समारोह मनाया जाता है। मौके पर सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सूबेदार महाराज सिंह ,सूबेदार अशरफी पाल, सूबेदार दिलीप मेहता, सूबेदार उदय प्रताप सिंह,अवध माली, प्रसाद सिंह, लोकनाथ केसरी, सीआरपीएफ जवान विनोद राम,सैनिक के परिजन राजेंद्र प्रसाद मौजूद थे।

# कार्यपालक अभियंता ने विद्युत चोरी के मामले में जेई को निर्दोष बताया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विद्युत विभाग छतरपुर डिविजन के कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने हरिहरगंज के विद्युत कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद को विद्युत चोरी के मामले में निर्दोष बताया है। मालूम हो कि उक्त मामले में कनीय अभियंता के खिलाफ पिछले दिनों कार्यपालक अभियंता ने ही हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सोमवार को विद्युत सब स्टेशन हरिहरगंज में आयोजित वार्ता में कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पिछले दिनों जेई द्वारा लिया गया शट डाउन आरोपित उपभोक्ता का कनेक्शन जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि आपूर्ति जांच के लिए लिया गया था। गलतफहमी के कारण थाने में शिकायत की गई थी। इस मामले में सघन जांच के अभाव में प्राथमिक दर्ज होने से कनीय अभियंता की छवि धूमिल हुयी। इसके लिए विभाग खेद प्रकट करते हुए हरिहरगंज थाना में इनके निर्दोष होने का सुधि पत्र भी प्रेषित किया है। वहीं उपस्थित कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद ने बताया कि मानव दिवस कर्मी अनिल कुमार सिंह को विभाग से कार्य मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि उक्त मानव दिवस कर्मी से विभागीय कार्य संबंधी किसी प्रकार का लेनदेन ना करें। मौके पर मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार, उमेश विश्वकर्मा, जावेद आलम, अजय मेहता आदि उपस्थित थे।



### सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो गंभीर



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द स्थित मध्य विद्यालय के समीप एनएच-98 पर सोमवार की रात हाईवा की टक्कर से बाइक सवार महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार महिला-पुरूष छतरपुर की ओर से आ रहे थे। तभी पीछे से आ रहे हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों का सर फट गया तथा वे अचेत हो गये। स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि दोनों घायलों को नामपता नहीं चल पाया है। वही हाईवा को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का आयोजन

# कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के रेवारातू पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसका उद्घाटन प्रमुख रीमा देवी, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय व मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में गुरुजी क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास ,आपूर्ति विभाग,कृषि, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आयुष्मान भारत कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, राजस्व समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कृषि सह कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र बैठा, रजनीकांत, मो. अदनाम, इरशाद अंसारी उपस्थित थे।




### आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को आजसू नेताओं ने बताया फ्लॉप



**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के बेलौदर गांव में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों की समस्या जानने के बाद आजसू के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, नगर सचिव इस्तेखार आलम, प्रखंड सचिव इरशाद आलम व मंजूर आलम आदि नेताओं ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत व नगर पंचायत में भारी-भरकम राशि खर्च कर भोले-भाले नागरिकों को ठगने का काम किया जा रहा है। इसके पूर्व भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का ग्रामीण अंचलों में आयोजन किया जा चुका है। किंतु उसका नागरिकों को लेशमात्र भी लाभ नहीं मिला है। शिविर में दिया गया लोगों का कंप्यूटर या रजिस्टर से आज तक आगे नहीं बढ़ सका है। झारखंड सरकार केवल टाइम पास कर रही है। आम जनता के हित से उसका कोई लेना-देना नहीं है।

### नगर पंचायत के वार्डों में शिविर आयोजित

हरिहरगंज नगर पंचायत के बेलोदर में सोमवार को वार्ड नंबर 12, 13 तथा 14 के लिए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लगे अलग-अलग स्टालों पर लोगों ने कतारबद्ध होकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा कई मामलों का आन द स्पाट निराकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों में कंबल का वितरण भी किया गया। वहीं शहरी पीएम आवास, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि के लिए आवेदन स्वीकृत किये गये। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक अजमल हुसैन, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी, सीएलटीसी संजय राणा, सीआरपी शाहदा अंजुम, सीएचओ अनिमा मिंज, एएनएम शैलेश्वरी सिन्हा मौजूद रहीं।

# जहरीला पदार्थ खाकर अधेड़ दंपति ने की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सामाजिक प्रतिष्ठा तार-तार होने का दर्द जब बर्दाश्त नहीं हुआ तो पलामू जिले के पाटन थाना के बरडीहा गांव निवासी दंपति ने आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि नवल किशोर दुबे (58) एवं चम्पा देवी (55) ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि गंभीर अवस्था में दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच ले जाया गया था। किंतु इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।। बताया जाता है कि प्रेम-प्रसंग में पड़ोस गांव की दलित समुदाय की लड़की को भगा ले जाने का आरोपित सह दंपत्ति के छोटे पुत्र को लेकर गोतिया-परिवार के लोगों से दूरी बन गई थी। साथ ही मंझले बेटे का भी आपराधिक कृत्य में नाम आ गया था। इससे वे हमेशा व्यथित रहते थे। नवल के पिता नारद दुबे पलामू के बड़े कर्मचारी नेता बताये जाते हैं। घटना से परिजन समेत गांव व समाज के लोग काफी सदमे में हैं।

### तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत भाजपा की स्वीकार्यताः निरंजन

**मेदिनीनगर।** विधान सभा चुनावों में तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत भाजपा की बढ़ती स्वीकार्यता का परिणाम है। इससे साबित हुआ है कि दिन-प्रतिदिन पीएम मोदी की लोकप्रियता बढ़ रही है। भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह तो महज झांकी है। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड में भी भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी। मोदी जी की गारंटी पर पूरे देश का भरोसा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा रिकार्ड 400 सीट से अधिक पर जीतकर लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी।

### लोकतंत्र में मताधिकार सबसे मूल्यवानः सीओ




**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा में सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर छतरपुर अंचल अधिकारी नित्यानंद प्रसाद उपस्थित हुए। कार्यक्रम को आरंभ करने से पहले प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने अंचल अधिकारी एवं कर्मचारी अक्षत केसरी को कॉलेज फाइल एवं कलम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश सह स्वागत भाषण करते हुए प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक बनें। मतदान आपका अधिकार है। खुद जागरूक बने एवं दूसरों को भी जागरूक बनाएं। सहायक प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि देश का भविष्य युवा ही हैं। युवा अपना भविष्य वोट देकर तय करते हैं। व्यस्क होते ही सबसे पहले युवाओं को अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाना चाहिए। अंचल अधिकारी श्री प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार सबसे मूल्यवान है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर नागरिक होने का एहसास हो पाता है। इससे राजनीति के साथ सरकारी कार्यक्रमों में भी सक्रिय सहभागिता हो पाती है। उन्होंने बताया कि फार्म छह भरकर निर्वाचक नामावली से जुड़ें व अपना मतदाता पहचान पत्र जरूर बनवाएं। साथ ही मोबाइल एप के माध्यम से भी फॉर्म भरा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन पंचम कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन योगेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

### हास्यास्पद है विधायक व भाजपा नेता का बयानः चंदन

**छतरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने छतरपुर-पाटन विधायक पुष्पा देवी एवं भाजपा नेता मनोज कुमार के बयान को भ्रामक, हास्यास्पद, बेतुका एवं राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विधायक सरकार द्वारा दिए गए करोड़ों रुपए के कामों का शिलान्यास कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार को विकास नहीं चाहने वाली सरकार बता रही हैं। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि छतरपुर में जो भी काम हो रहे हैं। वह उनके विधायक फंड से हो रहा है या सरकार से प्राप्त पैसे से। प्रदेश सरकार के चहुमुंखी विकास कार्य को भाजपा विधायक पचा नहीं पा रहे हैं। अपनी गिरती लोकप्रियता से घबराकर विधायक अनाप-शनाप बयान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम शत-प्रतिशत सफल रहा है। पिछले कैंप के लगभग 90% आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। इस बार भी कार्यक्रम पूरी तरह सफल साबित हो रहा है।

**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 05/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as special repair and maintenance estimate for Rural Water Supply Scheme Kishunpur and its adjoining villages for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 06.12.2023 at 3.30 hrs.to 13.12.2023 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 14.12.2023 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 312601 District(23-24)#D

**प्राचार्य, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय पलामू**

अति–अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)
निविदा संख्या– 08 / 2023–24

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में आपूर्ति सामग्री / कार्यालय व्यय / कार्यालय उपकरण आदि की क्रय हेतु निबंधित निर्माता / अधिकृत विक्रेता / प्रतिष्ठान, एजेंसियों से निविदा दिनांक 19.12.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री,उपकरण,रसायन का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाषित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.12.2023 समय 12:30 PM |
| 2 | निविदा शुल्क (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा। | 1000.00 Non Refundable. |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 20.12.2023 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 03P.M |
| 4 | अग्रधन की राषि (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा। | 10000.00 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 9110199662 |
| 7 | BD / DD ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 19.12.2023 5 P.M तक |

1. निविदा शुल्क जामा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

PR.NO.312596 District(23-24):D

**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................./

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.11.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–लुरू, थाना–रायडीह के पास से 05 पीस साल बोटा सहित एक माल वाहक वाहन योद्धा पीकअप सं0–WB59C0072 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.12.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 312690 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार**

सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांकः–09-12-2023
व्यवहार न्यायालय, लातेहार में निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉंची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा दिनांक 09.12.2023 दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि दिनांक 09.12.2023 से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत विभिन्न बेंचों द्वारा शुरू किए गए "पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत कॉन्सिलिएशन बैठक" में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिससे आपके मामलों का निष्पादन दिनांक 09.12.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके।

उक्त् राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभी प्रकार के दीवानी मामले | 9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले |
| 2. सुलहनीय अपराधिक मामले | 10. वन विभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 11. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 12. चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 13. विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| 6. भू–अधिग्रहण से संबंधित मामले | 14. उत्पाद विभाग के मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद |
| 8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले | 16. उपभोक्ता फोरम से संबंधित मामले एवं अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निश्पादित करा कर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें ।

(अंजनी अंजन )
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

(अखिल कुमार)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–
सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लातेहार।

(हिमांशु मोहन)
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

नोटः–उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(स्वाति विजय उपाध्याय)
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

PR.NO.312614 Law(23-24):D

## गागर में सागर

### सदर अस्पताल से एसी का कॉपर पाइप चोरी

**मेदिनीनगर।** रविवार रात में सदर अस्पताल से एसी कॉपर पाइप की चोरी हो गई है। बताते चलें कि सदर अस्पताल से लगातार ऐसी कॉपर पाइप की चोरी हो रही है। परंतु चोरी करने वाले चोरों का कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में हेल्थ मैप सेंटर के मैनेजर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हेल्थ मैप सेंटर में पिछले दिनों भी एसी कॉपर पाइप की चोरी हुई थी। इसके बाद फिर से रविवार की रात चोर अपने मंसूबे में कामयाब हो गये। विदित हो कि सदर अस्पताल परिसर में इन दिनों चोरों के एक गिरोह की सक्रियता बढ़ गई है। जो मरीजों के मोबाइल फोन, पैसा आदि भी चुरा रहे हैं। कुछ महीने पहले ही सदर अस्पताल में पाकेटमार द्वारा दो महिलाओं का झोला काटकर पैसा की चोरी की गई थी। अस्पताल में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। इसके बाद भी चोरों का पता नहीं चल पा रहा है। चोरी की इस घटना से अस्पताल प्रबंधक भी काफी चिंतित है।

### द्वारिका हॉस्पिटल में 200 महिलाओं का किया गया इलाज

**मेदिनीनगर।** शहर के हवाईअड्डे के निकट स्थित द्वारिका जी हॉस्पिटल में महिलाओं के लिए जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान 200 महिलाओं का मुफ्त इलाज किया गया। शिविर में डा. सोनल मिश्रा ने महिलाओं से सम्बंधित रोगों जैसे महवारी की अनियमितता ,सफेद पानी आना, बांझपन, बच्चेदानी की गांठ सम्बंधित बीमारी,बार -बार बच्चा खराब होना,अधिक उम्र के कारण बच्चा न होना, खून की कमी, घबराहट होना आदि की विधिवत जांच की गई। पलामू मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डा. ओमप्रकाश भारती, डा.अजय कुमार व डा. संतोष सुमन ने भी मरीजों का इलाज किया। अस्पताल के निदेशक रवि कुमार निराला ने कहा कि सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रबंधन पूरी तरह सजग है। समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद के लिए शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के मनीष कुमार, हुमायूं खान, अक्षय कुमार,शकुंतला कुमारी, शतंजलि कुमारी, मैनेजर मनोज कुमार, अन्नू कुमारी, सतीश यादव, विकास कुमार सिंह, नीतिश कुमार, शोएब अंसारी, उषा कुमारी, डब्ल्यू कुमार, आशीष कुमार आदि कर्मी तन्मयता पूर्वक सेवा में जुटे रहे।

### कुचक्र रचकर तीन राज्यों में जीती भाजपाः शत्रुघ्न कुमार

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने एक सोमवार को आयोजित वार्ता में आरोप लगाया कि मनी, मीडिया, माफिया व ईवीएम मशीन के संयुक्त कुचक्र से उत्तर भारत के तीन हिन्दी पट्टी राज्यों में पूर्ण बहुमत से कमल खिला है। उन्होंने चुनौती पेश करते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व संघ परिवार के अन्दर थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो आनेवाले चुनाव में लोकतंत्र के अपहरण का मशीन बन चुके ईवीएम के प्रयोग पर पूर्ण रोक लगाते हुए बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव करायें। वास्तविकता खुद ब खुद देश के सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में अपने अस्तित्व व विश्वसनीयता बचाने के संकट से गुजर रही भाजपा का पूर्ण बहुमत से सत्ता में लौटना राजनीतिक विश्लेषकों को हैरान करने वाली घटना है।

प्रशिक्षु आइएएस के नेतृत्व देर रात हुई सेन्ट्रल जेल में छापामारी

# धनबाद जेल कांड के बाद पलामू पुलिस अलर्ट




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सूबे के धनबाद सेन्ट्रल जेल में रविवार को अपराधी अमन सिंह की गोली मारकर की गई हत्या के बाद पलामू के सेन्ट्रल जेल की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। धनबाद जेल की घटना के बाद रविवार को ही देर रात पलामू सेन्ट्रल जेल में छापामारी की गई। प्रशिक्षु आइएएस, एसडीपीओ एवं दंडाधिकारियों के नेतृत्व में करीब दो घंटे तक पुलिस ने कैदियों के एक-एक बैरक व सेल की तलाशी ली। इस छापामारी की पुष्टि पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने की है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह महज एहतियातिक कार्रवाई थी। इस छापामारी में जेल से कोई भी आपत्ति जनक सामान बरामद नहीं हुआ है। सूत्रों की माने तो पलामू सेन्ट्रल जेल में 1050 के करीब बंदी हैं। इनमें सजायाफ्ता के साथ विचाराधीन कैदी शामिल हैं। बता दें कि पलामू सेन्ट्रल जेल में कई नक्सलियों के साथ कुख्यात गैंगस्टर अमन साव भी बंद है।

### अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा तीन गंभीर

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़-कुटमु मार्ग पर सोमवार सुबह 7 बजे ट्रैक्टर से साइड लेने के क्रम में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार बरवाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम चपरी निवासी भोला प्रसाद उम्र 45,बरवाडीह थाना क्षेत्र के ही अरुण प्रसाद की पत्नी अनिता देवी 50 व शेरु सिंह 65 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को अपने कब्जे में ले लिया है। घायल अनिता देवी ने बताया कि सोमवार सुबह वह अन्य व्यक्तियों के साथ मेदिनीनगर से टेंपो पर सवार होकर अपने घर बरवाडीह जा रही थी। इसी बीच रास्ते में सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर से बचने की फिराक में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया।

रेड़मा चौक स्थित राणी सती दादी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

# यज्ञ मंडप सजकर तैयार आज निकलेगी कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के मेदिनीनगर स्थित रेड़मा चौक के समीप नव निर्मित श्री राणी सती दादी मंदिर में मंगलवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। महायज्ञ का आगाज सुबह आठ बजे भव्य कलश यात्रा निकालकर किया जायेगा। रानी सती सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश भिवानिया व सचिव आलोक सांवरिया ने बताया कि महायज्ञ के निमित्त नव निर्मित मंदिर परिसर में भव्य यज्ञ मंडप का निर्माण किया गया है। महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह व्याप्त है। 108 कलशों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सोमवार सायं तक आयोजन समिति के पदाधिकारियों के नेतृत्व में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कोषाध्यक्ष गोपाल छापड़िया, उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, बद्री सिंघानिया, मनोज भिवानिया, मनीष



भिवानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, अंशुल उदयपुरी, सज्जन शंघई, यश सर्राफ, हिमांशु सर्राफ, नीरज कामदार, विशाल सांवरिया, विवेक सांवरिया, पप्पू लाठ, गिरधारी गर्ग, सुशील तुलस्यान, राहुल उदयपुरी, विकास सिंघानिया, अंकित, ललित, विकास उदयपुरी आदि आयोजन की तैयारी में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

अध्यक्ष, संयुक्त सचिव पुस्तकालय व सहायक कोषाध्यक्ष पदों पर आमने-सामने की टक्कर

# जिला बार एसोसिएशन के 16 पदों के लिए 51 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**6 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

**9 दिसंबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन सोमवार दोपहर 3.30 बजे तक 16 विभिन्न पदों के लिए 51 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें से अध्यक्ष, संयुक्त सचिव पुस्तकालय व सहायक कोषाध्यक्ष पदों पर दो-दो उम्मीदवार होने से आमने-सामने की रोचक टक्कर देखने को मिलेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी



बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि 6 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद विभिन्न पदों के अंतिम उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। 9 दिसंबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण सोमवार को दिनभर कचहरी परिसर में गहमागहमी की स्थिति देखी गई। फूल माला पहने उम्मीदवारों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ बारी-बारी से नामांकन किया। निर्धारित समय सीमा तक अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव व बलराम तिवारी, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर अश्विनी कुमार त्रिपाठी व संतोष कुमार तिवारी एवं सहायक कोषाध्यक्ष पद पर देव कुमार शुक्ला व राम प्रवेश रजक के रूप में दो-दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया। इसी क्रम में संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर आठ, उपाध्यक्ष पद पर पांच, महासचिव पद पर सात, कोषाध्यक्ष पद छह एव नौ कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 19 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन कार्य में वरिष्ठ अधिवक्ता संजय दुबे जुटे रहे। 16 दिसंबर को मतदान व 17 दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे।

# 'गुलमोहर के फूल' के लोकार्पण के साथ कवि सम्मेलन-मुशायरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नवोदित कवि ब्रजेश भावना सिंह रचित काव्य संग्रह 'गुलमोहर के फूल' का भव्य लोकार्पण साहित्यिक संस्था 'अदबी संसार' के तत्वावधान में पाटन प्रखंड अंतर्गत नावाजयपुर के पंचायत भवन में हुआ। इस दौरान भव्य कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन भी किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लोकप्रिय कवि हरिवंश प्रभात,अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद् अनुग्रह नारायण पाठक,शायर एमजे अजहर,सुबह के धूप के संपादक शिव शंकर प्रसाद,वरिष्ठ कवि रमेश सिंह,शायर अमीन रहबर, कवयित्री रीना प्रेम दूबे,शायरा किरण राज,कवि विजय शंकर मिश्र, कवि मनीष मिश्र नंदन, त्रिपुरारी सिंह चेरो व बदरूद्दीन अहमद ने संयुक्त रूप से किया। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। इस अवसर पर माणिक प्रजापति, पवन प्रजापति, अजय सिंह चेरो, लव तिवारी, राजू कुमार, धनंजय कुमार, अवधेश कुमार व ईश्वरी राम ने कवि के व्यक्तित्व व कृतित्व की सराहना की।

लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में नागरिकों की भूमिका

# राजनीतिक पार्टियां करें दायित्व निर्वहन, नागरिक हैं तैयारः इप्टा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) मेदिनीनगर द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 27 वीं कड़ी में लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में नागरिकों के कर्तव्य विषय पर परिचर्चा की गयी। यह परिचर्चा रेडमा स्थित इप्टा कार्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इप्टा के अध्यक्ष एवं जाने-मान कलाकार प्रेम भसीन तथा अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष केडी सिंह ने की। इस दौरान जनता के कर्तव्य सहित राजनीतिक पार्टियों, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कर्तव्यों सहित कर्तव्यों के भटकाव के कारण एवं समाधान पर प्रकाश डाला गया। झारखण्ड प्लस 2 शिक्षक संघ पलामू के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अच्छेलाल प्रजापति ने कहा कि जब जनता अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन करती है तो सत्ता निरंकुश नहीं होती है। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि लोग कहते हैं कि जनता अपने कर्तव्यों को नहीं समझती। वह मोदी मैजिक या मोदी लहर में बहने लगती है।वरिष्ठ अधिवक्ता नन्दलाल सिंह ने कहा कि कि जातिवाद को समाप्त किये बिना हम लोकतंत्र नहीं बचा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द प्रसाद ने किया। शिवशंकर प्रसाद, ललिता देवी, अजीत ठाकुर, अभय सिंह आदि उपस्थित रहे। हर बार की भांति शिवशंकर प्रसाद ने इप्टा की पुस्तकालय के लिए एक पुस्तक भेंट की।

जन्मोत्सव पर सोहर व शहीदी गीत से दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

# शहीद अनुराग के जन्मोत्सव से नई परंपरा की शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सिंगरा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर अवस्थित शहीद स्मारक स्थल पर मां भारती के सपूत शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28 वां जन्मदिन को परंपरागत तरीके से मनाया गया। शहीद के पिता जितेन्द्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शहीद अनुराग के कीर्तिगाथा को जीवंत करने के लिए हर साल 3 दिसंबर को जन्मोत्सव का आयोजन अमरत्व का संदेश देता है। हर वर्ष की भांति जन्मोत्सव पर पहले झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। आगंतुकों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर मां उषा शुक्ला ने कहा कि अगले जन्म में उसे मेरा ही पुत्र बनकर मेरे साथ जीवन भर जीना है। पिता जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि अनुराग का जीवन चरित्र उनके शहादत के बाद समझ में आया। मरते दम तक शहादत दिवस व जन्मोत्सव ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मनाएंगे। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह टूटू, पूर्व सांसद घूरन राम, भाजपा नेता किशोर पाण्डेय, झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोज गुप्ता, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला मौजूद रहे। आयोजन में शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग की बहन सुप्रिया तिवारी, रौशनी शुक्ला, अतुल्या, बहनोई अभिषेक तिवारी, भगीना अमोघ तिवारी, भगीनी आद्या तिवारी, बाबा संतोष शुक्ला, दिलीप शुक्ला, लव शुक्ला, पारस शुक्ला, रमेश शुक्ला, मित्र आशीष भारद्वाज, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, उमाशंकर मिश्रा, सीपी शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई।

**पहली बार देखा ऐसा जन्मोत्सव : एसपी**

पलामू पुलिस की ओर से सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अनुराग के नाम की दीपमाला स्मारक स्थल पर सजा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पलामू पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन ने बताया कि ऐसा जन्मोत्सव पहली बार देखने को मिला। देश भर के लिए पलामू में मनाए जाने वाला शहीद का जन्मोत्सव अनुकरणीय है। मेदिनीनगर की पहली महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि सिंगरा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर आयोजित जन्मोत्सव में शामिल होना सौभाग्य की बात है। पलामू के हर अभिभावक का सपना होगा कि उनके घर एक अनुराग का जन्म हो। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सूत्रधार झारखंड के प्रसिद्ध तबलावादक शिशिर कुमार शुक्ला ने मंचासीन कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पाण्डेय लकी ने किया। वहीं मंच संचालन की जिम्मेदारी लोकगायक शिव चौधरी ने निभाई।

### बेटे-बहु की पिटाई से महिला घायल



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गर्दा निवासी स्व. जिताऊन मियां की पत्नी कितावन बीबी उम्र 60 वर्ष को रविवार की रात उनके बेटा-बहु ने लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि रविवार की रात जमीन बंटवारे को लेकर मां व बेटा में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया की बेटा इद्दू अंसारी व बहु शैनु बीबी लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी। घायल महिला को परिजनों द्वारा इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा मामला चैनपुर थाने में दर्ज करा दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## शिविर

ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे 21 स्टालों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के रबदा पंचायत स्थित पतरिया के शबरी मंदिर के समीप खेल मैदान परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, मुखिया सुमन देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, पंसस निरंजन राम, पंचायत सचिव प्रभु राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पांडे ने किया। शिविर में लगे विभिन्न विभागों के 21 स्टालों का निरीक्षण कर बीडीओ ने ग्रामीणों को सर्व पेंशन योजना, पशुधन विकास योजना,




आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री अबुआ आवास, आधार पंजीकरण, छात्रवृत्ति पोशाक वितरण, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, दीदी बड़ी योजना, सिंचाई कूप निर्माण, जेसीपीएल, राशन कार्ड, हरा कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, महिलाओं को निशुल्क पोषाहार आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान 24 बिरसा सिंचाई कुप निर्माण स्वीकृति पत्र, 10 दीदी बड़ी योजना, 10 कंबल, 3पेंशन, 5 धोती-साड़ी,जॉब कार्ड, म्यूटेशन सहित अन्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मौके पर मनदीप राम, मुखिया विनोद विश्वकर्मा, दामोदर चौधरी, राकेश सिंह, संजीवन कुमार, पंचायत रोजगार सेवक गोविंदा पाण्डेय, प्रभु राम, अंचल उप निरीक्षक निकसन, प्रधान सहायक सुधीर कुमार, आशीष कुमार मौजूद थे।

### अमीन संघ ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार पलामू परिसदन भवन में आयोजित मुख्यमंत्री कार्यकर्ता मिलन समारोह में गढ़वा जिला के भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी कुमारी उर्फ रजनी शर्मा के नेतृत्व में झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में प्रदेश के अमीनों को आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त करते हुए सरकार द्वारा उचित मानदेय देने। सामान्य काम के बदले सामान्य वेतन देने। प्रदेश के सभी अमीनों को स्वास्थ्य बीमा,सुरक्षा बीमा लाभ दिलाने, झारखंड राज्य अमीन नियुक्ति प्रक्रिया में 50% का आरक्षण दिलाने सहित सरकारी कर्मचारी की तरह सभी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर, प्रदेश सचिव सुधीर कुमार भी मौजूद रहे।

जिला सहित प्रखंड कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

# कुशवाहा समाज की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड सुदना स्थित कुशवाहा भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू की बैठक अध्यक्ष अजीत कुमार मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा का संचालन सचिव भोला महतो द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कुशवाहा समाज के विकास के लिए महासभा सतत प्रयासरत है। कुशवाहा छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अन्य सामाजिक कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आगे कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के संगठन का विस्तार करते हुए विश्रामपुर विधानसभा के प्रभारी के पद पर अरविंद कुमार मेहता पिता पारसनाथ महतो को प्रभार सौंपा गया। साथ ही जिला कमेटी में निरंजन मेहता पिता सूर्यदेव मेहता ग्राम मुड़कटवा प्रखंड पड़वा एवं ओमप्रकाश मेहता उर्फ पिंटु मेहता पिता राजेंद्र मेहता निवासी गेदुराही हुसैनाबाद को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त अनिल कुमार मेहता पिता देवनंदन मेहता निवासी तरवन कला को पिपरा प्रखंड अध्यक्ष व निरंजन प्रसाद मेहता पिता रामनरेश प्रसाद मेहता ग्राम तरवन कल को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। राम परीक्षा मेहता पिता खदेरू महतो ग्राम करकट्टा को ऊंटारी रोड का प्रखंड अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया। साथ ही दीपक मेहता पिता विक्रम मेहता ग्राम योग को ऊंटारी रोड का सचिव बनाया गया। इसके अतिरिक्त अरुण कुमार मेहता ग्राम बरेवा को हैदरनगर का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है।

## गागर में सागर

### 'चरमरा गई है गढ़वा सदर अस्पताल की व्यवस्था, सुधार की आवश्यकता'

**गढ़वा।** सदर अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। इसमें सुधार अत्यंत आवश्यक है नहीं तो जिले के मरीज की जान अव्यवस्था के कारण चली जाएगी। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने कहीं। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में रात में महिला चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण आए दिन मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ता है। वहीं कई मरीजों की जान भी चली जाती है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक सदर अस्पताल में अगर सेवा नहीं देते हैं तो उनके निजी क्लीनिक की सेवा को भी ठप कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हर हाल में चिकित्सकों को रहना होगा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीज परेशान रहते हैं। कल कुछ मरीज के परिजनों ने सूचना दी कि महिला चिकित्सक नहीं है। सूचना के आधार पर सदर अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं थे। मरीज परेशान थे। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में इस तरह की व्यवस्था नहीं चलने दी जाएगी। व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आगे चिकित्सकों को उसका खामियाजा भूकतना पड़ेगा। मौके पर योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल धर दुबे, अरबिंद दुबे, लड्डू दुबे देववंश दुबे सुनील चन्दरवंशी, मौसम कुमार, दीपक, राजेश आदि उपस्थित थे।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत देश की जनता की जीत है : मो. महताब आलम

**लातेहार।** जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष मो. महताब आलम ने देश के तीन राज्यों में भाजपा की जीत को देश की जनता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत से भाजपा देश में और अधिक मजबूत हुई है। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है और देश की जनता ने इन राज्यों में भाजपा को जीता कर इस भरोसे को कायम किया है। उन्होंने कहा कि तेलंगना में भाजपा का अप्रत्याशित प्रदर्शन ऐतिहासिक है। महताब ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भी भाजपा प्रचंड बहुत से जीतेगी और नरेंद्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रतिनिधि सह पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की यह जीत कई मायनों मे ऐतिहासिक है। जिस प्रकार इंडिया गठबंधन दलों के नेताओं ने देश में एक नफरत का माहौल बनाया था, इन तीन राज्यों की जनता ने उसका जवाब उन्हें दे दिया है। तेलांगना में भी भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी देश में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलेगा। इंडिया गठबंधन के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे।

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न, सुंदरीकरण कार्य का निर्णय



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार की मासिक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले के सभी छह कमरों का सुंदरीकरण कराने का निर्णय लिया गया। कमरों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया ताकि यहां ठहरने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहु ने मंदिर की प्रतिष्ठा को अक्षुण बनाये रखने की बात कही। संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इन 30 सालों में मंदिर की प्रतिष्ठा काफी दूर दूर तक फैल गयी है। इसे बनाये रखना आवश्यक है। अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मंदिर के विकास के लिए सामुहिक रूप से कार्य करने की दरकार है। सचिव आशीष टैगोर ने मंदिर के विकास के लिए विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी दी। बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया. कोषाध्यक्ष राजू प्रसाद ने बताया कि इस महीने दान पात्र व वाहन पूजन से 20 हजार रुपये संग्रह किये गये हैं। बैठक में उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, रंजीत कुमार, दीपक विश्वकर्मा, धनेश्वर प्रसाद व परितोष ठाकुर आदि शामिल थे।

# सीएस ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने सोमवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ओपीडी में जाकर चिकित्सकों के द्वारा देखे गए मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ड्रेसिंग रूम के निरीक्षण के दौरान ड्रेसर को बिना अपरोन के देख उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने मरीज को मिलने वाला भोजन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीज को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपाधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि डिलीवरी के लिए आए किसी भी मरीज को बाहर नहीं जाना पड़े यह हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने निमित्त रूप से अस्पताल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था स्थापित करने का निर्देश उपाधीक्षक को दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी मरीज को इलाज करने में परेशानी हुई तो संबंधित जम्मेवार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपाधीक्षक डॉक्टर हरेंद्र चंद्र महतो, अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## 500 लोगों को मैसेज भेज कर वेबसाइट बनाने के नाम पर करता था ठगी

# साइबर ठग श्री बंशीधर नगर से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

बंशीधर नगर पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले ठग अखिलेश कुमार को गिरफ्तार किया है। साइबर ठग अखिलेश बंशीधर नगर के चेचरिया गांव का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर एक लैपटॉप एक मोबाइल बरामद किया गया है।

उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि अखिलेश अपने घर से ही पिछले 4 वर्षों से वेबसाइट बनाकर झारखंड ही नहीं, विभिन्न अन्य राज्यों में साइबर ठगी करने का काम करता था। उक्त मामले में पड़ोसी राज्य बिहार के चेबड़ा थाना क्षेत्र के गडुआ गांव निवासी संतोष कुमार और जयपुर निवासी संजय सैनी ने प्रतिबिंब एप के माध्यम से शिकायत दर्ज की थी। उसके आलोक में बंशीधर नगर पुलिस ने प्रतिबिंब एप की मदद से बंशीधर नगर में बैठकर साइबर ठगी करने वाले अखिलेश को गिरफ्तार किया गया।



उन्होंने बताया कि अखिलेश लोगों को मोबाइल पर मैसेज किया करता था। मैसेज के माध्यम से वह लोगों को वेबसाइट बनाने की बात कहता था। उसके बाद वेबसाइट बनाने के नाम पर हजार, दो हजार पैसा मांगता था। पैसा लेने के बाद वह संबंधित लोगों का नंबर ब्लैक लिस्टेड कर देता था। उन्होंने बताया कि संजय सैनी की शिकायत के आरोप में अखिलेश को गिरफ्तार किया गया हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब एप के माध्यम से किसी भी साइबर तक को पुलिस आसानी से गिरफ्तार कर सकती है। प्रेस वार्ता में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# 283 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

## गरबांध पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गरबांध पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन प्रसाद यादव, मुखिया सिबिस्टियानी देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया।

प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने आयोजित शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक इसका लाभ लेने का अनुरोध पंचायत वासियों से किया। उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं व जरूरतों को जानने व उसके समाधान के लिए आपके पंचायत में हम सभी आए हैं। आप अपनी समस्याओं व जरूरतों से संबंधित संबंधित विभाग के स्टॉल पर लिखित आवेदन जमा करें, समाधान की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाएगा।

शिविर में कल 1342 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा दिया गया, जिसमें



283 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 1059 आवेदन लंबित है। इसमें सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए हैं। ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड के 31, मनरेगा के तहत नए जॉब कार्ड के 60, राशन कार्ड में संशोधन व नये के 32, धोती साड़ी लूंगी वितरण योजना के 9, कंबल वितरण के 10, सर्वजन पेंशन योजना के 32, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 20, आधार पंजीकरण के 4, स्वास्थ्य जांच के 70 व आजीविका के 15 आवेदनों का निष्पादन किया गया। अबुआ आवास योजना के 936, ऑनलाइन भू अभिलेख के 1, 15वें वित्त आयोग के 2, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के 4, पेयजल एवं स्वच्छता के 101 व कल्याण विभाग के 15 आवेदन लंबित हैं। कार्यक्रम का संचालन पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार ने किया। मौके पर प्रधान सहायक अनिल सिंह, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह उपस्थित थे।

# एक सप्ताह में रॉयल्टी की राशि जमा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

निर्धारित तिथि के अनुसार बीडीओ राहुल कुमार सानू ने सोमवार को प्रखंड के वेंडरों के साथ बैठक की। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक के दौरान लगभग सभी वेंडर उपस्थित हुए। वहीं बैठक में भाग लिए सभी वेंडरों से बीडीओ ने दुकान के बारे में बारी-बारी पूछताछ की।

बीडीओ ने सभी वेंडरों की दुकानों के साथ-साथ दुकानों में मौजूद सामग्री के अलावा ग्राहकों के बीच विक्रय का लेखा-जोखा की भी जांच पड़ताल करने की बात कही।

**प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की वेंडरों के साथ बैठक**

साथ ही सभी वेंडरों से रॉयल्टी मद की राशि को सप्ताह दिन के अंदर जमा करने का निर्देश दिया। वहीं उक्त राशि को जमा नहीं करने वाले वेंडरों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात बीडीओ द्वारा कही गई। मौके पर कसमुद्दीन अंसारी, अखिलेश यादव, दिनेश ठाकुर, उपेंद्र गुप्ता, संदीप कश्यक, हैसियत अंसारी, बरकत अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# दो कालीकरण पथ का आज शिलान्यास करेंगे विधायक

**केतार।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही मंगलवार को परती कुशवानी पंचायत में दो योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने बताया की



मंगलवार को 11 बजे विधायक भानु प्रताप शाही बत्तों कला गांव में कालीकरण पथ का शिलान्यास और परती मुख्य पथ से दामर तक कालीकरण पथ का शिलान्यास करेंगे।

# शिविर में पांच लाभुकों को दिया गया बिरसा सर्वधन सिंचाई कूप योजना का स्वीकृति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

पंचयात सचिवालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ नंदजी राम, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद और मुखिया प्रमोद कुमार ने किया।

शिविर में बीडीओ ने मनरेगा योजना के तहत पांच लाभुकों को बिरसा सर्वधन सिंचाई कूप योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। वहीं दो दिव्यांग महिला यशोदा देवी और कंचन कुमारी को ट्राइसाइकिल का वितरण किया। वहीं जेएसएलपीएस के महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनने के लिए 13 लाख रुपये का चेक दिया गया। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि आज शिविर के माध्यम से पंचायत के ग्रामीणों का सभी विभागों का आवेदन लेकर ऑन लाइन इंट्री की जा रही है। आवेदनों को जांच कर उस पर त्वरित करवाई की जायेगी। इस कार्यक्रम अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा पेंशन, मुख्यमंत्री



पशुधन योजना, राशन कार्ड केसीसी, पंचायती राज विभाग, बाल बिकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस मौके पर उप प्रमुख शम्भू सिंह खरवार, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उप मुखिया संजय पाल, बीपीओ मनोज कुमार, कनीय अभियंता आनंद कुमार, राजीव कुमार, सत्यम कुमार,पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, रामकुमार प्रजापति, बीटीएम राकेश कुमार आदि मौजूद थे। जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा कि वरीय पदाधिकारी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से दूरी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि परती कुशवानी, पाचाडुमर और केतार पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया, लेकिन जिला कार्यालय द्वारा प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विधुत आपूर्ति प्रमंडल विभाग और शिक्षा पदाधिकारी उक्त तीनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं। इससे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के राजी पंचायत सचिवालय के प्रांगण में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ रविंद्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रमुख आभा रानी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया रिंकू देवी, उपमुखिया आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन,कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, जेएसपीएल, कृषि, निर्वाचन, श्रम विभाग आदि के स्टॉल लगाए गए थे।

इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी



समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, गोल्डन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल वितरण आदि महत्वपूर्ण योजनाओ की जानकारी देते हुए लाभुकों से इनका लाभ लेने की अपील की। प्रमुख आभा रानी ने योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। मुखिया रिंकू देवी ने ग्रामीणों को कार्यक्रम को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विभिन्न स्टालों पर आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई। मौके पर बीपीओ कमलेश कुमार, जीपीएस उमेश कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, रवि कुमार, बिजली विभाग से इंदल राम, लेखपाल अशानंदन राम, अंचल निरीक्षण मोजिब खान, कर्मचारी अमरेंद्र कुमार, विनोद पासवान, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, शशि पासवान, अमरेश मेहता, लल्लू मेहता, आदित्य गुप्ता, अमर प्रताप मेहता, भगवान दास मेहता, मनीष मेहता, मोसाफिर साह, सचेत कुमार, सुनील सिंह, आदित्य कुमार, मयंक विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

**पहल**

## डंडई प्रखंड कार्यालय में किया गया किसान गोष्ठी का आयोजन

# किसानों को दी गई नई विधि से खेती करने की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सोमवार को आत्मा गढ़वा के तत्वधान में कृषक गोष्ठी सह प्रक्षेप दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान कृषक गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू ने कहा कि किसान कृषि कार्य के पुरानी पद्धति को छोड़ नए विधि से अपने खेतों में खेती करें। किसानों को इसका फायदा निश्चित रूप से मिलेगा। आज भी कई किसान पुरानी पद्धति से खेती कर रहे हैं जिस कारण कृषि कार्य में किसानों को बेहतर मुनाफा नहीं मिल पा रहा है। किसान कृषि कार्य को पूर्ववर्ती व्यवस्था को छोड़ वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अपने आय को दोगुनी कर सकते हैं।



बीटीएम सतेंद्र कुमार ने कहा कि विभिन्न खेतों की मिट्टी अलग-अलग होती है। साथ ही अलग-अलग खेतों में बीमारी भी कई प्रकार के होते हैं। किसानों को खेतों में लगे फसल की समय-समय पर पहचान करनी होगी और उसके अनुसार ही खेतों में दवा का छिड़काव करें। उन्होंने वर्तमान समय में चना, मसूर, सरसों, अरहर सहित अन्य फसलों में होने वाले रोग व समाधान के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि किसान खेतों से मिट्टी का नमूना जांच कराकर ही फसल की बुवाई करें। मिट्टी जांच से किसानों को यह पता चल सकेगा कि किस खेत में क्या कमी है। उसी के अनुसार किसान अपने खेतों में उर्वरक खाद बीज प्रयोग करें।

कृषक गोष्ठी को अंचलाधिकारी चोना राम हेंब्रम, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, जेएसएलपीएस सीआरपी रवीना खातून सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर सुदामाप्रजापति, शिवकुमार यादव, संजय प्रजापति, दुखनराम कमलेश प्रजापति, आत्मा राम, रीमा देवी, फुलवंती देवी, गोरख नाथ चौबे, राजू विश्वकर्मा, विनय सिंह, साबिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### आत्मा गढ़वा ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन, फसल उपज पर की गई चर्चा

**बड़गड़।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में आत्मा गढ़वा के द्वारा प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत में प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को झारखंड कृषि श्रृण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना, स्वाईल हेल्थ कार्ड एवं रबी फसल में लगने वाले फसल उपज पर चर्चा की गई। साथ ही किसानों को खेतों में जैविक खाद के उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर बीटीएम जगरनाथ कुमार राम, कृषक मित्र राजेश बाखला, आनन्दीप गिद्ध, रंजीत तिग्गा, एलसीआरपी अनील मींज आदि सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# वोटर लिस्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, मोहमद परवेज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा क्रम में फॉर्म 6, 7 के संग्रहण, घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य एवं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने आदि से संबंधित त्रुटि की जांच करने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के डाटा में आवश्यक सुधार के अलावा नए मतदाताओं के नाम जोड़ने आदि को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि एक भी योग्य मतदाता न छूटे इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें। निर्वाचन कार्य अतिमहत्वपूर्ण कार्य है अतः इसमें कोई चूक नहीं हो तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निष्पादित किसभी सहायक निर्वाचक निबंधनया जाय। बैठक में सभी बीएलओ सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### 10 लाख के इनामी के घर चस्पा इश्तेहार




**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत टेमराबर टोला निवासी 10 लाख का हार्डकोर माओवादी मनोहर गंझु के घर पुलिस ने न्यायालय का इश्तेहार तामिल किया। बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया कि मनोहर गंझु पिता विलाशपति गंझू (ग्राम बसिया, टोला -टेमराबर, थाना बालूमाथ जिला लातेहार) खलारी थाना कांड संख्या 48/ 2018 के नामजद अभियुक्त है। उस पर 17 सी.एल.ए. एक्ट सहित कई धाराएं लगी हुई हैं। उसके घर पर आसपास के ग्रामीणों को जानकारी देते हुए विधिवत न्यायालय का इश्तेहार चिपकाया गया। अगर अभियुक्त सरेंडर नहीं करता है तो कोर्ट के आदेशानुसार घर की कुर्की जबती कर ली जाएगी।

### बावर्ची फूड कोर्ट प्रतिष्ठान का शुभारंभ



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर मोड़ के समीप बावर्ची फूड कोर्ट नामक रेस्टोरेंट का उद्घाटन वरीय झामुमो नेता सह 20 सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी एवं व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने किया। संचालक अनुज कुमार और शांतनु सरकार ने बताया कि ग्राहकों को संतुष्टि प्रदान करना उनका लक्ष्य है। हमारे यहां वेज, नॉन वेज समेत हर प्रकार के व्यंजन उपलब्ध हैं। मौके पर विकास कुमार, रवि गुप्ता, कमलेश सिंह, सिराज अहमद, राजेश वर्मा, सोनू सरदार, बिरेंद्र ठाकुर, फिरोज सिद्दीकी, पिंटू कुमार, फिरोज अहमद उर्फ मुन्ना, जैकी चौरसिया, सत्यनारायण कुमार, अमन गुप्ता, हसीब अहमद, सुभम दुबे और डॉक्टर खान आदि मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस नेता की पुण्यतिथि मनाई गई



**बरवाडीह।** प्रखंड के युवा समाजसेवी और यूथ कांग्रेस के दिवंगत नेता कुमार साजन सिंह प्रभाकर की दूसरी पुण्यतिथि का आयोजन प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक परिसर में युवा जागृति क्लब की ओर से किया गया। दिवंगत प्रभाकर को उनके पिता राजकुमार सिंह के साथ प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, पलामू के पूर्व जिला परिषद मुक्तेश्वर पांडे, यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, बीस सूत्री सदस्य सुनीता पाल, महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार के लोगों ने इस मौके पर 50 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर युवा जागृति क्लब के अध्यक्ष साहिल सिंह, सचिव दीपक राज दीपू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, कांग्रेस युवा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, कांग्रेस के नेता हिमांशु गुप्ता, राजू कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, सोनू सिंह दीपलेश, संजीव श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार विकी, पवन शर्मा, सागर कुमार, डब्लू कुमार आदि मौजूद थे।

### विभिन्न गांवों में वन समिति का गठन

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के चार गांवों में मुखिया बेबी देवी के नेतृत्व में सोमवार को ग्रामीणों के साथ बैठक कर वन समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों के बैठक में सर्वसमिति से पहरा गांव में महेश रजक को अध्यक्ष, सोनी देवी को सचिव, मारंगी गांव में विजय पासवान को अध्यक्ष, प्रियंका देवी को सचिव, सिंदुरब्बे गांव में किशना उरांव को अध्यक्ष, प्रीति लिंडा को सचिव, रोहमर गांव में रोहन यादव को अध्यक्ष, रंजीत देवी को सचिव मनोनित किया गया। मौके पर समाजसेवी मुकेश कुमार साव, पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक पप्पू कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### पीएम किसान के लाभुकों संग बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में सोमवार के भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक दिलेश्वर साहू ने पीएम किसान लाभुकों व ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों व पीएम किसानों को बताया गया कि केंद्र सरकार के महात्वाकांक्षी योजना है। प्रत्येक घर-घर में एक-एक केसीसी देना अनिवार्य है। बैठक में मुखिया निर्मला देवी सीएसपी संचालक मुकेश कुमार, रामदेव यादव, उपेंद्र दांगी, कैलाश दांगी, मुसाफिर दांगी, अजय दांगी, प्रकाश दांगी आदि शामिल थे।

भुषाढ़ में जलनल योजना का पंसस ने लिया जायजा, अनियमितताएं उजागर

# कहीं फेल चापानल में लगा दी टंकी तो कहीं सड़क पर बह रहा है पानी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे जलनल योजना में भारी अनियमितता बरतने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इसके बावजूद कार्य में कोई सुधार होता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है। इधर सोमवार को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कामता पंचायत के भुषाढ़ में चल रहे हर घर जलनल योजना का जायजा लिया। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि पीएचडी विभाग के प्रधान लिपिक व कर्मी की बिचौलियागीरी से भुषाढ़ में जलनल योजना का बुरा हाल है। कहीं फेल चापानल में टंकी लगाकर कनेक्शन दे दिया गया है, तो कहीं टंकी से पानी लिकेज हो रहा है। इसके कारण ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। चापानल नहीं चलने से लोगों को पानी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीण भटवा लोहरा, नजरु तुरी, विकास उरांव, झरी उरांव, अनोद उरांव, ललु लोहरा, फुलमनी देवी, सोहबतीया देवी, रामचंद्र भगत, राहुल लोहरा ने बताया कि अखरा के पास दिनेश लोहरा के घर के समीप लगे टावर टंकी से पानी गिरकर सड़क पर बह रहा है। नल से दो तीन बाल्टी पानी निकलने के बाद बंद हो जाता है। चापानल चलाने के बाद काफी मशक्कत से थोड़ा बहुत पानी निकलता है। बोरिंग में पर्याप्त पानी निकला ही नहीं और इसपर टंकी लगा दी गई है, जिसके कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। दीपक लोहरा व लटटु तुरी के घर के समीप पुराने चापानल में टावर टंकी फिट कर दी गई है। चापानल खराब रहने के कारण वह चल नहीं पा रहा है। पंसस अयुब खान ने आगे कहा कि पीएचडी विभाग के प्रधान लिपिक व कर्मी ठेकेदार से मिलकर पेटीकॉन्ट्रैक्ट में कार्य कर रहे हैं। पीएचडी विभाग के प्रधान लिपिक अपने विभाग के कर्मी अपने चहेते पार्टनर को जलनल योजना के ठेकेदार का मोबाइल नंबर देते हैं। फिर चहेता पार्टनर ठेकेदार से फोन पर संपर्क करते हैं। इसके बाद प्रधान लिपिक अपने चहेते पार्टनर को अच्छा और अनुभवी बताते हुए उसके लिए पेटीकॉन्ट्रैक्ट में काम देने के लिए पैरवी करते हैं। इसके बाद पीएचडी के कर्मी काम पर लग जाते हैं। फिर शुरू होता है कार्य में अनियमितता कर राशि की बंदरबांट करने का सिलसिला। पीएचडी विभाग ने भी अपने प्रधान लिपिक व कर्मी को अनियमितता करने की खुली छूट दे रखी है। तभी तो कार्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है। पीएचडी विभाग के एसडीओ को यह जानकारी है कि जलनल योजना में विभाग के प्रधान लिपिक और कर्मी बिचौलियागीरी करने में संलिप्त हैं। फिर भी वे चुप्पी साधे हुए हैं। यदि जानकारी नहीं है तो ग्रामीणों से जानकारी ले लें कि भुसाढ़ और भंडारगढ़ा में जलनल योजना का कार्य कौन करवा रहा है? सच्चाई खुद ब खुद सामने आ जाएगी। पंसस ने जलनल योजना में घोर अनियमितता बरतने वाले पीएचडी के बिचौलिये प्रधान लिपिक और एक कर्मी पर कार्रवाई की मांग कार्यपालक अभियंता से की है।

### 'पीएचडी विभाग के एसडीओ की चुप्पी चिंताजनक'



## पदाधिकारियों को दिया गाय वुलनेरबिलीटी मैपिंग का प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज निधि कौशल विकास केन्द्र चतरा के सभागार में आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को वुलनेरबिलीटी मैपिंग संबंधित प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को बताया गया कि चुनाव से पहले क्रिटिकल तथा वल्नरेबल बूथों का पहचान करते हुए तैयारी की जाती है। प्री पोल रिस्पांसिबिलिटी के संदर्भ सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराया गया कि 10-12 पोलिंग स्टेशन को मिलाकर एक सेक्टर का निर्माण किया जाता है और उस सेक्टर के लिए एक सेक्टर पदाधिकारी को पुलिस पदाधिकारी के साथ नियुक्त किया जाता हैं। सेक्टर पदाधिकारी का कार्य विहित प्रपत्र में जिसमे 13 प्रकार के एक्टिविटी होती है उसे भरकर जोनल मजिस्ट्रेट को जमा करना होता है। इस दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जोनल पदाधिकारी को सूचित किया जाता है। कार्यक्रम में अपर समाहर्त्ता सह नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग पवन कुमार मंडल, कार्यपालक दंडाधिकारी रामनारायण खलको, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता गौतम कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## दुकान में शराब की पेटियों में मिलीं ईटें, बोतलों में पाया पानी

### जिडीलेक्स का टेंडर रद्द होने के बाद आरके कंपनी ने कार्यभार संभाला

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड मुख्यालय स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान संख्या 8 में शराब बेच रही कंपनी जीडिलेक्स का टेंडर रद्द हो जाने के बाद आरके कंपनी द्वारा नये टेंडर के तहत दुकान का संचालन संभाला है। कंपनी के कर्मी जब दुकान हैंडओवर लेने पहुंचे तो दुकान में कई शराब की पेटियों में ईंट भरी हुई पाई गई। कई बोतलों में पानी मिला हुआ था, जिसकी कीमत लगभग 120, 535 रुपये है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरके कंपनी के जिला कोआर्डिनेटर रंजीत कुमार ने बताया कि दुकान प्रभारी अमित कुमार, दुकान सहायक मनोज कुमार, दुकान सहायक लालदेव कुमार उर्फ पिंकु के सामने दुकान का सामान मिलाया गया। शराब की चार पेटियों में ईंट भरी हुई पाई गई। कई शराब की बोतलों में पानी मिलाकर रखा हुआ था। कंपनी द्वारा इसकी सूचना उत्पाद दरोगा सोनू कुमार को दी गयी। उत्पाद दरोगा ने बालूमाथ शराब दुकान पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं दुकान में कार्यरत कर्मियों पर कार्रवाई की कही। दुकान प्रभारी अमित कुमार ने अपनी गलती मानते हुए शराब की कीमत 120,535 रुपये देने की बात कही गई।

## अबुआ आवास को शिविर में उमड़े ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कबरा पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के 23 स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में ग्रामीण अबुआ आवास योजना ग्रामीणों ने प्रशंसा की। विभिन्न विभागों में प्राप्त कुल 1063 आवेदनों में 623 अबुआ आवास से संबंधित थे। वहीं 319 आवेदनों को मौके पर ही निष्पादित कर दिया गया। इसके पूर्व बीडीओ देवलाल उरांव ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से दी। मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने सरकार के कार्यक्रम की प्रशंसा की। मौके पर सीओ राजेन्द्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, पंसस शशिबाला देवी, पंसस नीतेश अंबानी, रविन्द्र सिंह, उदय पांडेय, प्रयाग राम, गजेन्द्र साहू, रंजन सिंह, मोहन राणा, गीता देवी आदि मौजूद थे।





### शिविर में 12 लाख ऋण का वितरण

**पत्थलगड़ा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंघानी पंचायत सचिवालय परिसर में किया गया। इसका उद्घाटन बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, बीडीओ मोनी कुमारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, मुखिया राधिका देवी, प्रखंड नाजिर अभिजीत कुमार, बीपीओ राजेश्वर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित ग्राम संगठन के बीच 12 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का वितरण किया गया। अबुआ आवास के स्टॉल में 593, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के स्टॉल में 81 आवेदन आए। शिविर में कुल 865 आवेदन आए। वन विभाग ने 100 पौधों का वितरण किया।

### महिलाओं की गोद भराई

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड की पाण्डेयपुरा पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 1500 अबुआ आवास, मनरेगा जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदन जमा किए गए। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मुखिया रेनू देवी, सुनील रजक, पंचायत समिति लखन दास, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल, धोती-साड़ी का वितरण किया गया। आंगनवाड़ी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई।

## 17 छात्र-छात्राओं को मिला साइकिल की राशि का चेक

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

राज्य सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत दूरूप पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, मुखिया उषा खलखो एवं पंचायत सचिव संजय मिंज ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन लेकर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे।



शिविर में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, सावित्रीबाई फुले, योजना, ऑऑ महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, मनरेगा, राजस्व, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्टाल पर ग्रामीण ने आवेदन दिया। इस दौरान पंचायत के नए वोटरों को पहचान पत्र भी दिया गया। शिविर में सबसे ज्यादा 300 से भी अधिक अबुआ आवास के आवेदन प्राप्त हुए। पंचायत के ग्राम दूरूप और दौना में बिजली कनेक्शन होने के बाद भी वर्षो से बिजली नहीं आने को लेकर आवेदन ग्रामीणों द्वारा शिविर में दिया गया। शिविर में आदिम जनजाति एवं वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। 17 छात्र-छात्राओं के बीच प्रत्येक साइकिल के लिए 4500 रुपये की राशि का चेक दिया गया। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ऑनलाइन किया जाता है, लेकिन दूरूप ग्राम नेटवर्क विहीन होने के कारण आवेदन को रजिस्टर में उतारा गया। ऑपरेटरों ने बताया कि आवेदनों को महुआडांड जाकर ऑनलाइन किया जायेगा।

### माल्हन में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड की माल्हन पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लातेहार एलआरडीसी उदय कुमार, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, प्रभारी एमओ रामनाथ याद, बीपीओ रतन कुमारी, झामुमो प्रखंड सचिव मो. इजहार ने संयुक्त रूप से किया। कई योजनाओं से लोगों को ऑन द स्पॉट लाभान्वित किया गया। सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, अंचल जमीन सुधार रसीद, लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, साइकिल का चेक, जॉब कार्ड, पौधा, कंबल आदि का वितरण किया गया। इस दौरान अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गए। मौके पर अंचल सीआई ऋषिदेव कुमार, शिशिर बारला, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति आदि मौजूद थे।

## शिविर में 258 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**



प्रखंड के छेंचा पंचायत सचिवालय में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, वरीय झामुमो नेता सह 20सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, मुखिया आशा देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा आदि ने किया। शिविर में 1794 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जबकि 258 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वही शिविर में आबुआ आवास योजना के 526 सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सर्वजन पेंशन योजना के 16 आवेदन प्राप्त हुए। जरूरतमंद लोगों के बीच 50 कंबल का वितरण हुआ। इसके अलावा धोती साड़ी, जॉब कार्ड आदि का वितरण हुआ। कार्यक्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

**पहल** शिक्षा विभाग से संबंधित बैठक में दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

# उपायुक्त ने की योजनाओं/ कार्यक्रमों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं (कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) व कार्यक्रमों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई।



उपायुक्त ने सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में डीएमएफटी योजना अंतर्गत आपूर्ति की गई सभी सामग्रियों की जानकारी एक-एक कर वार्डेन से ली। साथ ही उन्होंने आपूर्ति की गई सामग्री से बच्चे लाभान्वित हो रहे है या नही की जानकारी ली। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर छात्र, शिक्षक की उपस्थिति कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने 48 घंटे के अंदर संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बैंक खाता यू डैस चाइल्ड मेनडेटरी धीमी होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। सहायक अध्यापकों का फेक/प्रमाण पत्र सत्यापन की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2024 तक सक्षम प्राधिकार से निर्णय के उपरांत कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीइओ/बीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा जिन विद्यालयों में बूथ बनाया गया है उन विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय समेत अन्य कार्यो को पूर्ण पूर्ण कराएं। उपायुक्त ने सभी वार्डेन को निर्देश किया कि आईसीटी लैब क्रियाशील रखें। किसी कारणवश सरकारी सम्पतियां क्रियाशील नहीं रहती है तो संबंधित के उपर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, बीईओ संतोष कुमार सिंह, मंजु कुमारी एवं सभी वार्डेन, सभी बीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

## शिविर में दर्जनों लोग हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

निर्धारित कार्यक्रम के तहत बालू पंचायत भवन के पास सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि बालूमाथ प्रमुख ममता देवी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी राकेश कुमार, ऐश्वर्य उरांव, मुखिया शंध्या देवी आदि ने शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान अबुआ आवास, पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं के सैकड़ों आवेदन आए, जिनमें कई का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। मौके पर बीडीओ सोमा उरांव, अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, 20सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, परमेश्वर गंझू, झामुमो युवा अध्यक्ष औरंगजेब खान, अबुल भाई मौजूद रहे।



### सिबला में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातु।** प्रखंड सिबला पंचायत भवन के समीप बाजारटांड में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, बीपीओ रवि यादव समाजसेवी गौतम सिंह, लाखो भुइयाँ ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में कई छात्राओं को स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। वहीं कई ग्रामीणों को पौधा का वितरण किया गया। वहीं कई वृद्धों व असहायों के बीच धोती-साड़ी व कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम सुनील कुमार,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, अरविंद पांडेय, पीएम आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, डॉ नौशाद आलम, राजस्व उप निरिक्षक संदीप कुमार, नंदेव राम, राजू राम, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### अपहरण मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**कुडू।** कुडू थाना कांड संख्या 123/23 के प्राथमिक अभियुक्त रांची जिले के चान्हो थाना अंतर्गत सोंस गांव निवासी रवि महली और अप्राथमिक अभियुक्त बलसोकरा गांव निवासी शमीम अंसारी को कुडू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की के अपहरण मामले को लेकर लड़की की मां ने कुडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### शिक्षक कार्य समयानुसार करें : बीईईओ

**लोहरदगा।** शैक्षणिक कार्य के अलावे मासिक प्रतिवेदन भी आवश्यक है। शिक्षक समय पर रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। उक्त बातें मध्य विद्यालय लोहरदगा में आयोजित शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्टी में बीईईओ रामजीवन नायक ने कही। बीईईओ ने कहा कि शिशु पंजी फॉर्मेट में जमा करना है। साथ ही ईकल्याण, यूडाइस मेंडीटोरी फील्ड, प्रयास कार्यक्रम क्रियान्वयन से सबंधित रिपोर्ट यथाशीघ्र जमा करें। बैठक में शिक्षक शैलेन्द्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, मनी उरांव, अरुण राम,जितेंद्र मित्तल, विजय दास, एनामुल हक, मिथिलेश कुमार, मंजू देवी, सीमा शर्मा, अनिल सिंह, इंद्रावती देवी, सावित्री मधुर, सुबोध लाल साहू, सलोमी लकड़ा, रीता कुजूर, मुश्ताक अहमद, नव कुमार, चोन्हस उरांव, सत्यनारायण साहू, गंगा उरांव आदि मौजूद थे।

### जीत के लिए भाजपा ने जताया आभार

**कैरो।** चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में से तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत के साथ जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कांग्रेस कि लोक लुभावन वादे को जनता अब बेहतर ढंग से समझ चुकी है। विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ छलावा मिला। आजादी के सात दशक तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार ने भारत में शासन किया। जनता को धोखा देना कांग्रेस का मुख्य एजेंडा है, जिसको अब जनता बखूबी समझ गई है। आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत हासिल कर केंद्र की सत्ता पर बनी रहेगी। भारतीय जनता पार्टी की विकास नीति पर आम जनता को पूर्ण भरोसा है।

### पुलिस ने भैंस चोर को किया गिरफ्तार

**भंडरा।** भंडरा थाने की पुलिस ने सोमवार को भौरों पंचायत के घासिया गांव में छापेमारी कर भैंस चोर को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की सोरंदा घासिया टोली निवासी बंधनु उरांव ने 11 मार्च 2023 को अपने भैस की चोरो को को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को भैस चोर सोरंदा निवासी प्राथमिकी अभियुक्त सोरंदा गांव निवासी साहदेव लोहरा के 19 वर्षीय पुत्र बाबूलाल लोहरा को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

### पीएम के संदेश से महिलाएं लाभान्वित

**गुमला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को गुमला के बिशुनपुर प्रखंड के घाघरा पंचायत एवं सिसई प्रखंड के रेड़वा पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत सरकार के जागरूकता वाहन से लोगों ने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की और एलईडी वॉल पर प्रधानमंत्री का संदेश देखा और सुना। उक्त जानकारियों से विशेष कर ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हुईं। कार्यक्रम स्थल सभी को वर्ष 2024 का वार्षिक कैलेंडर तथा जागरूकता सामग्री भी दी गई। उपस्थित ग्रामीण जन ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी ली। दोनों कार्यक्रमों से ग्रामीण जनता काफी लाभानवित हुए और इस जागरूकता यात्रा को काफी सराहा।

### मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली गई

**लोहरदगा।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत 22 जनवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस निमित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा पूरे संपूर्ण भारत में निमंत्रण हेतु अयोध्या से कलश एवं अक्षत का वितरण किया जाएगा। इससे पूर्व कलश को प्रत्येक मंदिरों में नगर भ्रमण कर स्थापित किया जाएगा। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवा टोली मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली गई। जो बरवा टोली हनुमान मंदिर, ईस्ट गोला रोड देवी मंदिर, शिव मंदिर, महावीर चौक हनुमान मंदिर अप्पर बाजार होते हुए शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर गुदरी बाजार में कलश व अक्षत मंदिर में रखा गया। इसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राम लखन प्रसाद, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लाल ओंकार नाथ शाहदेव, मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर अध्यक्ष रमेश साहू, विभाग कारवा किनेश्वर महतो, नगर संचालक पुष्कर महतो, विश्व हिंदू परिषद संरक्षक परमेश्वर साहू, प्रांत पदाधिकारी प्रदीप राणा, विश्व हिंदू परिषद सह मंत्री रंजीत साहू, शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर अध्यक्ष सुमित राय उर्फ डब्लू, मंदिर पुजारी पंकज मिश्रा,बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष अशोक कसकर, साहू, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, बजरंग दल सनी कुमार साहू, बजरंग दल शाह गोरक्षा प्रमुख चंदन गोप, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति, नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल नगर सासंयोजक अनुभव कशकार आदि शामिल रहे।

### गुमला जिले के घाघरा प्रखंड की चुंदरी पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों को शत प्रतिशत आच्छादित करना उद्देश्य : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा (गुमला)**

घाघरा प्रखंड की चुंदरी पंचायत में सोमवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित गुमला जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को शत प्रतिशत आच्छादित करना है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीणों को उनके हक और अधिकार मुहैया कराने को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को ग्रामीणों को अबूवा आवास पेंशन योजना की जानकारी देकर योजना के लाभ से लाभान्वित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण उपस्थित होकर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ अधिक से अधिक प्राप्त करें।



मौके पर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित चार महिला मंडलों को बैंक द्वारा क्रेडिट लिंकेज की राशि 8 लाख का डेमो चेक सहित बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, वृद्धा विधवा पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्राओं को साइकिल की राशि सहित सोना सोबरन योजना के साड़ी धोती, सामाजिक सुरक्षा के कंबल का वितरण पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी के साथ लाभुकों के बीच किया। इसके उपरांत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कृषि कल्याण विद्युत आपूर्ति स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग खाद्य आपूर्ति विभाग राजस्व विभाग आत्मा परियोजना आवास योजना मनरेगा सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन की जानकारी ली। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने छोटकाटोली में पेयजल की व्यवस्था, चुंदरी पंचायत में काफी लंबे समय से अधूरा स्वास्थ्य उपकेंद्र को पूर्ण करते हुए स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने, चुंदरी नाथपुर ईचा मुख्य पथ के मरम्मत करने नाथपुर से चुनरी पंचायत में स्थापित उच्च विद्यालय में विषयवार शिक्षक की पदस्थापन करने। ग्रीन कार्ड में नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण बेति स्कूल में शिक्षक की कमी को दूर करते हुए चहारदीवारी कराने, बेटी जुगुनटोली पथ बनवाने सहित विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग रखी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी,आईटीडीए के निदेशक इंदु गुप्ता, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, प्रखंड नाजिर अजय नाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे।

# राज्य में 20 लाख लोगों का बना हरा राशन कार्ड : रामेश्वर उरांव

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोले मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को प्रखंड की बगडू पंचायत के जामुनटोली खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि आप सभी ने सरकार चुनी तो सरकार आपको शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पोषाक, धोती/लुंगी-साड़ी, दवाईयां समेत अन्य सुविधाएं दे रही हैं। अस्पतालों में डॉक्टर हैं, दवाइयां उपलब्ध हैं। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत हरा राशन कार्ड उन गरीब लोगों के लिए बनवाया गया जिन्हें अब तक किसी प्रकार का राशन कार्ड नहीं मिला था वे किसी प्रकार के खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित नहीं थे। हमारी सरकार बनने के बाद हमने राज्य में 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड योजना से जोड़ा जिससे काफी लाभ हुआ। अगले वर्ष और छूटे हुए लोगों को जोड़ेंगे। गरीबों के पास तन ढँकने के लिए कपड़े नहीं थे या कटे-फटे थे। सभी राशनकार्डधारियों को वर्ष में एक बार धोती या लुंगी व साड़ी का लाभ दिया गया। राशन कार्डधारियों को अब



दाल भी दिया जाएगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वर्ग के लोगों को राज्य सरकार पेंशन योजना का लाभ दे रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को गर्म कपड़े दिये जा रहे हैं।

#### तीन वर्ष में आठ लाख लोगों को देंगे आवास

मंत्री ने कहा कि जिन गरीब लोगों के पास खपरैल मकान हैं उन्हें पक्के मकान बनाने के लिए राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के तहत दो लाख रुपए देगी। अगले तीन वर्षों में आठ लाख लोगों को इस योजना का लाभ राज्य सरकार देगी। गरीब किसानों को कुआं निर्माण के लिए राज्य सरकार पैसे दे रही है। राज्य सरकार ने ग्रामीण परिवेश की संस्कृति को बचाये रखने के लिए सभी गांवों में अखाड़ा निर्माण का निर्णय लिया है। मांदर, नगड़ा, ढोल का भी वितरण होगा। लोहरदगा में 300 मांदर बांटा जा चुका है। पूरे राज्य में बांटा जाएगा।

**परिसंपत्तियों का किया गया वितरण :** मंत्री द्वारा बगडू पंचायत में धोती-साड़ी योजना और वृद्धावस्था पेंशन योजना से सांकेतिक रूप से कुछ लोगों को लाभान्वित भी कराया गया। आज के कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड आदि योजना से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना की ओर से बच्चों का अन्न प्राशन और गर्भवती माहिलाओं का गोद भराई का रस्म कराया गया। कार्यक्रम में 20 सूत्री सदस्य सुखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, किस्को के 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, किस्को प्रमुख सुचित्रा भगत, उप प्रमुख गीता देवी, किस्को 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुनिता देवी, मुखिया बगडू रानी,कुडू उप प्रमुख एनुल अंसारी, 20 सूत्री सदस्य किस्को जयमंत कुजूर, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व अन्य उपस्थित थे।

## लोहरदाग सरस्वती विद्या मंदिर बना संकुल चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विद्या भारती झारखंड की योजना अनुसार आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद (एथेलेटिक्स) प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा संकुल चैंपियन बना। यह प्रतियोगिता स्थानीय मनोहर लाल अग्रवाल प्लस टू विद्यालय में आयोजित हुई। संकुल स्तरीय इस प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा ने 13 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक और 5 कांस्य पदक प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को वंदना सभा में स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कमलेश उरांव सर्वश्रेष्ठ विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में कमलेश उरांव ने तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किये। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भैया बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय संकुल स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करता रहा है। इस उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण तथा आचार्य आचार्या ने बधाई एवं शुभकामना दी।

## सीडीपीओ ने भंडरा में सेविकाओं के साथ की बैठक, समस्याओं पर चर्चा

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को सीडीपीओ नंदीरानी ने सेविकाओं के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा गई। इस दौरान गर्भवती महिला, धातृ महिला, आंगनवाड़ी केंद्रों पर शून्य से पांच साल तक के अतिकुपोषित बच्चे, बीमार व्यक्ति व 80 साल से अधिक के वृद्धि व्यक्तियों की सूची को लेकर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में वर्गवार सेविका व सहायिका से संबंधित प्रतिवेदन, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता से संबंधित कागजात, मुख्यमंत्री कन्या कन्यादान योजना का सावित्रि बाई फूलो झानो, आधार सत्यापन, आंगनवाड़ी केंद्र का खुलना, लाभार्थियों को जोड़ना व अन्नप्राशन व गोद भराई सहित अन्य सामुदायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीडीपीओ ने सेविका व सभी कर्मियों को अविलंब सभी लंबित कार्यों का निष्पादन करने को कहा। उन्होंने अनियमितता बरतने वाले सेविका व महिला पर्यवेक्षिका पर कार्रवाई की बात कही। मौके पर पर्यवेक्षिका नीलम मिंज, मंजू उरांव, माया देवी, सुमित्रा देवी, शिला देवी आदि सेविका मौजूद थे।

# ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच विकास कार्य कर रही है सरकार : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा जिले में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस क्रम में सर्वप्रथम किस्को प्रखंड के ग्राम बगडु जामुन टोली एवं लोहरदगा नगर क्षेत्र के वार्ड 9, 14, 15 के अंतर्गत खादगढ़ा मैरेज हॉल कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरे राज्य की विभिन्न पंचायतों और वार्डों में शिविर लगाकर आयोजित किया जा रहा है। सरकार जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है। सारी समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक - आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े



मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन- परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा। कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन भी लिए जाएंगे, जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास किया जाएगा, आज पूरे राज्य में 20 लाख राशन कार्ड लाभुकों को हमारी सरकार ने उपलब्ध कराया है। इस गठबंधन सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पोटली बना कर जनता के द्वार तक जाएंगे। अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा एवं मकान की आवश्कता होती है जिसके लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर एवं तन ढकने के लिए धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी एवं पोषाहार भोजन के लिए चावल के साथ साथ दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत भी जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, शिक्षित लोगों के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन, इसके साथ साथ संस्कृति को बचाने के लिए विधायक निधि से सभी ग्राम में अखड़ा का निर्माण हमने लोहरदगा क्षेत्र में किया। लोहरदगा मॉडल के आधार पर झारखंड सरकार पूरे क्षेत्र में अखड़ा का निर्माण करेगी एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों के संरक्षण एवं महत्व को बढ़ाने के लिए मांदर एवं नगाड़ा का वितरण भी किया जा रहा है। परिसंपतियो का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एसडीओ अमित कुमार, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डीएसओ ज्ञानशंकर जयसवाल, बीडीओ अरुण उरांव, सिटी मैनेजर विजय कुमार, सिटी मैनेजर अनिल उरांव, सामुल अंसारी, संदीप गुप्ता सद्दुल अंसारी, युनूस अंसारी, जुगल भगत, सत्यदेव भगत, मुस्ताक अहमद, विशाल डुंगडुंग, तबरेज अंसारी, काले उरांव, उपेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### पहल | भड़गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# छह लाख रुपये की परिसंपत्ति का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र की भड़गांव पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के समीप मैदान में तृतीय चरण का आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया।

इसका शुभारंभ जिप सदस्य राधा तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, प्रशिक्षु उप समाहर्ता विजय रंजन तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, मुखिया एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वनांचल कला केंद्र के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम



स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, ई श्रम कार्ड, भू राजस्व व लगान, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं के स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर मौजूद जिप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इस सोच के साथ पंचायतवार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहेंगे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बताया कि सभी लोग आवेदन प्रपत्र भर कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी के पास जमा कर दें। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन योजना, कृषि योजना, मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच लगभग 6 लाख रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। साथ ही छात्र-छात्रओं को साइकिल खरीदने के लिये 4500 रुपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पंचायत सचिव नागमणी उरांव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, भगत, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, जेई मनु कुमारी, संजीत कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## मनिता को मिला कूप योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को प्रखंड के बगडू पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में किस्को बगडू जामुनटोली निवासी मनिता देवी को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। मनिता देवी ने बताया कि राज्य सरकार ने बहुत बढिया योजना लायी है जिससे किसान वर्ग को बहुत फायदा हो रहा है। सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण दूसरों के कुआं से सिंचाई के लिए पानी लेना पड़ता था। अब यह समस्या दूर हो जाएगी। मनिता ने इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।



### रतिया भगत को मंत्री के हाथों मिला पेंशन योजना का लाभ

मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने किस्को प्रखंड के बगडू पंचायत के बगडू जामुनटोली निवासी रतिया उरांव को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया। रतिया ने बताया कि पेंशन योजना का लाभ मिलने से वे काफी प्रफुल्लि्त हैं। राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है और इसके लिए वे मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हैं।



## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.50 डॉलर यानी 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 78.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

### भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री में अगले 2-3 तिमाहियों तक नियुक्तियां होंगी कम

**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट के अनुसार, मांग में मंदी के बीच भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री में अगली दो-तीन तिमाहियों में नियुक्तियां कम होने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय आईटी सर्विस कंपनियों ने वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही से वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की, क्योंकि कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटलीकरण की मांग में तेजी आई है। इसके साथ ही, टैलेंट की बढ़ती मांग के कारण इंडस्ट्री में नौकरी छोड़ने की दर भी बढ़कर 22-23 प्रतिशत हो गई। इसके चलते इंडस्ट्री की टॉप-5 कंपनियों ने वित्त वर्ष 2022 में रिकॉर्ड 2,73,000 कर्मचारियों और वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में 94,400 अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की।

### जेरोधा का काइट ऐप लगातार तीन महीनों में तीसरी बार हुआ बंद

**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ट्रेडिंग ऐप काइट को सोमवार को एक और तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, यह लगातार तीसरा महीना है, जब प्लेटफॉर्म को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। यह उस दिन हुआ जब शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर पर खुला। गड़बड़ी के कारण ऐप में लॉगिन नहीं कर पाने से निराश यूजर्स ने शिकायत के लिए एक्स की ओर रुख किया। एक यूजर ने लिखा, बेहद जरूरी दिन पर फिर से डाउन। क्या किसी और को जेरोधा के साथ समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमारे कुछ यूजर्स को काइट वेब में लॉग इन करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हम इस समस्या पर गौर कर रहे हैं। इस बीच, कृपया काइट मोबाइल ऐप में लॉगिन करें। लगभग एक घंटे बाद, ब्रोकरेज फर्म ने पोस्ट किया कि समस्या का समाधान हो गया है और असुविधा के लिए खेद है। हमारे कुछ यूजर्स को काइट में लॉगिन करने और मार्केटवॉच में इंस्ट्रूमेंट्स जोड़ने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर शेयर बाजार, चुनाव परिणामों से बाजार में जोरदार तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चार राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज जबरदस्त उत्साह नजर आया। शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुला। हालांकि शुरूआती कारोबार में मुनाफावसूली का मामूली दबाव भी बनता नजर आया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से बाजार एक बार फिर नए शिखर पर पहुंच गया।




पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.33 प्रतिशत और निफ्टी 1.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, कोल इंडिया और एनटीपीसी के शेयर 6.48 प्रतिशत से लेकर 2.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, मारुति सुजुकी, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और नेस्ले के शेयर 0.97 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,060 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,540 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 520 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई के सेंसेक्स ने आज 954.15 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 68,435.34 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 68,274.47 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। थोड़ी ही देर में सेंसेक्स 1,106.63 अंक की छलांग लगा कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 68,587.82 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे फिसल गया।

## सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी भी उछला

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन की वजह से देश के सरार्फा बाजारों में आज भी तेजी का माहौल बन हुआ है। देशभर के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज सोने की कीमत 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब रिकॉर्ड की गई। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली के सरार्फा बाजार में आज चांदी 80,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। माना जा रहा है कि शादी के सीजन की वजह से आने वाले दिनों में देश के सरार्फा बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में अभी और तेजी आ सकती है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## सिंधिया ने कमलनाथ व दिग्विजय से दूसरी बार लिया बदला

**ब्यूरो/ नई दिल्ली**




मप्र में कांग्रेस की इस शर्मिंदगी वाली हार में ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी बड़ा योगदान है। कांग्रेस के बुजुर्ग नेता कमलनाथ व दिग्विजय सिंह ने 2018 के विधान सभा चुनाव के बाद उनको किनारे लगाने की कोशिश की तो सिंधिया कांग्रेस तोड़ भाजपा में शामिल हो कर उनकी (कमलनाथ की) सरकार गिरा दी थी। और इस बार 2023 के चुनाव में उन्होंने अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में कांग्रेस को बहुत नुकसान पहुँचाकर उसका बदला ले लिया। 2018 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पार्टी (कांग्रेस) के लिए खूब प्रचार किया। तब उनको राहुल गांधी के करीबी होने के कारण मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जाता था।लेकिन राहुल गांधी ने परिवार के पुराने वफादार कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनवा दिया। जिससे नाराज सिंधिया ने 2020 में अपने समर्थकों सहित बगावत करके कांग्रेस से अलग हो कमलनाथ सरकार गिरा दी , और भाजपा में शामिल हो गये। उसके बाद फिर शिवराज की सरकार बन गई। इस विधान सभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनके प्रभाव वाले क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी। इस चुनाव में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर आए 13 नेताओं को टिकट मिला था। इनमें से 7 जीते 6 हार गये। लेकिन ग्वालियर झ चंबल क्षेत्र में 18 पर जीत हुईं। जबकि 2018के विधान सभा चुनाव में भाजपा 34 सीटों में से 7 जीती थी।कांग्रेस इस बार लुढ़क कर 66 सीटों पर आ गई है। कमलनाथ का फिर मुख्यमंत्री बनने का सपना चकनाचूर हो गया।

## स्पॉटिफाई करेगा 17 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

म्यूजिक स्ट्रीमिंग दिग्गज स्पॉटिफाई ने सोमवार को कंपनी भर में लगभग 17 प्रतिशत कार्यबल की छंटनी की घोषणा की। स्पॉटिफाई के संस्थापक और सीईओ डैनियल ऐक ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि कंपनी के लिए आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यबल का सही आकार बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने छंटनी के कारणों के रूप में धीमी आर्थिक वृद्धि और बढ़ी हुई पूंजी लागत का हवाला दिया और दावा किया कि कंपनी ने व्यवसाय में भारी निवेश करने के लिए 2020 और 2021 में कम लागत वाली पूंजी का उपयोग किया। डैनियल एक ने कहा, मैंने कंपनी में अपने कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 17 प्रतिशत कम करने का कठिन निर्णय लिया है। मैं मानता हूं कि इसका असर उन व्यक्तियों पर पड़ेगा, जिन्होंने बहुमूल्य योगदान दिया है। स्पष्ट कहें तो, कई स्मार्ट, प्रतिभाशाली और कड़ी मेहनत करने वाले लोग



हमें छोड़कर चले जाएंगे। टेकक्रंच के अनुसार, स्पॉटिफाई में लगभग 8,800 लोग कार्यरत हैं और नौकरी में कटौती के इस कदम से 1,500 से अधिक कर्मचारी प्रभावित होंगे। सेवरन्स पे के तहत, कंपनी सभी कर्मचारियों के लिए बेसलाइन के साथ शुरूआत करेगी, जिसमें औसत कर्मचारी को लगभग पांच महीने का सेवरन्स मिलेगा। इसकी गणना लोकल नोटिस पीरियड आवश्यकताओं और कर्मचारी कार्यकाल के आधार पर की जाएगी। कंपनी कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति अवधि के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना जारी रखेगी। सभी कर्मचारी दो महीने के लिए आउटप्लेसमेंट सर्विस के पात्र होंगे। इस साल स्पॉटिफाई द्वारा छंटनी का यह तीसरा राउंड है। जून में, कंपनी ने कॉर्पोरेट पुनर्गठन के हिस्से के रूप में अपने पॉडकास्ट डिवीजन से 200 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के 2 प्रतिशत को बर्खास्त किया था, जबकि जनवरी में, इसने वैश्विक स्तर पर अपने कार्यबल के 6 प्रतिशत या लगभग 600 कर्मचारियों को हटा दिया।

## गूगल का जेमिनी एआई अगले साल होगा लॉन्च

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने ओपनएआई के साथ प्रतिस्पर्धा करने के उद्देश्य से कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जेमिनी के लॉन्च को अगले साल जनवरी तक के लिए टाल दिया है। द इंफॉर्मेशन के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में अगले हफ्ते होने वाले जेमिनी इवेंट्स की एक सीरीज को गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने रद्द कर दिया है। कंपनी ने पाया कि एआई ने कुछ नॉन-इंग्लिश क्वेरीज का सही जवाब नहीं दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपकमिंग इवेंट्स, जिनकी सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई थी, गूगल के वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण प्रोडक्ट लॉन्च को चिह्नित करेंगे, क्योंकि इसने अपने कंप्यूटिंग संसाधनों पर दबाव डाला और ओपनएआई को तत्काल आगे बढ़ाने के लिए बड़ी टीमों का विलय किया। जेमिनी को एप्लीकेशन्स की वाइड रेंज को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड'

**एजेंसी। रांची**

भारत में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करते म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारत की वृद्धि दर्ज करती विनिर्माण थीम की क्षमता का दोहन करने के लिए एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह ताजा पेशकश एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना (प्लान) है, जो इंडिया मैन्युफैक्चरिंग थीम का प्रतिनिधित्व करती है और इसे निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई के अनुरूप बेंचमार्क किया जाएगा। यह एनएफओ 1 दिसंबर 2023 को खुलेगा और इसका लक्ष्य है, निवेशकों को भारत की विनिर्माण थीम की क्षमता का लाभ उठाने में मदद करना, जिसके आने वाले दिनों में वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। एनएफओ 15 दिसंबर 2023 तक खुला रहेगा। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री बी. गोप




कुमार ने बताया, एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड एक महत्वपूर्ण मौके पर आया है, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था को 'मेक इन इंडिया' जैसी रणनीतिक पहल और कई सुधारों से बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, यह थीमैटिक फंड, भारत की तेज वृद्धि के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जो भारत के औद्योगिक स्वरूप को पुनर्परिभाषित करते हैं। हम निवेशकों को एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड के साथ भविष्य को अपनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। यह एक ऐसा फंड जिसे भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं के साथ बढ़ने के लिए तैयार किया गया है।

## सरसों के तेल में झांझ के प्रति जागरूकता स्वतंत्र सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

**रांची ।** एनएफएक्स डिजिटल ने 'सरसों के तेल का झांझ जागरूकता सर्वेक्षण 2023 'झांझ की जांच' नामक एक स्वतंत्र सर्वेक्षण उत्तर और पूर्वी भारत के प्रमुख सरसों तेल बाजारों में किया गया। सर्वेक्षण से उपभोक्ताओं के बीच सरसों के तेल की प्राथमिक विशेषता झांझ के स्तर के बारे में जानकारी की कमी का पता चलता है। 85 प्रतिशत लोग अपने खाने में नियमित रूप से शामिल होने के बावजूद सरसों के तेल के सबसे महत्वपूर्ण लाभ - झांझ के स्तर से अनजान थे। सर्वेक्षण से पता चला कि उपभोक्ता विशिष्ट स्वाद और सुगंध के लिए सरसों के तेल की खपत का प्राथमिक कारण झांझ मानते हैं। उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सरसों के तेल में झांझ एक बेहतर स्वाद और सुगंध प्रदान करता है, जिससे यह उनके खाना पकाने का एक अनिवार्य घटक बन जाता है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर इमामी कच्ची घानी मस्टर्ड आयल' में माइल्ड, स्ट्रांग और पेश किया है।

## विदेश

# भारतीय मूल के डेव शर्मा ने ऑस्ट्रेलियाई संसद में सीनेटर के रूप में ली शपथ

**एजेंसी। कैनबरा**

भारतीय मूल के पूर्व सांसद डेव शर्मा ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के रूप में आधिकारिक तौर पर शपथ ली। 47 वर्षीय डेव शर्मा ने पिछले महीने पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष एंड्रयू कॉन्स्टेंस को हराकर विपक्षी लिबरल पार्टी से एनएसडब्ल्यू सीनेट पद जीतने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बन गए। इजरायल में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई राजदूत को शपथ लेने के बाद सहयोगियों ने उन्हें बधाई दी। शपथ लेने के दौरान उनके साथ उनके एनएसडब्ल्यू उदारवादी गुट के सहयोगी, एंड्रयू ब्रैग और मारिया कोवासिक भी मौजूद थे। सीनेटर कोवासिक ने एक्स पर लिखा, हमारे नए सीनेटर डेव शर्मा को आज



उनके शपथ ग्रहण समारोह में ले जाना सम्मान की बात है। लिबरल पार्टी के सुसान ले ने कहा कि शर्मा संघीय लिबरल टीम में एक स्वागतयोग्य सदस्य हैं। ले ने एक्स पोस्ट में लिखा, "उनके पास संसद और वरिष्ठ राजनयिक पोस्टिंग में मजबूत अनुभव है। डेव की गहरी विदेश नीति का विशेष रूप से स्वागत किया जाएगा, क्योंकि हम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे खतरनाक भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हैं।' संसद में प्रवेश करने से पहले एक कैरियर राजनयिक के रूप में, डेव को वाशिंगटन डीसी. और पोर्ट मोरेस्बी में भी तैनात किया गया था, उन्होंने बोगेनविले में शांति निगरानी समूह के साथ एक शांति रक्षक के रूप में कार्य किया। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री और कैबिनेट विभाग के भीतर अंतरराष्ट्रीय प्रभाग का नेतृत्व किया। उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, जहां उन्होंने कानून में प्रथम श्रेणी सम्मान के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की।कैम्ब्रिज से मास्टर ऑफ आर्ट्स और डीकिन यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ आर्ट्स (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) की डिग्री भी है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 11 पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा में मरापी ज्वालामुखी फटने से कम से कम 11 पर्वतारोहियों की जान चली गई। इस दौरान 12 अन्य लापता हो गए। यह जानकारी अल जजीरा ने खोज एवं बचाव दल के प्रवक्ता जोडी हरयावन के हवाले से दी है। अल जजीरा के अनुसार सोमवार को 11 पर्वतारोहियों के शवों के साथ तीन जीवित बचे लोग भी पाए गए। विस्फोट के समय क्षेत्र में 75 लोग थे। रविवार को 2,891 मीटर (9,485 फीट) ऊंचा ज्वालामुखी फटा था। मरापी सुमात्रा द्वीप पर सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में से एक है। इसका सबसे घातक विस्फोट अप्रैल 1979 में हुआ था। तब 60 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल, यह जनवरी और फरवरी के बीच फटा था।


**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................./ दिनांक ........................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.10.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–हुटार बस्ती के पास से 10 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप संख्या– JH06C3224 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर नवल किशोर, वनरक्षी के अभिरक्षा मे चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.12.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.312691 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D


दुबई 'जी77 जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन

# चीन हमेशा व्यापक विकासशील देशों के साथ

**एजेंसी। बीजिंग**

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विशेष दूत, उप प्रधानमंत्री तिंग श्येश्यांग ने 2 दिसंबर को दुबई में आयोजित 'जी77 और चीन' जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में भाग लिया और भाषण दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चीन दुनिया में सबसे बड़ा विकासशील देश होने के नाते हमेशा व्यापक विकासशील देशों के साथ खड़ा रहता है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि जी77 और चीन विकासशील देशों के लिए सहयोग का महत्वपूर्ण मंच है। हाल के वर्षों में चीन ने सक्रियता और स्थिरता से चरम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और कार्बन तटस्थता के प्रयास तेज किए हैं। अपने अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने के साथ चीन अन्य विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के मुकालबे में सहायता




भी देता है। चीन जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दक्षिण-दक्षिण सहयोग और बेल्ट एंड रोड का हरित निर्माण बढ़ाता है, जिसका विकासशील देशों ने स्वागत किया। तिंग श्येश्यांग ने कहा कि विश्व जलवायु शासन सुधारने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। जी77 और चीन को समान आवाज देने के साथ समान हितों की रक्षा करनी चाहिए। अनवरत विकास बढ़ाने के साथ हरित परिवर्तन विकास रणनीति को जोड़ना चाहिए। चीन व्यापक विकासशील देशों के साथ सहयोग घनिष्ठ बनाना चाहता है, ताकि हरित और कम कार्बन वाले भविष्य की ओर बढ़ा जा सके।

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अंडरस्टैंडिंग चाइना का समापन

**बीजिंग।** चीन के क्वांगचो शहर में 3 दिसंबर को वर्ष 2023 अंडरस्टैंडिंग चाइना अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। 30 से अधिक देशों और क्षेत्रों के 600 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मेहमानों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में चीनी और विदेशी प्रतिभागियों ने देश और विदेश में व्यापक दर्शकों को चीन की कहानी बताई। यह एक बार फिर दुनिया को चीनी शैली के आधुनिकीकरण के विकास में प्राप्त उपलब्धियों के सकारात्मक प्रभाव को समझने की अनुमति देता है। सम्मेलन में विभिन्न मेहमानों का विचार है कि इस महत्वपूर्ण मंच ने विभिन्न देशों के बीच मौजूद चीन को दुनिया को समझने में उपयोगी भूमिका निभाई है।

## 'क्या अंतरिम जमानत इतने लंबे समय तक बढ़ाया जा सकता है'

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी। सत्येंद्र जैन फिलहाल अंतरिम चिकित्सा जमानत पर बाहर हैं। शुरूआत में, जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मामले को स्थगित किया जा सकता है क्योंकि न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना बीमारी के कारण नहीं बैठ रहे हैं। सिंघवी ने कहा कि जैन की याचिका पर विशेष पीठ पहले ही सुनवाई कर चुकी है और इसे अगले साल जनवरी में सुनवाई के लिए पोस्ट किया जा सकता है। इस पर न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी ने टिप्पणी की, ॑हमें यह देखना होगा कि क्या अंतरिम आदेश (चिकित्सा आधार पर जमानत देना) इतने लंबे समय तक जारी रह सकता है? वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि जब भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अधिसूचित एक विशेष पीठ ने आंशिक रूप से मामले की विस्तार से सुनवाई की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –01/2023–24**

**षष्टम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 06/12/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 12/12/2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, –12/12/2023 के अपराहन 5.00 बजे से। प्रमण्डल झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 14/12/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963

10.कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltration wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confirming WHO norms for the Year 2023-24 (15-11-23 to 31-3-24) | 13,64,373.00 | 27,300.00 | 2500.00 | 31-03-2024 |

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 312658 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## यदि अवसर का लाभ नहीं उठाया जाय, तो योग्यता का कोई मोल नहीं रह जाता।: अज्ञात

# मुहिम का हिस्सा बनें

**केंद्रीय** जल शक्ति मंत्रालय ने पिछले दिनों एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें जल संचय को लेकर सोचने की जरूरत है। भूजल की स्थिति को लेकर यह चिन्ता सरकार और सरकारी संस्थानों से पलटवार आम नागरिक के लिए बहुत जरूरी है। एक खुशखबरी यह भी कि पिछले साल की तुलना में झारखंड में इस बार भूजल के दोहन में कमी आई है। लेकिन यहां के कई जिलों में दोहन जारी है। भूजल का दोहन इन्डस्ट्रीज इलाकों में ज्यादा हो रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि झारखंड के छह जिलों में स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में भूजल का स्तर कैसे अधिक हो इस पर अमल करने की जरूरत है। गर्मी के दिनों में पानी के लिए मारामारी आम बात है। गर्मी के दिनों में जल का स्तर घट जाने से कुएं और तालाब सूख जाते हैं। पानी की कमी को दूर करने के लिए लगातार गहरी बोरिंग और ट्यबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन होने से जल का स्तर काफी नीचे चला जाता है। अभी बरसात गुजरा है। पानी का संचय कैसे हो,इस पर चर्चा जरूरी है। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। भूजल के स्तर का घटना बड़ी समस्या है। लेकिन दुर्भाग्य इस ओर सरकार के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं का ध्यान नहीं के बराबर होता है। मौसमी माह में संगीत का बजना शुरू हो जाता है। पानी की किल्लत होने से पूरा जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। यह कोई छोटी-मोटी समस्या नहीं है। अतः इससे निपटने के लिए हो रहे प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है। आने वाला दिन पानी को लेकर भयावह स्थिति से गुजरने वाला है। बावजूद चुप्पी का मतलब समझ से बाहर है। इस काम के लिए कठोर कानून बनाने की जरूरत है। जल ही जीवन है। इस वाक्य को जीवन में लागू करने की जरूरत है। तभी इस नारे की उपयोगिता सार्थक होगी। जल संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयास को सार्थक परिणाम मिले। इसके लिए समाज के हर तपके के लोगों का साथ चाहिए। यह सोचना जरूरी है कि जल का संरक्षण कैसे किया जाये। पर्यावरण की रक्षा से जल का संचय किया जा सकता है। अधिक से अधिक पेड़ लगाये जायें। साथ ही बेकार बह रह पानी को रोकने की दिशा में लगातार प्रयास होने चाहिए। वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देकर इस अभियान को गति दी जा सकती है। नेचर के साथ खिलवाड़ भारी पड़ सकती है। गहरी बोरिंग से काम अधिक दिनों तक नहीं चलने वाला है। ऐसे में सालो भर भूजल की बाबत कार्य को गति दी जानी चाहिए। यह विषय गहरी सोच भरी है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। तभी हमारे सांस्कृतिक आंगन में विविध प्रकार के फूल मुस्कराकर हमारे जीवन का अभिनंदन करेगें। मानव जीवन की यह त्रासद भरी दिनचर्या है कि जल संचय की ओर अभी तक हमारा ध्यान नहीं गया है,या यूं कहें कि इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यह वक्त सोचने विचारने का नहीं अपितु काम करने का है। आइये...इस मुहिम का हम सभी हिस्सा बनें।

> **भूजल का दोहन इन्डस्ट्रीज इलाकों में ज्यादा हो रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि झारखंड के छह जिलों में स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में भूजल का स्तर कैसे अधिक हो इस पर अमल करने की जरूरत है। गर्मी के दिनों में पानी के लिए मारामारी आम बात है। गर्मी के दिनों में जल का स्तर घट जाने से कुएं और तालाब सूख जाते हैं। पानी की कमी को दूर करने के लिए लगातार गहरी बोरिंग और ट्यबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन होने से जल का स्तर काफी नीचे चला जाता है। अभी बरसात गुजरा है।**

### इन दिनों

# हिन्दी पट्टी में भाजपा की जीत के मायने


ऋतुपर्ण दवे



**निश्चित** रूप से विधानसभा चुनाव के नतीजों से अगर सबसे ज्यादा किसी में उत्साह होगा तो वह है भाजपा। उसमें भी मध्य प्रदेश के नतीजों ने तो जैसे भाजपा के उत्साह में सुनामी ला दी। बहरहाल यह मोदी मैजिक ही है जिसने हिन्दी पट्टी वाले राज्यों में विपक्ष या कहें कि नवगठित इंडिया गठबंधन के सपने धराशायी कर दिये। माना कि मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना ने कमल के लिए कमाल का काम किया, लेकिन छत्तीसगढ़ में आखिर ऐसा क्या हुआ जो गाय, गोबर, गोठान, महतारी योजना, आत्मानन्द स्कूलों के बाद भी नतीजे एकदम उम्मीद से इतर आए? जबकि राजस्थान में जादूगर अशोक गहलोत का चलते दिख रहे जादू पर भाजपा का जादू भारी पड़ गया। तेलंगाना में जरूर कांग्रेस को झोली में उम्मीद से ज्यादा हासिल मिला। शायद भारत की यही विविधता है। विश्लेषण के लिहाज से इन नतीजों के मायने काफी गहरे हैं। इन्हें 2024 के आम चुनाव से जोड़ा जायेगा। चारों नतीजों में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश की ही चर्चा होगी जिसे संघ की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। जहां बढ़े मतदान के बाद तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे थे। चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाये गये, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गये। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है। बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्य प्रदेश में एक अंडर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरे ने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक साबित हुई। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्य प्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना रहे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे। निश्चित रूप से भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आए। इसके साथ ही सांसदों और केन्द्रीय मंत्रियों को उतारने से भाजपा ने एक तीर से कई निशाने भी साधे। मध्य प्रदेश के नतीजों के बाद शिवराज सिंह का वह बयान बार-बार याद आता है जिसमें उन्होंने कहा था कि टाइगर अभी जिंदा है। लेकिन सच तो ये है कि टाइगर बहुत फुर्तीला है। कहने की जरूरत नहीं कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह फिर मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ में सम्मानजनक स्थिति के बाद फैसला केन्द्रीय नेतृत्व के हाथों होगा। कमोबेश यही स्थिति राजस्थान में होगी। वहां वसुन्धरा या कोई और का सवाल अभी कई दिनों तक रहेगा। एक अकेले तेलंगाना में कांग्रेस को मुख्यमंत्री तय करने में कैसी चुनौती आयेगी नहीं पता लेकिन इतना तो है कि गिरे मनोबल से वहां इस बार पुरानी चूक नहीं दोहराई जायेगी। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने भी सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने के लिए कोशिश नहीं कीं। परन्तु सच्चाई यही है कि कांग्रेस संगठनात्मक तौर पर भाजपा के मुकाबले 19 नहीं बल्कि 8-10 ही रह गई है। बरसों पुराने कार्यकर्ता, नई टीम का अभाव, लोगों से जुड़ाव पर ध्यान नहीं देना, हर गांव, शहर के छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भोपाल कनेक्ट दिखाना और प्रदेश के कई नेताओं के अनजान कस्बों में लगे होर्डिंग से कांग्रेस वैसा कनेक्ट नहीं कर पाई जो स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नगर, वार्ड, बूथ और पन्ना प्रमुख कर सके।

> **चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाये गये, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गये। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है। बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्य प्रदेश में एक अंडर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरे ने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक साबित हुई। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्य प्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना रहे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे। निश्चित रूप से भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आए।**

## आप की बात

### नाली, सड़क की घोर समस्या

मेदिनीनगर के वार्ड नंबर 11 में बरसात के अलावा सामान्य दिनों में भी नाली का पानी सड़क पर जमा होने के कारण राहगीरों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार नाली और सड़क की समस्या को लेकर नगर निगम प्रशासन को इससे अवगत कराया है। इसके बाद भी यहां के सड़क और नाली का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। बारिश के दिनों में तो सड़क तालाब में तब्दील हो जाते हैं। इस रास्ते में कई बार लोग बाइक से गिरकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इतना ही नहीं बीएन कॉलेज मार्ग की स्थिति तो और भी दयनीय है। सड़क पर हर जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जो कि लोगों के लिए परेशानियों का सबब बने हुए हैं। इसके साथ ही वार्ड नंबर 11 में सप्लाई पानी के लिए लोगों को 1 किलोमीटर दूर चल कर जाना पड़ता है। सप्लाई पानी नल लगाने के लिए भी यहां के स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम से आग्रह किया है। इसके बाद भी नगर निगम के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि वार्ड नंबर 11 नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में काफी पिछड़ा वार्ड है। इस क्षेत्र के सभी सड़क नाली इतने जर्जर हैं कि लोगों को पैदल चलने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुविधा के घोर अभाव के बाद भी नगर निगम टैक्स के नाम पर लोगों से जबरन पैसा वसूली करते नजर आते हैं।

– उपेन्द्र कुमार

### प्रकृति

# महर्षि अरविन्द हैं आध्यात्मि क्रांति के सशस्त हस्ताक्षर


ललित गर्ग

**देश** के महान क्रांतिकारियों में से एक महर्षि अरविन्द देश की आध्यात्मिक क्रांति की के सशस्त हस्ताक्षर थे। वे एक क्रांतिकारी, योगी, समाज-सुधारक, विचारक एवं दार्शनिक थे। क्रांतिकारी इसलिए की वे गरमदल के लिए प्रेरणास्त्रोत थे और दार्शनिक इसलिए की उन्होंने 'क्रमविकास' का एक नया सिद्धांत गढ़ा। दर्शनशास्त्र में जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के साथ उनका नाम भी जोड़ा जाता है। उन्हीं के आह्वान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। वे व्यक्ति नहीं, धर्म, दर्शन, योग, साहित्य साधना, संस्कृति एवं राष्ट्रीयता के प्रेरणापुरुष थे। पर हमारे सामने समस्या यह है कि हम कैसे मापे उस आकाश को, कैसे बांधे उस समन्दर को, कैसे गिने बरसात की बूंदों को? अरविन्द के क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक जीवन की उपलब्धियां उम्र के पैमानों से इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। उन्होंने पुरुषार्थ से न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र का भाग्य रचा, जो आज भी हमारे जीवन की दशा एवं दिशा बदलने में सक्षम है। क्रांतिकारी महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता (बंगाल की धरती) में हुआ। उनके पिता के.डी. घोष एक डॉक्टर तथा अंग्रेजों के प्रशंसक थे। पिता अंग्रेजों के प्रशंसक लेकिन उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गये। अरविन्द ने युवा अवस्था में स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारी के रूप में भाग लिया, किन्तु बाद में यह एक योगी बन गये और इन्होंने पांडिचेरी में एक आश्रम स्थापित किया। वेद, उपनिषद ग्रन्थों आदि पर टीका लिखी। योग साधना पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। उनका पूरे विश्व में दर्शन शास्त्र पर बहुत प्रभाव रहा है और उनकी साधना पद्धति के अनुयायी सब देशों में पाये जाते हैं। वे कवि भी थे और गुरु भी। अरविन्द के पिता डॉक्टर कृष्णधन घोष उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर उच्च सरकारी पद दिलाना चाहते थे, अतएव मात्र 7 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने इन्हें इंग्लैण्ड भेज दिया।

> **महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता में हुआ। उनके पिता के.डी. घोष एक डॉक्टर व अंग्रेजों के प्रशंसक थे। पिता अंग्रेजों के प्रशंसक लेकिन उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गये।**



## बोधि वृक्ष

# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

**ऋषियों** को दूसरों के अनुसरण के लिए उदाहरण स्थापित करने थे और इसलिए उन्होंने स्वयं को संदेह या उदारता का जरा भी लाभ नहीं होने दिया। पहले चार बेटों ने इनकार कर दिया क्योंकि वे अहंकारी फिल्टर के माध्यम से अपने पिता के सच्चे इरादों और शक्तियों को नहीं देख सकते थे। सबसे छोटे राम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए अपनी माँ को मार डाला और फिर पिता के आदेश पर अपने भाइयों को भी अपने पिता की आज्ञा का उल्लंघन करने के पाप के लिए मार डाला। इस प्रकार हम देखते हैं कि दोनों राम (परशुराम और दशरथ राम) पिता, माता और गुरु की आज्ञा का पालन करने में महान थे। गुरु की आज्ञा मानना ही सर्वोत्तम यज्ञ, सर्वोत्तम तप और सर्वोत्तम साधना है। गुरु की आज्ञा का पालन करना (इस मामले में पिता ही गुरु है) सर्वोच्च धर्म है जैसा कि श्री गुरु चरित्र, श्री साई सच्चरित्र, श्री गीता और श्री रामायण आदि में बताया गया है। जमदग्नि राम की आज्ञाकारिता से प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान दिया। राम ने अपने पिता से उनकी माँ और भाइयों को जीवित करने के लिए कहा और ऋषि ने उनकी बात मान ली। वह उस युग में ऋषियों की शक्ति थी! उनके तप ने उन्हें वह शक्ति दी! रेणुका के सिर कटे शरीर को चिन्ना मस्ता (बिना सिर) नाम की देवी के रूप में पूजा जाता है, जिन्हें अपने बाएं हाथ से अपना सिर पकड़े हुए दिखाया गया है और रक्त की तीन धाराएं तीन नाड़ियों, इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**जमदग्नि की मृत्यु :** हैहय वंश के शक्तिशाली राजा कार्तवीर्यार्जुन का जन्म दो छोटे और कमजोर हाथों के साथ हुआ था। उस विकृति का कारण एक और दिलचस्प कहानी है। एक बार सुदर्शन चक्र को अपनी शक्तियों पर काफी घमंड हो गया था और श्री महा विष्णु ने सुदर्शन को कमजोर हाथों वाले इंसान के रूप में जन्म लेने का श्राप दे दिया था। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से




अपने पत्र हमें इमेंल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

# सैम बहादुर के बहाने याद जेनरल मानेकशॉ की


आर.के.सिन्हा

**सैम** हॉरमुसजी फेमजी जमशेद जी मानेकशॉ को देश 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में भारतीय थल सेना का कुशल नेतृत्व करने वाले एक सेनाध्यक्ष के रूप में कृतज्ञ भाव से याद करता है। वे फील्ड मार्शल का पद हासिल करने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी थे। अब उनके जीवन पर आधारित फिल्म सैम बहादुर के रीलिज होने के साथ ही यह मौका है कि हमारे सारे देशवासी खासकर के युवा पीढ़ी उनकी शख्सियत को फिर से जाने-समझे। उन्हें सैम मानेकशॉ और सैम बहादुर भी कहा जाता था। वे 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने थे। इससे पहले उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के साथ-साथ भारत की चीन और पाकिस्तान के साथ हुई तमाम जंगों में अहम भूमिका निभाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी, जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। दरअसल जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, रणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होती ही है। 1971 की जंग के नायकों की बात होगी तो अनेकों नायक सामने आयेंगे। इस बाबत जेनरल जगजीत सिंह अरोरा और जेनरल जैकब से लेकर सेकिंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को भी याद भी किया जायेगा। उस जंग में भारत की विजय पर बात तब तक अधूरी रहेगी जब तक अरुण खेत्रपाल के पराक्रम की चर्चा ना हो जाय। उनके पिता भी उस जंग में लड़ रहे थे। अरुण खेत्रपाल ने पंजाब-जम्मू सेक्टर के शकरगढ़ में शत्रु के दस टैंक नष्ट किये थे। वे तब मात्र 21 साल के थे। इतनी कम आयु में अब तक किसी को परमवीर चक्र नहीं मिला है। नोएडा का अरुण विहार सेकिंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के नाम पर ही है।

> **सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे।**

## टेक वर्ल्ड

# एक्स ला रहा है दो नये प्लान्स

**शुरूआत** में जब सोशल मीडिया का दौर चला था तो कई सारे लेखक प्रतिक्रिया में रहते थे कि जब यूजर्स इसके आदी हो जाएंगे तो लाइक और कमेंट के भी पैसे लगेंगे और एक्स इसको बिल्कुल सही साबित करता जा रहा है। ट्विटर अब पूरी तरह से X बन चुका है और एलन मस्क जिन्हें दुनिया ना केवल सबसे बड़े अरबपति के रूप में जानती है, बल्कि इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर के रूप में भी उनकी पहचान है, उन्होंने ट्विटर को पूरी तरह से बदल दिया। इस बदलाव की कड़ी में वह दो प्रीमियम पेड प्लांस के साथ आने वाले हैं, जिसमें पहला 8 डॉलर मंथली से कम का प्लान होगा। वहीं दूसरा प्लान थोड़ा महंगा होगा जो सभी प्रकार के विज्ञापनों को हटा देगा। जाहिर तौर पर एक्स की अपनी एक अलग लोकप्रियता है और उसी लोकप्रियता को एलन मस्क पूरी तरह से भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। एलन मस्क ने जब से ट्विटर को खरीदा है वह आमदनी बढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रयोग को लगातार रोल आउट कर रहे हैं। हालांकि बहुत सारे फॉलोअर्स उनके इस प्रयासों को पसंद नहीं भी कर रहे हैं। जैसे एक फॉलोअर द्वारा इस प्रयास पर कमेंट किया गया कि एक को ज्यादा मोनेटाइजेशन पेआउट सिस्टम पर कार्य करना चाहिए। खैर कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना। लेकिन आपको बता दें कि कम रुपए वाले प्रीमियम प्लान में यूजर्स को सभी फीचर मिलेंगे लेकिन उसमें एडवर्टाइजमेंट भी रहेगी यानी ऐड भी आपको दिखेगा।

■ विंध्यवासिनी सिंह

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# शादी से पहले हेल्दी व शाइनी बालों के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

अगर आप भी लंबे, हेल्दी और शाइनी बाल पाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा सा बदलाव करना होगा। ऐसे में बालों को हेल्दी और शाइनी बनाने के लिए आपको यह टिप्स अपनाने चाहिए।
काले, लंबे और घने बाल हर किसी को पसंद होते हैं। ऐसे में महिलाएं हो या फिर पुरुष सभी अपने बालों को हेल्दी और शाइनी बनाए रखने के तरीके खोजते हैं। वहीं शादियों के सीजन की भी शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में लड़का हो या लड़की सभी अपने बालों, स्किन आदि को बेहतर बनाने के लिए कई तरह के उपाय करते हैं। बता दें कि हमारे खानपान का असर हमारी सेहत पर पड़ता है।
ऐसे में अगर आप भी लंबे, हेल्दी और शाइनी बाल पाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा सा बदलाव करना होगा। हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपको अपनी डाइट में किन चीजों को शामिल करना चाहिए। जिससे आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिल सके।

### तेल से करें मसाज

बालों को हेल्दी और शाइनी बनाने के लिए आप सिर पर तेल की मसाज जरूर करें। इसके लिए आप नारियल तेल, जैतून तेल और तिल के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन तेलों में प्रर्याप्त मात्रा में विटामिन और मिनरल्स पाया जाता है। जो आपके बालों को हेल्दी और शाइनी बनाने में मदद करेंगे। बता दें कि तिल के तेल में आयरन, कॉपर, जिंक, कैल्शियम और मैग्नीशियम पाया जाता है। जो आपके बालों की हेल्थ के लिए अच्छे होते हैं। वहीं नारियल तेल में कैल्शियम, मैग्नीशियम, मिनरल्स और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।

### बालों के लिए जरूरी है प्रोटीन



इसके साथ ही बालों को हेल्दी बनाने के लिए आप अपनी डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स को शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप दही, अंडा, मूंगफली और सोयाबीन का सेवन कर सकती हैं। अगर आप प्रोटीन से भरपूर डाइट लेती हैं, तो इसका असर जल्द ही आपको सेहत और बालों दोनों पर देखने को मिलेगा।

### हरी सब्जियों का करें सेवन

बालों को लंबा और घना बनाने के लिए आप फल और सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करें, जिससे आपके बालों की क्वालिटी में सुधार होता है। फल और सब्जियों में अच्छी मात्रा में मिनरल्स, विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो आपके बालों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं और अच्छी ग्रोथ देते हैं। वहीं करी पत्ता जिसे मीठी नीम भी कहा जाता है, यह भी आपके बालों को बेहतर बनाने में मदद करता है।

### ध्यान रखें ये बातें

अगर आप भी बालों की ग्रोथ के साथ इनको शाइनी और हेल्दी बनाना चाहते हैं। तो तली भुनी और मीठी चीजों का कम से कम सेवन करें। बालों को धोने के फौरन बाद शैंपू न करें। साथ ही समय पर बालों में तेल जरूर डालें। रोजाना स्कैल्प की मसाज करें। इससे ब्लड फ्लो अच्छा होगा और बालों की ग्रोथ अच्छी होगी।

## चार लोग क्या कहेंगे



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', मो. नं. 73 8657 8657 (प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

**यह** दुनिया भी बड़ी गजब है। इसे समझने के लिए किसी के पास कोई कुंजी नहीं है। बाल सफेद हो जायेंगे फिर भी दुनिया के रंग समझ से परे रहेंगे। यहां अच्छाइयों में खामियां और खामियों में अच्छाइयां निकालने वाले कदम पर कदम पर मिल जायेंगे। गांधी के पुजारी तो गोडसे के प्रशंसक भी मिल जायेंगे। आज कबीर होते तो उनके लिखे दोहों - काल करै सो आज कर और धीरे-धीरे रे मना में समय को लेकर विरोधाभासी स्वर के लिए उन्हें लताड़ देते। इसीलिए यह दुनिया बड़ी गजब है। जब तक उसे समझने का प्रयास करते हैं, तब वह अपनी समझ बदल लेता है।
अब देखिए न यदि कोई धीरे-धीरे संयमता के साथ काम करता है तो उसे बाबा आदम के जमाने का इंसान बताकर उसकी खिल्ली उड़ाते हैं। यदि कोई बड़ी तेजी से काम करता है तो उसे कौनसी शताब्दी पकड़ना है बताकर उसका हौंसला को पस्त कर देते हैं। यदि कोई आत्मविश्वास दिखाने का साहस करता है तो उसे बड़ा अहंकारी बताकर उसका आत्मविश्वास जमीन के भीतर दफना देते हैं। यदि दुखी होता है तो उसे भीरू, कायर, डरपोक नामों से पुकारने की चेष्टा करते हैं। यदि संभाल-संभालकर रुपया पैसे खर्च करते हैं तो उसे कंजूस कहकर उसका मजाक बनाते हैं। यदि वह रुपए-पैसे खर्च करता है तो उसे आडंबर व नौटंकी करने वाला कहते हैं। यदि वह किसी पर संदेह करता है तो उसे शक्की कहकर ताना कसते हैं। यदि वह किसी पर विश्वास करता है तो उसे भोला-नादान कहकर उसके भोलेपन का परिहास करते हैं। यदि वह किसी से लड़ने-झगड़ने से बचता है तो उसे नामर्द या नपुंसक कहकर उसके लिंग पर प्रश्नवाचक चिह्न लगा देते हैं। यदि कोई पीड़ा में कराह उठता है तो उसे मौज-मस्ती समझने वालों की कोई कमी नहीं हैं यहाँ पर।
कुल मिलाकर दुनिया वाले क्या कहेंगे के डर से कई प्रतिभा के धनी मन मसोसकर रह जाते हैं। इसीलिए कहा गया है कि जिसे दुनिया पहले पागल कहती है वही आगे जाकर उनका सरताज होता है। दुनिया कदम कदम पर आपका कटाक्ष करने के लिए मौके तलाशती रहती है। इसलिए कटाक्षों की चिंता मत करो।

# सर्दियों के मौसम के लिए बेस्ट है ये ब्राइडल फेशियल किट...

सर्दियों के मौसम में अगर आप सही से फेशियल करती हैं। तो यह आपके चेहरे पर अच्छा ग्लो लेकर आएगा। हांलाकि आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेशियल ले सकती हैं। आज हम आपको 5 बेस्ट फेशियल के बारे में बताने जा रहे हैं। इस समय शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में पार्लरों में बहुत भीड़ होती है। जिसके कारण लोग पार्लर जाने से कतराते हैं। ऐसे में अगर आप भी पार्लर नहीं जाना चाहती हैं, तो होम फेशियल किट्स काफी मददगार साबित हो सकती हैं। सर्दियों के मौसम में अगर आप सही से फेशियल करती हैं। तो यह आपके चेहरे पर अच्छा ग्लो लेकर आएगा। हांलाकि आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेशियल ले सकती हैं। जिनका इस्तेमाल कर आप भी शादी में सबसे खूबसूरत नजर आ सकती हैं।

**वीएलसीसी गोल्ड फेशियल किट :** वीएलसीसी गोल्ड फेशियल किट काफी ज्यादा फेमस है। इस फेशियल किट में 4 पाउच आते हैं। जिनमें फेस स्क्रब, पील ऑफ मास्क, फेशियल जेल और मसाज क्रीम होती है। इसके साथ ही ब्लीच की एक छोटी सी डिब्बी आती बै। जिसके फेस पैक से एक दिन पहले अपने फेस पर लगाना होता है। हांलाकि इन सभी प्रोडक्ट में सभी इंस्ट्रक्शन दिए होते हैं। वहीं अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो भी इसका प्रोसेस आपकी त्वचा पर कोई असर नहीं डालेगा। आपको सिर्फ यह ध्यान रखना है कि फेशियल करने से एक दिन पहले ब्लीच का इस्तेमाल करना होगा। इसके साथ ही यह फेशियल ऑयली स्किन वालों के लिए परफेक्ट साबित हो सकता है।



**शहनाज हुसैन फेशियल :** शहनाज हुसैन का गोल्ड फेशियल किट भी बेस्ट होता है। यह आपकी स्किन में ग्लो लाने के साथ ही त्वचा को मॉइश्चराइज करने का काम करता है। इस किट में भी चार प्रोडक्ट होते हैं। इसमें आपको गोल्डन स्क्रब, गोल्डन क्रीम, गोल्डन जेल और गोल्डन मास्क। इस फेशियल प्रोसेस को पूरा करने में आपको 40 मिनट से ज्यादा नहीं लगेगा। आपको अगर शादी या पार्टी में जाना है, तो यह फेशियल किट आपका सबसे अच्छा साथी साबित हो सकता है। शहनाज हुसैन कंपनी दावा करती है कि इस फेशियल में एंटी-एजिंग फॉमूर्ला है। जो आपकी स्किन फाइन लाइंस को कम करने का काम करता है।

**ओ3 फेशियल किट :** लॉरियल पैरिस का ओ3+ एडवांस फेशियल किट भी आपकी स्किन को अच्छा ग्लो दे सकता है। इसमें स्क्रब, मसाज जेल आदि काफी लाइट होता है। जो आपकी स्किन को आराम से साफ करने का काम करता है। अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो यह फेशियल एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। यह आपकी स्किन क्वालिटी और स्किन टेक्स्चर को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**ओरीफ्लेम टी-ट्री फेशियल किट :** टी-ट्री ऑयल और रोजमेरी दोनों ही स्किन के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। यह आपकी स्किन के टेक्शचर को सुधारने का काम करता है। साथ ही आपकी त्वचा में ग्लो लाने का काम करता है। इस किट को इस्तेमाल करने में सिर्फ 30 मिनट का समय लगता है। इसके इस्तेमाल से आपको स्किन पर असर साफ पता लगेगा। इस प्रोसेस में आपको ओरिफ्लेम टी ट्री फेशियल जेल से अपने फेस को साफ करें। इसके बाद स्क्रब, मास्क और फेशियल क्रीम का इस्तेमाल करें।

**लोटस हर्बल डायमंड सेल्लुलर रेडियंस फेशियल किट :** लोटस हर्बल डायमंड सेल्लुलर रेडियंस फेशियल किट बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। यह फेशियल किट लो बजट में मिल जाता है। इसमें 6 प्रोसेस हैं। इस कंपनी का दावा है कि इससे आपकी स्किन रेडियंट और ग्लोइंग बनती है। इसमें पर्ल एक्सफोलिएटर इस्तेमाल किया जाता है, फिर रेडिएंट स्किन एक्टिवेटर से मसाज, मसाज क्रीम और फिर आखिरी में फेस पैक का इस्तेमाल किया जाता है। यह प्रोडक्ट डीप क्लींजिंग के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

# सर्दियों में गुलाबी निखार पाने के लिए लगाएं टमाटर के फेस पैक

सर्दियों में चलने वाली ठंडी हवाएं हमारी त्वचा को ड्राई बनाती हैं और स्किन के ग्लो को कम करती है। ऐसे में आप सर्दी के मौसम में नेचुरल तरीके से अपनी स्किन केयर कर सकती हैं, इसके लिए आपको ज्यादा पैसे भी नहीं खर्च करने पड़ेंगे। सर्दियों में हमें न सिर्फ अपनी सेहत बल्कि त्वचा का भी खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में चलने वाली ठंडी हवाएं हमारी त्वचा को ड्राई बनाती हैं और स्किन के ग्लो को कम करती है। जिसके चलते सर्दियों में स्किन का कलर थोड़ी डार्क हो जाती है। हांलाकि सर्दियों में स्किन की देखभाल करने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह महंगे प्रोडक्ट होने के बाद भी कई बार हमें मनमुताबिक रिजल्ट नहीं मिलता है।
ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में अपनी स्किन को ग्लोइंग और हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से सर्दियों में टमाटर का फेस पैक आपकी स्किन के लिए फायदेमंद साबित होगा।
टमाटर में लाइकोपिन और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होता है, जो आपकी त्वचा को पोषण देने के साथ ही रंगत साफ करता है। वहीं यह फेस पैक ड्राई स्किन की समस्या को दूर करने से साथ सकुर्लेशन को बढ़ाता है।



### टमाटर-हल्दी फेस पैक सामग्री

कद्दूकस किया हुआ टमाटर- 2 चम्मच
हल्दी- 1/4 चम्मच
टमाटर और हल्दी का फेसपैक बनाने के लिए 1 मीडियम साइज का टमाटर लें। टमाटर को कद्दूकस कर इसमें थोड़ी सी हल्दी मिला लें। अब इन दोनों को अच्छे से मिक्स कर फेस और गर्दन पर अप्लाई करें। फिर इस फेसपैक को 20 मिनट तक लगाए रहें और समय पूरा होने के बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। यह फेसपैक रंगत निखारने के साथ ही पिंपल्स की समस्या हो भी कम करने में मददगार है। साथ ही इससे आपकी स्किन भी हाइड्रेट रहती है।

### टमाटर और शहद के फेसपैक की सामग्री

टमाटर का रस- 3 चम्मच
शहद- 1 चम्मच
इस फेसपैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक टमाटर का रस निकाल लें। फिर टमाटर के रस में शहद को मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए फेस पर अप्लाई करें। टाइम पूरा होने के बाद फेस को पानी से धो लें। इस फेसपैक से आपकी त्वचा को पोषण मिलता है और स्किन चमकदार बनती है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

### टमाटर और दही के फेस पैक की सामग्री

टमाटर का रस- 3 चम्मच
दही- 1 चम्मच
इस फेसपैक को बनाने के लिए 3 चम्मच टमाटर के रस में दही मिला लें। अब इन दोनों चीजों को अच्छे से फेंट लें। अब इस फेसपैक को 15 मिनट के लिए चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें। टमाटर और दही से बना यह फेसपैक आपकी त्वचा को पोषण देने के साथ ड्राई स्किन की समस्या को दूर करता है। साथ ही यह आपकी त्वचा को सॉफ्ट बनाता है। हांलाकि इन फेसपैक को चेहरे पर अप्लाई करने से पहले पैच टेस्ट जरूर कर लें।

## सूडोकु नवताल- 6904

✷ ✰ ✰ ✰ ✰ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6903 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## दैनिक पंचांग

05 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.23 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 09.28 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.14 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.47 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.18 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.58 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.56 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.09 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.26 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.37 बजे से |
| 3.00 से 4.30 बजे तक | | तुला | 02.48 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.03 ब.से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 339 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 00.38 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 03.38 बजे रात्र को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 22.42 बजे को समाप्त। **करण** बालव 11.19 बजे तदनन्तर कौलव 00.38 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 18' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871818 **जूलियन दिन** 2460283.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 20 **विशेष** कालभैरव जयंती, कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7966



**बाएँ से दाएँ**
1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**
1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 7965 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृष राशि :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मिथुन राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्क राशि :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए।

**कन्या राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**तुला राशि :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**धनु राशि :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें।

**मकर राशि :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ राशि :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन राशि :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### राष्ट्रपति निलयम 11 से 25 तक आगंतुकों के लिए रहेगा बंद

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दिसंबर 2023 में तेलंगाना के सिकंदराबाद के बोलाराम स्थित राष्ट्रपति निलयम आगामी यात्रा और प्रवास को ध्यान में रखते हुए परिसर 11 से 25 दिसंबर तक आगंतुकों/नागरिकों के लिए अस्थायी रूप से बंद रहने की घोषणा की गयी है। सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, सभी आगंतुकों से 11 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रपति निलयम की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने आर. वेंकटरमण को उनकी जयंती पर दी पुष्पांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रपति के अलावा राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी स्वर्गीय वेंकटरमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल पुरोहित ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ पंजाब के कई मुद्दों पर चर्चा की। पीएमओ ने एक्स पर पोस्ट किया, पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

### हिंद महासागर टूना आयोग-वैज्ञानिक समिति की बैठक मुंबई में शुरू

**नई दिल्ली।** भारत में आयोजित होने वाले हिंद महासागर टूना आयोग-वैज्ञानिक समिति की बैठक सोमवार को मुंबई में शुरू हो गई। इस 5 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य और डेरी मंत्री परषोत्तम रुपाला ने साझा की है। इस मौके पर रुपाला ने कहा है कि हिंद महासागर टूना आयोग की बैठक के इस महत्वपूर्ण सत्र से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे।

# लालदुहोमा रह चुके हैं इंदिरा गांधी के सुरक्षा अधिकारी, संभालेंगे मिजोरम

**एजेंसी। आइजोल**

आईपीएस अधिकारी से नेता बने लालदुहोमा की पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में 27 सीटें जीतने के बाद उनका राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। जेडपीएम के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा ने बहुकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एमएनएफ के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,983 मतों के अंतर से हराकर अपनी सेरछिप सीट बरकरार रखी, जबकि पार्टी के अधिकांश प्रमुख उम्मीदवार अपनी-अपनी सीटों पर जीत चुके हैं या आगे चल रहे हैं।

दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पूर्व सुरक्षा अधिकारी रहे 73 वर्षीय लालदुहोमा, जिन्होंने 8,314 वोट हासिल किए, लगातार दूसरी बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। जीत के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि वह मंगलवार या बुधवार को राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

उन्होंने कहा, सभी भ्रष्टाचार के मामलों (एमएनएफ शासन के दौरान) की जांच सीबीआई और अन्य एजेंसियों द्वारा की जाएगी। हम सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए मिजोरम में शासन की एक नई प्रणाली पेश करेंगे। मिजोरम को 1972 में असम से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया।



वर्षों के विद्रोह के बाद 20 फरवरी 1987 को यह 23वां राज्य बन गया। राज्य का दर्जा प्राप्त करने के बाद से मिजोरम ने केवल कांग्रेस और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के बीच द्विध्रुवीय राजनीति देखी है, जिसका नेतृत्व पहले लालडेंगा और फिर निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने किया।

कांग्रेस के दिग्गज ललथनवाला और एमएनएफ सुप्रीमो जोरमथांगा ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ज्यादातर समय यहाँ शासन किया। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले और बाद में, लालदुहोमा के नेतृत्व वाली जेडपीएम एमएनएफ और कांग्रेस दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई। भारतीय चुनाव आयोग के पास पार्टी के पंजीकृत नहीं होने के कारण जेडपीएम के उम्मीदवारों को 2018 में निर्दलीय के रूप में लड़ना पड़ा। विधानसभा चुनाव से पहले ही लालदुहोमा ने आईएएनएस से कहा था, मेरी पार्टी (जेडपीएम) 7 नवंबर के विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी और हम मिजोरम में अगली सरकार बनाएंगे।

पूर्व आईपीएस अधिकारी ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी के रूप में कार्य किया और 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति में एक महत्वपूर्ण पद पर रहे। गांधी परिवार के साथ निकटता के कारण 1984 में सेवा छोड़कर वह कांग्रेस में शामिल हो गए।

एमएनएफ संगठन को मुख्यधारा में लाने और मिजोरम में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लालदुहोमा ने कहा, इंदिरा गांधी ने मुझे लालडेंगा के नेतृत्व वाले मिजो नेशनल फ्रंट के नेतृत्व वाले विद्रोह को हल करने का काम सौंपा था। मेरी मुलाकात लालडेंगा से लंदन में हुई जहां वह स्व-निर्वासन में थे। मैंने उन्हें उग्रवाद को खत्म करने के लिए आगे आने के लिए राजी किया।"

लालदुहोमा के प्रयासों के कारण और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पहल पर जून 1986 में मिजो शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे मिजोरम में दो दशकों के संघर्ष और विद्रोह का अंत हुआ। लालदुहोमा कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट से लोकसभा के लिए चुने गए, लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कुछ आंतरिक परेशानियों के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ दी और 1988 में दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित कर दिए गए। उन्होंने 1997 में जोरम नेशनलिस्ट पार्टी की स्थापना की, और 2003 में वह रातू से मिजोरम विधानसभा के लिए चुने गए।

पिछले विधानसभा चुनाव से पहले 2018 में जेडएनएम ने छह स्थानीय पार्टियों के साथ मिलकर जेडपीएम का गठन किया, एक गठबंधन समूह जिसने उन्हें मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जेडपीएम ने कई स्थानीय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया है और मिजोरम में पारंपरिक रूप से दोहरे दल की चुनावी लड़ाई में एक चुनौतीपूर्ण तीसरे मोर्चे के रूप में उभरा है। जेडपीएम सुप्रीमो ने कहा कि कांग्रेस और एमएनएफ मिजोरम में लगभग चार दशकों से सत्ता में हैं, लेकिन उन्होंने मिजो लोगों और राज्य के लिए कुछ नहीं किया है।

## द न्यूयॉर्क टाइम्स के विश्लेषण में पीएम मोदी जीत के हीरो



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका के प्रमुख अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने अपने विश्लेषण में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी की जीत का हीरो बताया है। अखबार का कहना है कि पांच राज्यों में हुए चुनाव को भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी परीक्षा के रूप में देखा गया। नतीजों से साफ है कि भाजपा ने एक प्रमुख आबादी वाले क्षेत्र में अपना प्रभुत्व बढ़ाया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि चुनाव परिणाम मुख्य विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक और झटका है। कांग्रेस मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मोदी की भाजपा से हार गई। उसने केवल तेलंगाना में एक छोटी क्षेत्रीय पार्टी के खिलाफ जीत हासिल की। अमेरिकी अखबार का नजरिया है कि भारत में वसंत में होने वाले आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी अब और भी मजबूत स्थिति में हैं। अखबार का आकलन है कि जनवरी में उत्तरी राज्य उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी का प्रभुत्व और बढ़ जाएगा।

### नई तेलंगाना विस गठित, गजट अधिसूचना जारी

**हैदराबाद।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को तेलंगाना की तीसरी विधानसभा के गठन के लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना में सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों के विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के नाम शामिल हैं। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज और भारतीय निर्वाचन आयोग के सचिव अविनाश कुमार द्वारा निर्वाचित विधायकों की सूची राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन को सौंपने के बाद अधिसूचना जारी की गई। इससे पहले राज्यपाल ने तेलंगाना की दूसरी विधानसभा को भंग कर दिया था। राज्यपाल कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना राज्य की दूसरी विधानसभा को भंग करने की सिफारिश करने वाले मंत्रिपरिषद के 3 दिसंबर 2023 के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप राज्यपाल ने भारत के संविधान द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा को भंग कर दिया।

## राज्यसभा में दी गई हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा में हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद सत्र के पहले दिन राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, उनके योगदान से भारत को सूखाग्रस्त, खाद्य आयातक देश से उठ कर खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर घोषित होने में मदद मिली। उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और भारत की हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले एम.एस. स्वामीनाथन का 98 वर्ष की आयु में इस साल 28 सितंबर को चेन्नई में निधन हो गया। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में 1960 के दशक में शुरू हुए सुधार के प्रमुख वास्तुकार थे। जब 1965 और 1966 में सूखे ने कृषि को प्रभावित किया और देश में खाद्य संकट पैदा हो गया, तो कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने बड़े पैमाने पर भुखमरी की स्थिति की भविष्यवाणी की। इसके बाद के वर्षों में स्वामीनाथन ने वैज्ञानिक नवाचार और प्रशासनिक कौशल के साथ भारत को बड़े पैमाने पर आयातक से खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदल दिया।



### पूर्व पीएम देवेगौड़ा की बहू ने बाइकर पर उतारा गुस्सा, बोलीं

## मेरी 1.5 करोड़ की कार की कीमत तुम्हारी जिंदगी से ज्यादा

**एजेंसी। मैसूर/बेलगावी**

पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना ने उनकी लग्जरी कार में टक्कर मारने वाले एक बाइक सवार को जिस तरह डांटा, उसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भवानी का यह कहना कि उनकी 1.5 करोड़ रुपये की कार बाइक सवार की जान से ज्यादा कीमती है, और उनकी अन्य संवेदनहीन टिप्पणियों की राज्यभर के लोगों ने आलोचना की है। बेलगावी सुवर्णा सौधा में हुई इस घटना के जवाब में भवानी के पति जद (एस) विधायक और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना ने अपनी पत्नी की टिप्पणी के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, अगर किसी को भवानी की बातों से ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। उसके दोस्त की कार क्षतिग्रस्त होने पर उसने गुस्से में प्रतिक्रिया व्यक्त की। भवानी ने अपने जीवन में कभी किसी को चोट नहीं पहुंचाई है। वीडियो फुटेज में क्रोधित भवानी को घायल बाइक सवार पर गुस्सा उतारते देखा गया है, जिसकी बाइक उनकी लक्जरी कार से टकरा गई थी। उन्होंने बाइक सवार से कहा, अगर तुम मरना चाहते थे, तो तुम्हें बस के नीचे जाना चाहिए था। तुम मेरी कार से मरना चाहते थे। वह चिल्लाती नजर आ रही हैं, मरने की चिंता करना बंद करो यार। मेरी 1.5 करोड़ रुपये की कार का क्या होगा? यह घटना पिछले हफ्ते मैसूरु जिले के केआर नगर तालुक में सालिग्राम गांव के पास हुई। जब लोगों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो भवानी ने जोर देकर कहा कि जो भी मुझसे बात करना चाहता है, वह पहले 50 लाख रुपये दे और फिर बात करे। सोमवार को वायरल हुए इस वीडियो को देखकर लोगों ने भवानी के गुस्से की आलोचना की और जनता के प्रति देवेगौड़ा परिवार के व्यवहार पर सवाल उठाए।



## सात को गांधीनगर में होगा स्टार्टअप कॉन्क्लेव

### मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी में 6 दिसंबर को राउंड टेबल बैठक

**एजेंसी। गांधीनगर**

गुजरात सरकार आगामी वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के पूर्वार्ध के रूप में 7 दिसम्बर को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन करेगी। यह जानकारी राज्य सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने दी। मंत्री ने बताया कि स्टार्टअप कॉन्क्लेव से संबंधित एक राउंड टेबल मीटिंग 6 दिसम्बर 2023 को गांधीनगर में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और भारत सरकार के कौशल विकास व उद्यमिता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। डीपीआईआईटी ने लगभग 99,000 स्टार्टअप को मान्यता दी इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव में देशभर से यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स, वेंचर कैपटलिस्ट्स और गुजरात के प्रमुख व्यापारी शामिल होंगे। मंत्री ने बताया कि यह राउंड टेबल मीटिंग और स्टार्टअप कॉन्क्लेव, देश व गुजरात में स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने और प्रशासनिक तंत्र को और रिजीलिएंट बनाने में मदद करेगा। साथ ही, अनुपालनों के संदर्भ में भी नियामक सुधारों, कर प्रोत्साहन और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में ध्यान केन्द्रित करेगा।

## चेन्नई में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

### तेलंगाना में आज भारी बारिश का अनुमान

**एजेंसी। चेन्नई/नई दिल्ली**

चक्रवात मिचौंग के कारण चेन्नई में भारी बारिश हो रही है। विभिन्न इलाकों में जलभराव होने की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अति जल प्लावित इलाकों में शिक्षण संस्थानों, बैंकों और अन्य सरकारी कार्यालयों को बंद कर दिया गया है। चेन्नई एयरपोर्ट के रनवे पर पानी भरने के कारण उसे सोमवार रात 11 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान कुछ उड़ानों का मार्ग भी परिवर्तित किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव शिव दास मीणा की ओर से सोमवार जारी आदेश में कहा गया है कि चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में सभी स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों, बोर्डों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कार्यालयों सहित सरकारी कार्यालय मंगलवार को बंद रहेंगे। तमिलनाडु राजभवन की ओर से कहा गया है कि चक्रवात मिचौंग से कुछ पूर्वी तटीय जिले बुरी तरह प्रभावित हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने के लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों को तैनात किया गया है। स्थिति पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उच्चतम स्तर पर नजर रखी जा रही है।




## फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग के दौरान अजय देवगन को लगी चोट



**कॉप** यूनिवर्स में रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अजय देवगन और करीना कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी नजर आएंगे। करीना ने अपने पोस्ट में शेयर किया था कि बीच में फिल्म का एक जबरदस्त एक्शन सीन शूट किया गया था। अब 'सिंघम अगेन' के सेट से एक बुरी खबर सामने आई है। मुंबई के विले पार्ले में 'सिंघम अगेन' के एक एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान अजय देवगन की आंख में चोट लग गई। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा एक एक्शन कॉम्बैट सीक्वेंस को फिल्माते समय हुआ। यह भी कहा जा रहा है कि इलाज के लिए कुछ समय की छुट्टी लेने के बाद अजय देवगन ने फिर से शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म के जरिए दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर भी कॉप यूनिवर्स से जुड़ेंगे। कुछ दिनों पहले इस फिल्म से दीपिका, रणवीर और टाइगर का डरावना लुक सामने आया था। इसके बाद रोहित शेट्टी ने अजय देवगन का लुक भी शेयर किया था जो काफी चर्चा में रहा था। फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और यशराज स्टूडियो, मुंबई और हैदराबाद में शूटिंग पूरी हो चुकी है।

### लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में शामिल हुईं दीपिका पादुकोण



**दीपिका पादुकोण** ने लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में शिरकत की। वह इस इवेंट में आमंत्रित होने वाली पहली भारतीय स्टार हैं। एकेडमी म्यूजियम गाला ऑस्कर के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टेज है जिसे एक ही बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है। इस साल की शुरूआत में दीपिका को ऑस्कर में इंडियन सॉन्ग एक्ट के लिए स्टेज पर देखा गया था। दीपिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्होंने डार्क पर्पल वेलवेट फ्लोर-स्वीपिंग गाउन पहना हुआ था। उन्होंने इवेंट के लिए अपने लुक को डायमंड से पूरा किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो, दीपिका के लिए 'पठान' और 'जवान' के साथ एक शानदार साल रहा।

**एनसीआरबी रिपोर्ट** | देश में हत्या के मामलों में 2022 में मामूली गिरावट

## गत वर्ष बिहार में हुई देशभर में सबसे ज्यादा हत्याएं

### महानगरीय शहरों में बेंगलुरु में 173, मुंबई में 135, लखनऊ में 131, पटना में 107 और चेन्नई में 101 हत्या के मामले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपना नवीनतम डेटा जारी किया है, जो 2022 में पूरे देश में हत्या के मामलों में मामूली कमी का संकेत देता है। इसके अनुसार, पिछले साल हत्या की 28,522 प्राथमिकी दर्ज की गईं यानी औसतन प्रतिदिन 76 हत्याएं हुईं। वर्ष 2021 में हत्या की 29,272 प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं। रिपोर्ट में इन अपराधों के पीछे के प्राथमिक उद्देश्यों की पहचान भी की गई है। विवाद में सबसे ज्यादा 9,962 हत्याएं हुईं। इसके बाद 'व्यक्तिगत प्रतिशोध या शत्रुता' (3,761) और 'लाभ' (1,884) के मामले रहे। आंकड़ों से पता चला कि हत्या के 95.4 फीसदी पीड़ित वयस्क थे, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत पुरुष थे। पीड़ितों में 8,125 महिलाएं और नौ तीसरे लिंग के व्यक्ति शामिल थे। महानगरीय शहरों में हत्या के मामलों में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2022 में 2,031 तक पहुंच गई। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर 2.1 रही, जबकि ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 81.5 फीसदी थी। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 3,491 एफआईआर हुई। इसके बाद बिहार (2,930), महाराष्ट्र (2,295), मध्य प्रदेश (1,978), और राजस्थान (1,834) हैं। कुल मिलाकर, इन पांच राज्यों में देश में हत्या के 43.92 फीसदी मामले होते हैं। इसके विपरीत, सिक्किम (9), नागालैंड (21), मिजोरम (31), गोवा (44), और मणिपुर (47) में 2022 में हत्या के सबसे कम मामले दर्ज किए गए। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में 2022 में हत्या के 509 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद जम्मू और कश्मीर (99), पुडुचेरी (30), चंडीगढ़ (18), दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (16), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (7), लद्दाख (5), और लक्षद्वीप (0) हैं। महानगरीय शहरों में, बेंगलुरु में 2022 में 173, मुंबई में 135, लखनऊ में 131, पटना में 107 और चेन्नई में 101 हत्या के मामले देखे गए।




## ग्लोबल बॉक्स-ऑफिस पर 'नेपोलियन' और 'हंगर गेम्स' से आगे निकली रणबीर कपूर की 'एनिमल'

**बॉलीवुड** स्टार रणबीर कपूर की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' ने न केवल भारतीय बॉक्स-ऑफिस पर धूम मचा दी है, बल्कि 42.1 मिलियन डॉलर के साथ 'नेपोलियन' और 'द हंगर गेम्स : द बैलाड ऑफ सोंगबर्ड्स एंड स्नेक्स' को पीछे छोड़ते हुए विश्व स्तर पर नंबर 1 फिल्म बनकर उभरी है। यह आंकड़े कॉमस्कोर ने प्रकाशित किए हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'एनिमल' को 38 वैश्विक क्षेत्रों में रिलीज किया गया। दुनिया भर में कुल कमाई में उत्तरी अमेरिका में 6.1 मिलियन डॉलर शामिल हैं, जहां इसे 850 स्थानों पर रिलीज किया गया और नंबर 7 पर रिलीज किया गया।

'एनिमल' में, रणबीर कपूर भारत के सबसे अमीर आदमी (अनिल कपूर द्वारा अभिनीत) के बेटे की भूमिका में हैं, जो बॉबी देओल द्वारा निभाए गए खलनायक से मुकाबला करते है। कलाकारों में रश्मिका मंदाना भी शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन संदीप वांगा रेड्डी ने किया है।

वैरायटी के अनुसार, दूसरे स्थान पर रिडले स्कॉट की एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स द्वारा निर्मित और सोनी पिक्चर्स द्वारा वितरित एक्शन मूवी 'नेपोलियन' ने दुनियाभर में 35.7 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 28.6 मिलियन डॉलर शामिल हैं। अब इसकी वैश्विक कुल कमाई 137 मिलियन डॉलर है।

## एक नजर

### एडीजी ने की डायल 112 की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

**रांची।** पुलिस मुख्यालय में एडीजी अभियान संजय आंनद राव लाठकर ने सोमवार को डायल 112 को लेकर जिले के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डायल-112 से संबंधित कार्यों के निष्पादन की समीक्षा की गयी। एडीजी ने बताया कि के रिस्पांस टाइम कम करने को लेकर समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दुमका जिले में 70 घंटे में रिस्पांस टीम पहुंच रही है। जबकि अन्य जिले में एक से डेढ़ घंटे में रिस्पांस टीम पहुंच रही है। एडीजी ने बताया कि रिस्पांस टाइम कम करने के लिए कई निर्देश दिये गये है। उन्होंने एसपी को सप्ताह में एक दिन निरीक्षण करने और डीएसपी को सप्ताह में दो बार निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। हर रोज रिव्यू करें कि कितने केस पेडिंग है, कितने केस आये। उन्होंने बताया कि कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी पायी गयी है। साथ ही टैब को ओडी पदाधिकारी के पास देने को कहा गया है। इसके अलावा कहीं बैटरी, यूपीएस, जेरनेटर की कमी है।

### निगम के दो वार्डों में 66 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 15 और वार्ड नंबर 16 में कुल 84 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 257 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते हैं।

### पारस अस्पताल में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता

**रांची।** पारस अस्पताल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने मनमोहक पेंटिंग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राजधानी रांची के विभिन्न स्कूलों के 500 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। प्रतियोगिता तीन वर्गों में विभाजित था। ग्रुप ए में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक, ग्रुप बी में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक तथा ग्रुप सी में कक्षा 9 से कक्षा 10 तक के बच्चों को शामिल किया गया था। इस अवसर पर डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट के बीच हेल्थ टॉक भी हुआ।

**ये रहे विभिन्न ग्रुप के विजेता :** चित्रकला प्रतियोगिता के ग्रुप ए में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले दोनों बच्चे बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल के रहे। 5 वीं कक्षा की सुभ्रनील सर्बोधि कैरी प्रथम और शरण्या चक्रवर्ती द्वितीय रही। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कैराली स्कूल की छात्रा शिवंशिकों भार्गवी और परमजीत रहे।

### विहिप ने कब्रिस्तान के अपर से फ्लाईओवर का किया विरोध

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल ने ड्डारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें गढ़वा बाईपास में अचला नावाडीह ग्राम स्थित अवैध कब्रिस्तान के ऊपर से बनने वाले फ्लाईओवर को असंवैधानिक बताया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मार्ग बनने में अनेक मंदिरों को विड्डागीय दबाव अथवा सहमति से स्थान परिवर्तन कराया जा रहा है। परंतु अवैध रूप से गैरमजरूआ जमीन पर बने कब्रिस्तान के ऊपर से फ्लाई ओवर बनाने का प्रस्तावित है, जो निविदा-प्रपत्र से अलग है। यह निर्माण का प्रस्ताव असंवैधानिक है। डॉ साहू ने कहा फ्लाई ओवर निर्माण के प्रस्ताव से गांववालों सहित हिंदू समाज की ड्डावना को काफी ठेस पहुंच रही है। ग्रामीणों ने कार्य बंद कराकर कार्य करने वाली संवेदक शिवालय के कैंप में कार्य नहीं करने का आवेदन ड्डी दिया है।

**चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' दिखाने लगा असर**

# रांची समेत कई जिलों में होगी झमाझम बारिश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' का असर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में दिखने लगा है। राजधानी में तो सोमवार की शाम बूंदा-बांदी भी हुई। राज्य के अन्य जिलों में भी मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। हवा की दिशा में बदलाव आने से आसमान में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। कहीं कहीं हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। जिसका प्रभाव मंगलवार से पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो कम दबाव का प्रभाव सोमवार की शाम के बाद चक्रवाती तूफान के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश व इससे सटे उत्तरी तमिलनाडु तटों को पार कर सकता है। इसके अलावे मंगलवार से झारखंड के अधिकतर जिलों में वर्षा होने की संभावना है। राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में आने वाले कुछ दिनों के बीच यहां के न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

### राज्य के कई हिस्सों में छाए रहेंगे बादल



राज्य के विभिन्न हिस्सों में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि होगी, इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। रविवार को कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है।

**कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा होने की संभावना :** राज्य में 3 और 4 दिसंबर को सुबह के समय हल्का या मध्यम कोहरा या धुंध छाए रहेंगे। इसके बाद आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा। 5 दिसंबर को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा में कुछ जगहों पर हल्की और मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 6 दिसंबर को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं 7 दिसंबर को झारखंड के दक्षिणी भाग में अलग अलग जगहों पर हल्की वर्षा भी हो सकती है।

### सुनील अग्रवाल बने हिन्दू जागरण मंच बरियातू मंडल के अध्यक्ष



**रांची।** हिन्दू जागरण मंच बरियातू मंडल का गठन बरियातू स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को संपन्न हुआ। मंडल का गठन महानगर अध्यक्ष चन्दन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष सुजीत सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सभी की सर्वसम्मति से सुनील अग्रवाल को बरियातू मंडल अध्यक्ष और मानव सिंह मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया। मंडल गठन के दौरान सौरभ मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर मिश्रा को मठ-मंदिर सुरक्षा प्रमुख, विशाल रजक को युवा वाहिनी प्रमुख, सत्यम मिश्रा और ज्योतिष शाह को मंत्री, मानदेव भगत को विधि प्रमुख एवं राकेश जयसवाल को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

## डीडीसी ने वर्चुअल रियलिटी वैन को किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उप-विकास आयुक्त (डीडीसी) दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए परिसर से वीआर (वर्चुअल रियलिटी) वैन को रवाना किया। डीडीसी ने वीआर (वर्चुअल रियलिटी) वैन को रवाना करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का आम लोग लाभ उठाए। आम लोग सभी योजनाओं की जानकारी लेते हुए इसका लाभ उठा कर अपने आप को लाभान्वित करें। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर इस वैन से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।इस वैन के जरिये अलग-अलग प्रखंडो में घूमते हुए सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से की जाएगी। साथ ही सभी संचालित योजनाओं और इसके लाभ की जानकारी पम्पलेट के माध्यम से भी लोगों को दिया जाएगा। इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा और अन्य योजनाओं से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एससी ने झारखंड में असिस्टेंट टाउन प्लानर्स नियुक्ति मामले में एचसी का फैसला बरकरार रखा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में असिस्टेंट टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) की ओर से ली गई परीक्षा और इंटरव्यू का रिजल्ट दोबारा जारी करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। बीते 16 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने इन पदों पर इंटरव्यू में शामिल हुए कैंडिडेट में से 186 लोगों की उम्मीदवारी रद्द करने का आदेश दिया था। इनमें से 26 कैंडिडेट ऐसे थे, जिनका नाम मेरिट लिस्ट में शामिल था। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ देविस्मिता बासु नामक अभ्यर्थी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुला की बेंच में उनकी याचिका पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर के 77 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 में सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी। इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था। जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट तक नहीं था। इस नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। इस पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं होने के बावजूद जेपीएससी ने जिन 186 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाए। अदालत ने ये भी कहा था कि इसके बाद शेष बचे वैसे अभ्यर्थी, जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया गया था और जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था, उनकी नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर फ्रेश रिजल्ट जारी करें।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में अवैध तरीके से घरों के...**

आदि ने बताया कि तीन पीढ़ी से भी अधिक समय से उनका परिवार इसी जमीन पर रहते आ रहा है। इसी बीच उन्हें पता चला कि बाहरी भू-माफियाओं ने पूरे गांव के जमीन को घर समेत गलत तरीके से रजिस्ट्री करवा लिया है। भू-माफियाओं द्वारा अब उन्हें वहां से हटने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास जीने का सहारा मात्र उनकी पुश्तैनी जमीन ही है। उनका खतियानी जमीन को दूसरे गांव के विशेष समुदाय के फारुक मियां, शरीफ मियां, नन्हक मियां, गफ्फार मियां, फैज अहमद, कणी मियां समेत 32 लोगों ने मिलकर अपने नाम करा लिया है।

**क्या है जमीन विवाद का पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार माहे-डेमा गांव में जमींदारी प्रथा का बोलबाला चलता था। दूसरे गांव के जगेश्वर सिंह, इंद्रदेव सिंह, गिरवर सिंह, रामू सिंह आदि ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर माहे-डेमा गांव की सारी जमीन को अपने नाम करवा लिया था। इसके बाद जमींदारी के तहत एम रोल तैयार कर लिया गया। गांव के लोग जब जागरूक हुए तो जमींदारों ने करीब तीस साल पहले सकलदीपा समेत दूसरे गांव के भू-माफियाओं को उक्त जमीन औने-पौने दामों में बेच दी। भू- माफियाओं ने ग्रामीणों को बिना बताए फर्जी तरीके से पूरे गांव की जमीन को घर समेत खरीद लिया।

**शीघ्र निकाला जाएगा 40 हजार बहाली...**

दिया जा रहा। केंद्र सरकार को अपने बकाए की चिंता रहती है, लोगों को चिंता नही है। अब राज्य सरकार खुद से बिजली उत्पादन करने के प्रयास में है। ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया जा रहा है।

**महामारी से संभले तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गई :** सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महामारी के बाद राज्य सरकार संभालने में जुटी, तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गई. लेकिन राज्य सरकार इसका फ्रिक किए बिना नए तरीके से योजनाओं को लागू करने में जुटी हुई है। हक अधिकार के लिए राज्य सरकार लड़ाई लड़ रही है। कार्यक्रम को मंत्री सत्यानंद भोक्ता,आलमगीर आलम समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

**सरकार से पूछा, जेल में...**

पुलिस के आला अधिकारी वहां गए हुए हैं और जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। आईजी प्रिजन भी घटना स्थल पर गए है, वहां से लौटने के बाद वे घटना के संबंध में रिपोर्ट देंगे। बता दें कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोपी शूटर अमन सिंह को 3 दिसंबर की दोपहर जेल के भीतर गोलियों से छलनी कर दिया गया था। यूपी निवासी अमन मई 2021 से इस जेल में बंद था। उसे यूपी के मिजार्पुर जेल के पास गिरफ्तार किया गया था। अमन के खिलाफ धनबाद में हत्या, अपहरण, रंगदारी और फिरौती वसूली के 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जेल में हुए गैंगवार के धनबाद के डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार सहित जिले के तमाम आलाधिकारी धनबाद मंडल कारा पहुंचे थे।

**बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर इसे लेकर कहा है कि राज्य के मुखिया ही अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं।

**सुशासन में सत्ता विरोधी लहर शब्द...**

के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा।

**विपक्ष से तैयार होकर आने की अपील :** मोदी ने कहा कि यह लोकतंत्र का मंदिर लोगों की आकांक्षाओं और विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मंच है। साथ ही, उन्होंने सभी सदस्यों से अच्छी तरह से तैयार होकर आने का आग्रह किया और विधेयकों पर गहन चर्चा का आह्वान किया, ताकि अच्छे सुझाव सामने आएं। मोदी ने कहा, लेकिन अगर चर्चा नहीं होती है, तो देश को उन चीजों की याद आती है। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने अनुभव के आधार पर कहता हूं कि अपनी दिशा को थोड़ा बदलिए, विरोध के लिए विरोध करने की आदत छोड़िए। रचनात्मक चीजों का समर्थन करें जो देश के हित में हैं, जो कमियां हैं उन पर बहस करें और आप देखेंगे कि लोगों के बीच ऐसी चीजों को लेकर जो नफरत है, वह प्यार में बदल सकती है।

**लोकतंत्र में विपक्ष भी महत्वपूर्ण :** पीएम मोदी ने कहा, लोकतंत्र में विपक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है और उसे सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, 2047, देश विकसित होने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहता, समाज के हर वर्ग की यही भावना है। इस भावना का सम्मान करते हुए सभी सदस्य संसद की कार्यवाही को आगे बढ़ाएं, ये मेरा उनसे आग्रह है। प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों की चार 'जातियों' के सशक्तिकरण के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हैं, उन्हें भारी समर्थन मिलता है। जब लोगों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता होती है तो सत्ता विरोधी लहर शब्द अप्रासंगिक हो जाता है। मालूम हो कि संसद का शीतकालीन सत्र 22 दिसंबर तक 15 बैठकें होने वाली हैं।

**भाजपा मुख्यालय में गहमागहमी बढ़ी...**

करने के साथ साथ इन राज्यों के पर्यवेक्षकों के नाम तय किए जा सकते हैं। यह पर्यवेक्षक विधायक दल के साथ समन्वय करेंगे। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा के लिए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अलवर सीट से सांसद और तिजारा विधानसभा सीट से जीते बाबा बालक नाथ को दिल्ली बुला लिया गया है। इन तीनों राज्यों के विधायकों में मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में इन राज्यों में किसी भी मुख्यमंत्री चेहरे के साथ चुनाव नहीं लड़ा। यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लड़े गए और पार्टी को बंपर जीत हासिल हुई। राजस्थान में भाजपा को 115 सीटें मिली हैं । राजस्थान की बात करें तो यहां मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई दिग्गज नेता शामिल हैं। इनमें वसुंधरा राजे, दीया कुमारी, बाबा बालकनाथ, केन्द्रीय गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी प्रमुख हैं। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए प्रधानमंत्री इस संबंध में फैसला लेंगे। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदारों में शिवराज सिंह चौहान के साथ केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमण सिंह के साथ भाजपा नए चेहरे को ला सकती है।

**एग्जिट पोल्स के दावे एग्जैक्ट पोल से...**

दिया जा सकता है.क्या किसी व्यक्ति की सामाजिक और राजनीतिक सोच या व्यवहार को संख्या में बदला जा सकता है? और यदि कर भी दिया जाए तो क्या उसके पूर्वाग्रह से मुक्त होने का दावा किया जा सकता है? और सवाल ये भी है कि क्या इस दावे के आधार पर देश में होने वाले चुनावी सर्वेक्षणों को सही माना जा सकता है?भारत की विशालता और विविधता को देखते हुए चुनावी सर्वेक्षणों में नमूनों की जितनी बड़ी संख्या ली जा रही है, उस आधार पर आँकड़ों के गणितीय अध्ययन की शाखा सांख्यिकी के नियमों के आधार पर भी उसे स्टैंडर्ड या पर्याप्त मानना उचित नहीं हो सकता है. और उस आधार पर चुनाव के संभावित परिणाम पर बात करना मुश्किल है।

**मिजोरम में जेडपीएम को...**

हुए पूर्व एमएनएफ मंत्री के. बेइचुआ और उनके पार्टी सहयोगी के. ह्मामो ने क्रमशः अपनी सियाहा और पलक सीटें जीतीं। भगवा पार्टी के दोनों उम्मीदवारों ने अपने एमएनएफ विरोधियों को हरा दिया। मिजोरम विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष लालरिनलियाना सेलो, जो चुनाव से कुछ दिन पहले एमएनएफ छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे, अपनी ममित सीट एमएनएफ उम्मीदवार एच. लालजिरलियाना से हार गए। एमएनएफ को 2018 के चुनावों में 40 सदस्यीय विधानसभा में से 26 सीटें मिलीं थीं, जबकि जेडपीएम को आठ सीटें मिली थीं। पिछले चुनाव में कांग्रेस को पांच सीटें मिली थीं और भाजपा एक सीट जीतने में कामयाब रही थी। जेडपीएम के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालडुहोमा ने बहुकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम एमएनएफ प्रतिद्वंद्वी जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,983 मतों के अंतर से हराकर अपनी सेरछिप सीट बरकरार रखी। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया में महिलाओं सहित चार हजार से अधिक अधिकारी लगे हुए थे। इन अधिकारियों को 11 जिलों के 13 केंद्रों के तहत 40 मतगणना हॉलों में तैनात किया गया था। पुलिस महानिदेशक अनिल शुक्ला ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य भर में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और मिजोरम सशस्त्र पुलिस की पर्याप्त टुकड़ियों को तैनात किया गया है। 8.57 लाख मतदाताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक ने 16 महिलाओं सहित 174 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), मुख्य विपक्षी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। भाजपा ने भाषाई अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। उनके अलावा 27 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में थे।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**
**निविदा संख्या – 02/2022**

**अति अल्पकालीन निविदा**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु Anti Rabies Vaccine की आवश्यकता है। प्रतिष्ठित निर्माताओं/उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहर बन्द निविदा दिनांक 18.12.2023 के अपराह्न 02.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 18.12.2023 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदादाता दवा की सूची एवं निविदा की शर्ते कार्यालय अवधि में जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के कार्यालय से राष्ट्रीयकृत बैंक रू0 2000/ (दो हजार) रू0 का ड्राफ्ट जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के नाम से जमा कर दिनांक 05.12.2023 से दिनांक 12.12.2023 के बीच कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। ड्राफ्ट की राशि वापस नहीं किया जायेगा। Tender की नियम एवं शर्तें http://lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 312687 (Lohardaga) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE DISTRICT CO-OPERATIVE, LATEHAR**

Refno.: - Date: -

**NOTICE FOR INVITING VERY SHORT TERM EOI FOR EMPANELMENT**

Subject – Invitation for Very Short-Term Expression of Interest for Empanelment of Agencies for Rate Contract ofSupply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1 HP at different Areain Latehar District under DMFTF und 2023-24.

District Co-operative, Latehar invites for EOI for Empanelment of Agencies for rate contract from reputed firms/Company/Partnership firm for Supply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1H Pat different are ainLatehar district.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NameofWork | Supply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1H Pindifferent Area of LATEHAR District. |
| 2 | EMD&ProcessingFeeetc. | EMD - 10,00,000INRIn Favor of Deputy Commissioner, LATEHAR and Tender Fees Rs10,000INR (Non-Refundable) |
| 3 | Last Date of Submission of EOI | 11/12/2023 till 5:00PM |
| 4 | Date of Opening of EOI | 12/12/2023 at 11:30 AM |
| 5 | Placeof Submission/for getting Required Information | District Co-operative Office, Latehar |
| 6 | Placeof Opening of EOI | Chamber of DDC-cum-Member Secretary, DMFT |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district:-https://latehar.nic.in/

District Co-operative Officer LATEHAR

PR 312643 Co-opretive(23-24)#D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER AND SANITATION DIVISION, HATIA PROJECT, RANCHI**

**E-Request For Proposal Short Notice**

**1st Call**

**e-Tender Notice No.& LAB/DWSD/HATIAPROJECT/02/2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Name of Work : REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. Of State / District water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi, Hazaribagh / Chatra / Ramgarh /Koderma / Latehar/ Garhwa / Medininagar / Lohardagga / Simdega / Gumla / Sub Divisional Lab-Panki, Sub Divisional Lab-Patratu, Sub Divisional Lab-Ormanjhi, Sub Divisional Lab-Barwaadih and Sub Divisional Lab-Nagar Utaari) |
| 2. | परिमाण विपत्र मुल्य एव अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मुल्य (10,000) एव अग्रधन की राशि (2,00000) |
| 3 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06.12.2023 at 1:00PM |
| 4 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 11.12.2023 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 5 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.12.2023 at 5:00PM |
| 6 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 at 11:00AM |
| 7 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division- Hatia Project Ranchi - 834002 |
| 8 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 9 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 9835068475 |

**NB:- For Details**

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हटिया,योजना, राँची

PR 312653 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## एक नजर

### अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किए आईसीसी मीडिया अधिकार

**मेलबर्न।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि अमेजन के प्राइम वीडियो ने ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों और महिलाओं दोनों के वैश्विक क्रिकेट टूनामेंट के प्रसारण के लिए चार साल का मीडिया अधिकार हासिल कर लिया है। अब तक, फॉक्सटेल और कायो के पास ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी आयोजनों के अधिकार थे। जबकि नाइन नेटवर्क ने ऑस्ट्रेलिया के मैचों और कुछ अन्य खेलों की स्क्रीनिंग की थी। लेकिन, इस नई डील के तहत ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टूनामेंट के फ्री-टू-एयर मैच नहीं होंगे। जिसमें पुरुष और महिला क्रिकेट विश्व कप, टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, अंडर19 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शामिल हैं। इस सौदे में 2024 से 2027 तक 448 लाइव गेम्स के लिए ऑस्ट्रेलिया में स्ट्रीमिंग अधिकार शामिल हैं।

### खुशी है कि ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स को मौका दिया : पेन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन यह देखकर खुश थे कि ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति ने 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम में मुख्य विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में एलेक्स कैरी को शामिल किया है। टिम पेन ने अपना आखिरी टेस्ट साल 2021 में खेला था। उनके बाद कैरी ऑस्ट्रेलिया के रेड-बॉल विकेटकीपर हैं। लेकिन, वनडे और टी20 में उनकी जगह जोश इंगलिस को मिल गई है। कैरी ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की तैयारी के लिए पिछले हफ्ते शेफील्ड शील्ड मुकाबले में विक्टोरिया के खिलाफ दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए 81 रन बनाए। पेन ने एसईएन रेडियो पर कहा, एलेक्स कैरी, जैसा कि हमने बताया वो अभी भी बतौर टेस्ट कीपर पहली पंसद हैं। सफेद गेंद क्रिकेट में उनका समय बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनका एशेज फॉर्म इतना खराब था कि उन्हें इसके लिए नहीं चुना जाएगा। उन्होंने शेफील्ड शील्ड में 80 रन की शानदार पारी खेली। मुझे लगा कि एशेज श्रृंखला में उनकी कीपिंग बिल्कुल उत्कृष्ट थी। इसलिए, मुझे खुशी है कि वे उसके साथ बने रहे।

### जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, अमीषा, प्राची और हार्दिक ने जीता रजत

येरेवन (आर्मेनिया)। भारतीय मुक्केबाज हार्दिक पंवार (80 किग्रा), अमीषा (54 किग्रा) और प्राची टोकस (80+ किग्रा) ने यहां आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक जीते। एशियाई जूनियर चैंपियन हार्दिक को रूस के एशुरोव बैरमखान के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों मुक्केबाज मुकाबले में आक्रामक दिखे। उन्होंने अंक हासिल करने के हर मौके को भुनाया। हालांकि, एशुरोव ने परिणाम को अपने पक्ष में लाने के लिए कड़ी मेहनत की। इस बीच लड़कियों के वर्ग में अमीषा और प्राची को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में समान रूप से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

### दक्षिण अफ्रीका ने भारत श्रृंखला के लिए घोषित की टीम

# मार्करम व्हाइट-बॉल के कप्तान टेस्ट की कमान तेंबा बावुमा को

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को भारत के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 10 दिसंबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बुलाया गया है; जबकि विकेटकीपर काइल वेरिन की भी टीम में वापसी हुई है। एडेन मार्करम टी20 और वनडे टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि टेस्ट टीम का नेतृत्व टेम्बा बावुमा करेंगे। बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को सफेद गेंद की श्रृंखला से आराम दिया गया है। पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण विश्व कप से बाहर हुए एनरिक नॉट्र्जे सभी प्रारूपों में खेल से बाहर हैं और उनके पुनर्वास के लिए कोई समय सारिणी नहीं है। बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर के साथ तेज गेंदबाज ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। सीरीज की शुरूआत 10 दिसंबर को किंग्समीड स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 सीरीज से होगी। दूसरा टी20 मैच 12 दिसंबर को सेंट जॉर्ज ओवल में और तीसरा और आखिरी टी-20 मैच 14 दिसंबर को वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। 50 ओवर का मुकाबला 17 दिसंबर को वांडरर्स स्टेडियम में शुरू होगा।



**दक्षिण अफ्रीका की टी-20 टीम**

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी (पहला और दूसरा टी-20), डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन (पहला और दूसरा टी-20), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहला और दूसरा टी20), एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाद विलियम्स।

**दक्षिण अफ्रीका वनडे टीम**

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स।

**दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम**

तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन।

# आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं होंगे इंग्लिश तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंग्लिश तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण में नहीं खेलेंगे, क्योंकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अगले साल के टी20 विश्व कप की तैयारी में उनके कार्यभार पर नियंत्रण रखना चाहता है। आर्चर ने मई 2023 के बाद से कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेला है, उस दौरान उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते समय कोहनी के स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ा था। उन्होंने विश्व कप के दौरान कुछ समय के लिए रिजर्व के रूप में भारत की यात्रा की थी, लेकिन मुंबई में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कोहनी में अधिक दर्द का अनुभव हुआ और एक सप्ताह से भी कम समय बाद वह स्वदेश लौट गए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार आर्चर ने 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए पंजीकरण नहीं कराया है। उन्होंने हाल ही में अक्टूबर 2023 से सितंबर 2025 तक चलने वाले दो साल के इंग्लैंड केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और ईसीबी ने आर्चर को नीलामी के लिए पंजीकरण नहीं कराने के लिए कहा था। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि इंग्लैंड को फ्रेंचाइजी लीगों के खिलाफ पीछे हटने के बजाय उनके साथ काम करना चाहिए। लेकिन ईसीबी का मानना है कि आर्चर की वापसी का प्रबंधन करना आसान होगा यदि वह अप्रैल और मई में उसकी देखरेख में यूके में रहें, बजाय इसके कि वह भारत में आईपीएल खेलें। आईपीएल 2022 से पहले आर्चर को शुरूआत में मुंबई इंडियंस ने 8 करोड़ रुपयेमें खरीदा था, जबकि फ्रेंचाइजी को पता था कि पीठ की चोट के कारण वह पूरे सीजन से बाहर हो जाएंगे।

# ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत टीम हम भी किसी से कम नहीं

**एजेंसी। कैनबरा**



पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के पास टेस्ट क्रिकेट में अच्छे बल्लेबाज हैं। लेकिन, उनका मानना है कि उनकी टीम का बल्लेबाजी क्रम किसी भी अन्य लाइन-अप के बराबर है। पाकिस्तान 14 दिसंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। सरफराज ने पीएम की प्लेइंग-11 के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले पत्रकारों से कहा, ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन हम भी कम नहीं हैं। अब्दुल्ला, बाबर, इमाम, सऊद और आगा के साथ हम चुनौती के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सरफराज ने अपने लाइनअप में गुणवत्ता वाले गेंदबाजों की प्रशंसा की जिनमें से अधिकांश पहली बार ऑस्ट्रेलिया में लाल गेंद से खेलने जा रहे हैं। शाहीन और हसन शानदार हैं और हमारे पास मीर हमजा, खुर्रम शहजाद और फहीम जैसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने घरेलू प्रतियोगिताओं में अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने अपने आयोजन स्थल पर 2015 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में वेस्टइंडीज के बिग-हिटर क्रिस गेल के 200 रन के दृश्यों को भी याद किया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बड़ी श्रृंखला से पहले इससे प्रेरणा लेने की उम्मीद की। सरफराज ने कहा, मुझे मनुका ओवल में जिम्बाब्वे के खिलाफ क्रिस गेल की 200 रनों की अविश्वसनीय पारी याद है। अब, जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में चार दिवसीय मुकाबले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं तो मौसम अच्छा लग रहा है। यह मैच बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुरू हो रही है।

### टीम से हटे माइकल नेसर, जॉर्डन प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर माइकल नेसर ने प्रधान मंत्री एकादश टीम से नाम वापस ले लिया गया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके राज्य क्वींसलैंड के हालिया शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान वह चोटिल हो गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन बकिंघम प्रधान मंत्री एकादश की टीम में नेसर की जगह लेंगे, जो बुधवार से मनुका ओवल में मेहमान पाकिस्तान टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने एक आधिकारिक बयान में कहा ह्नहम जानते हैं कि माइकल एक गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ी है और हमने उसे टेस्ट टीम में प्रदर्शन करते देखा है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस गर्मी में उन्हें अधिक टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर मिले तो हम उसे प्रदर्शन के लिए तैयार होने का सबसे अच्छा मौका दे रहे हैं।

# दिव्यांग टी-20 के फाइनल में तमिलनाडु ने झारखंड को हरा खिताब कर जमाया कब्जा

### एसपी ने विजेता और उप विजेता टीम को किया सम्मानित

**ऐसे आयोजन से दिव्यांगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और उनका उत्साह बढ़ता है: एसपी पीयूष पांडे**

**एजेंसी। रामगढ़**



प्रदेश की प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित प्रथम दिव्यांग त्रिकोणीय टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हो गया। सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट का फाइनल तमिलनाडु और झारखंड के बीच सोमवार को खेला गया। जिसमें तमिलनाडु की टीम ने झारखंड को 56 रनों से पराजित कर खिताब कर कब्जा किया। मैच के दौरान दिव्यांगों के हौसले, खेल में महारत सधी गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग तथा समारोह के दौरान पेश किए गए गीत नृत्य ने सबको उनका कायल किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ एसपी पीयूष पांडे ने भी दिव्यांगों के हौसले को तारीफ की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एपसी पीयूष पांडे को मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ ने सम्मानित किया। मुख्य संरक्षक कहा कि दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पूर्व प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सचिव अतहर अली ने मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर दिव्यांग बच्चों ने भी अंगतुकों के सम्मान में गीत की प्रस्तुति की। बाद में टूनामेंट के फाइनल पहुंची झारखंड तमिलनाडु टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त गेंद को बल्ले से मारकर मैच का अतिथि ने शुभारंभ किया। मैच में झारखंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु ने निर्धारित 16 ओवर में 180 रन बनाए। जिसमे सनमेकर 64 रन, विग्नेश 31,रमेश ने 40 रन और झारखंड के गुपेश यादव और भरत ने 1-1 विकेट लिए।

### ईस्ट बंगाल को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ जीत की तलाश

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी सोमवार की रात कोलकाता स्थित अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगा। कई कोचों ने इस आईएसएल सीजन में घरेलू और अवे (घर से दूर) मुकाबलों में मिलने सफलता के बीच अंतर को पाटने पर जोर दिया है। हालांकि, हाईलैंडर्स इस समय खुद को एक अनिश्चित स्थिति के बीच में फंसा हुआ पा रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले 20 अवे मैचों (5 ड्रा, 15 हार) में एक भी जीत हासिल नहीं की है, जो आईएसएल इतिहास में किसी भी टीम का जीत से दूर रहना का सबसे लंबा सिलसिला है। इस सीजन में जब वे वापसी करने के लिए कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं, जुआन पेड्रो बेनाली और उनके हाईलैंडर्स, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के खिलाफ इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। वे बेंगलुरू एफसी को घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर रोकने के बाद इस मुकाबले में उतरने जा रहे हैं।

### पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2023

# भारत की नजर कोरिया के खिलाफ विजयी शुरूआत पर

**एजेंसी। कुआलालंपुर**



भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 में पूल सी के अपने पहले मैच में कुआलालंपुर के बुकिट जलील में नेशनल हॉकी स्टेडियम में कोरिया से भिड़ेंगे। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस खेल में काफी आत्मविश्वास के साथ उतर रही है क्योंकि कोरिया के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बेहतर है। दोनों टीमों के बीच खेले गए छह मैचों में से भारत ने तीन और कोरिया ने दो जीते हैं, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। आखिरी बार दोनों टीमें इस साल की शुरूआत में आयोजित पुरुष जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल के दौरान एक-दूसरे से भिड़ी थीं, जहां भारत ने कोरिया पर 9-1 से बड़ी जीत दर्ज की थी। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में टूर्नामेंट के पहले मैच को लेकर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, आखिरकार विश्व कप के लिए इंतजार खत्म हो गया है, और हम अच्छी शुरूआत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। हमने हाल ही में कोरिया के खिलाफ खेला है, इसलिए हम चुनौती जानते हैं, लेकिन हमारा ध्यान अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा। इस बीच, कोच सीआर कुमार ने कहा, खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है, और टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कोरिया एक गुणवत्ता टीम है, आप उन्हें हल्के में नहीं ले सकते। हमें हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना होगा, यह एक बड़ा मंच है, इसलिए टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत पाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और अपनी ताकत का समर्थन करना होगा। दो बार का जूनियर विश्व चैंपियन भारत अपने पूल सी मैचों में क्रमशः 7 दिसंबर को स्पेन और 9 दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगा। पूल चरण में शीर्ष दो में रहने से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी।

### गोल्ड कोस्ट नहीं करेगा कॉमनवेल्थ गेम का आयोजन

**नई दिल्ली।** गोल्ड कोस्ट ने राज्य और संघीय सरकारों से समर्थन की कमी के कारण 2026 राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की मेजबानी के लिए अपनी बोली वापस ले ली है। विक्टोरिया ने इस साल की शुरूआत में ज्यादा लागत का हवाला देते हुए खेलों की मेजबानी के लिए बोली वापस ले ली थी। इसके बाद गोल्ड कोस्ट ने 70 करोड़ डॉलर के खर्च में आयोजन का प्रस्ताव रखा था जो पहले की तुलना में काफी था। लेकिन स्काई न्यूज के अनुसार शहर के मेयर टॉम टेट ने कहा कि गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी नहीं कर सकता, क्योंकि वह राज्य और संघीय सरकारों से फंडिंग हासिल करने में विफल रहे हैं। टेट ने रविवार रात एक बयान में कहा, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और लोग यही उम्मीद कर सकते हैं। जुलाई में यह घोषणा करने के बाद कि तट 2026 खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है, मैं स्थानीय लोगों, खेल प्रशासकों, व्यवसायों और एथलीटों के समर्थन से खुश हूं। हम राज्य या संघीय सरकारों से समर्थन नहीं जुटा सके।

# विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता शुरू

### बालका और बालिका के अलग अलग वर्ग के विजेता को किया पुरस्कृत

**एजेंसी। रांची**



वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और रांची जिला मलखंड्ता संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पांडेय मेमोरियल मलखंड्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर दो धुर्वा स्थित झारखंड मलखंड्ता एकेडमी में शुरू हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कौशल कुमार पांडेय, झारखंड राज्य मलखंड्ता संघ के सचिव अजय झा, ड्डारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर संयोजक आशुतोष द्विवेदी, एनएसएस के स्वयंसेवक शुड्डाम चौधरी, जिला योग संघ के सचिव रजनी बक्शी ने संयुक्त रूप से स्व विश्वामित्र पांडेय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर इस्तियाक अंसारी, दिव्या रानी, संजय कुमार, सौम्या कुमारी, कौशिक कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे। आज हुए प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर 12 में प्रथम स्थान पर सतवीर कुमार दास और दूसरे स्थान पर रणवीर कुमार दास रहे। तृतीय स्थान पर आकाश कुमार हासिल किया। बालक वर्ग अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान पर शिवाय कुमार, द्वितीय स्थान पर अनमोल कुमार और तीसरे स्थान पर अंकित बेथा रहे। बालक वर्ग के अंडर 16 में प्रथम स्थान पर पिंटू कुमार, दुसरे रोहित कुमार और तीसरे स्थान पर संजू मिंज रहे। वहीं बालिका वर्ग के अंडर 12 में प्रथम पुरस्कार संस्कृति कुमारी, द्वितीय हंसिका कुमारी रही। बालिका वर्ग के अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान पर आरुषि कुमारी, द्वितीय चंदन कुमारी और तीसरे स्थान पर ऋतिका कुमारी रही। यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

## आयोजन

### डीएवी स्पोर्ट्स-2023 क्लस्टर लेवल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों में दिखायी अपनी प्रतिभा



**एजेंसी। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची में क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स-2023 का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग की बॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी एवं खो-खो आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। समापन क्लस्टर इंचार्ज सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एमके सिन्हा की उपस्थिति में हुआ। श्री सिन्हा ने विजयी प्रतिड्डागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुड्डाकामनाएं दीं। कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी सह डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एस के मिश्रा ने खिलाड़ियों एवं सड्डी टीम मैनेजर को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है एवं इससे समूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में बंधा रहता है। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-बी से सबंधित 10 डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने ड्डाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजय मंडल, एसएम अजीम, प्रोलाय करमाकर, अमर तिवारी एवं अन्य सड्डी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अहम ड्डूमिका रही। समापन समारोह पर श्रीमती रोशी वाधवानी मुख्याध्यापिका डीएवी आनन्द स्वामी पब्लिक स्कूल हेहल और प्रड्डात कुमार मुख्याध्यापक ड्डी मौजूदगी रहे।

**कबड्डी बालक वर्ग**

अंडर-14 डीएवी आनन्द स्वामी पब्लिक स्कूल रांची विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता

अंडर-17 डीएवी लोहरदगा विजेता एवं डीएवी कपिलदेव व रांची उपविजेता

अंडर-19 डीएवी कपिलदेव रांची विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता

**कबड्डी बालिका वर्ग**

अंडर-14 डीएवी आनन्द स्वामी विजेता एवं डीएवी हेहल रांची उपविजेता

अंडर-17 डीएवी लोहरदगा विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता

अंडर-19 डीएवी हेहल विजेता बना

**खो-खो बालक वर्ग**

अंडर-14 डीएवी लोहरदगा विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता

अंडर-17 डीएवी गुमला विजेता डीएवी हेहल उपविजेता

अंडर-19 डीएवी लोहरदगा विजेता डीएवी कपिलदेव उपविजेता

**खो-खो बालिका वर्ग**

अंडर-14 डीएवी लोहरदगा विजेता ने डीएवी हेहल उपविजेता

अंडर-17 डीएवी कपिलदेव विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता

अंडर-19 डीएवी गुमला विजेता डीएवी लोहरदगा उपविजेता

**बास्केटबॉल बालक वर्ग**

अंडर-19 डीएवी कपिलदेव विजेता एवं डीएवी हेहल उप विजेता घोषित।

**बास्केटबॉल बालिका वर्ग**

अंडर-19 डीएवी कपिलदेव विजेता एवं डीएवी हेहल उप विजेता

**वॉलीबॉल बालक वर्ग**

अंडर-17 डीएवी हेहल विजेता एवं टीसी आई गोविंपुर उपविजेता

अंडर-19 डीएवी खूंटी विजेता एवं डीएवी हेहल रांची उप विजेता

**वॉलीबॉल बालिका वर्ग**

अंडर-19 डीएवी हेहल रांची विजेता घोषित

**हैंडबॉल बालक वर्ग**

अंडर-19 डीएवी हेहल रांची विजेता एवं डीएवी गुमला उपविजेता

# डीएवी को पराजित कर आईलेक्स ने फाइनल में बनाई अपनी जगह

**एजेंसी। बरही**




**निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य हो तो सफलता कदम चूमती है : निदेशक**

आईलेक्स अपने विजय रथ को बढ़ाते हुए फाइनल के लिए अपना जगह सुरक्षित कर लिया है. सोमवार को लक्ष्मी देवी जायसवाल अंतरजिला क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच डीएवी कनहरी और आईलेक्स पंचमाधव के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएवी की टीम मात्र 16 ओवर में 50 रन बनाकर ढेर हो गई. जिसमे कप्तान आलोक कुमार ने सर्वाधिक 17 रनों का योगदान दिया. जवाबी पारी खेलते हुए आईलेक्स की टीम ने 5 विकेट खोकर मात्र 18 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर पिछले 10 वर्षो के चैंपियन डीएवी के विजय रथ को रोक कर फाइनल में अपना जगह बना लिया. शानदार पारी खेलते हुए आईलेक्स के शिव यादव ने इस मैच में कुल 20 रन और 4 विकेट भी लिए. विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कोच भूषण कुमार और टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत ने नए आयाम को सेट कर दिया है. पूरा विश्वास है कि फाइनल में भी जीत हमारी हीं होगी. फाइनल के मैच देखने वह स्वयं जायेगे. उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य हो तो सफलता कदम चूमती है. यह जीत इसी का परिणाम है. इस जीत के लिए निदेशक सहित विद्यालय के सभी शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक कर्मियों ने टीम को बधाई देते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दी है.